आज का मौसम
19.0°
अधिकतम तापमान
09.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.03
सूर्यास्त 05.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:59 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 28 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 34, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ जर्मनी में दिए बयान को लेकर भाजपा ने कहा कि विदेशी धरती से राहुल का बयान देश विरोधी

- 12



■ सुधारों के कारण मजबूती से बढ़ी अर्थव्यवस्था, दो तिमाहियों में वृद्धि औसतन 8 प्रतिशत

- 12



■ बांग्लादेश में फिर से बवाल सिंगर जेम्स के कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

- 13



■ एशेज : इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया की धरती पर 15 वर्ष बाद चखा जीत का स्वाद

- 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकास और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता राष्ट्र व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### पाकिस्तानी आतंकियों को खदेड़ने के लिए अभियान किया तेज

**नई दिल्ली।** सेना ने हड्डियों को जमा देने वाली सर्दी की 40 दिन की 'चिल्लई कलां' अवधि में बेहद प्रतिकूल परिस्थितियों को चुनौती देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद-रोधी अभियानों को तेज कर दिया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार सेना ने जम्मू क्षेत्र में करीब 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकवादियों के सक्रिय होने के मद्देनजर ऊंचाई वाले और बर्फ से ढके क्षेत्रों में तैनाती तथा निगरानी को और बढा दिया है। सर्दियों में आमतौर पर भारी बर्फबारी और संचार मार्गों के बाधित होने के कारण आतंकवादी गतिविधियों में कमी देखी जाती है। हालांकि इस बार सेना ने सर्दियों के इन भीषण ठंड वाले दिनों के लिए विशेष रणनीति बनाई है।

### प्रधानमंत्री ने पुस्तकालयों और पुस्तकों के प्रचार व प्रसार पर दिया बल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुस्तकों और पुस्तकालयों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने छात्रों को एनसीसी जैसी प्रशिक्षण गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया, जिससे उनमें अनुशासन, नागरिक चेतना और राष्ट्रभावना विकसित हो। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक आलोक मेहता ने अपनी नयी पुस्तक रिवोल्यूशनरी राज: नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष की एक प्रति प्रधानमंत्री को सौंपी, जिस दौरान उन्होंने उक्त टिप्पणी की।

### पार्किंग और पालतू कुत्ते के विवाद में हुई गोलीबारी, युवक घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में वाहन पार्किंग और पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद के कारण हुई गोलीबारी की घटना में 19-वर्षीय एक युवक घायल हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गोलीबारी दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही रंजिश का नतीजा थी। यह रंजिश वाहनों की पार्किंग और पड़ोस में पालतू कुत्ते को संभालने से जुड़े विवादों को लेकर थी। इस मामले में पहले भी कई बार बहस हुई थीं जो इस बार और बढ़ गईं, जिसके चलते गोलीबारी की घटना हुई। इन विवादों के संबंध में पुलिस द्वारा पहले भी निवारक कार्रवाई की गई थी, लेकिन तनाव जारी रहा।

# ठंड से ठिठुरा उत्तर भारत

## यूपी के 27 जिलों में छाया घना कोहरा, कई जगहों पर दृश्यता शून्य, जनजीवन बेहाल

- 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स कैंसिल

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली/लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरा दिया है। घना कोहरा और शीतलहर ने दिनचर्या को प्रभावित किया है। वहीं, पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड पड़ रही है। कड़ाके की ठंड का असर उत्तर प्रदेश में भी पड़ा है। शनिवार को यहां जनजीवन बेहाल दिखा। हाड़ कंपाने वाली ठंड के लिए पश्चिमी विक्षोभ व उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की सक्रियता बताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 30 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी इलाकों के मौसम में बदलाव करेगा। इससे आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। इस क्रम में उत्तराखंड में 30 व 31 दिसंबर को 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है।

इधर, उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर घने से बहुत घना कोहरा छाने का अंदेशा जताया गया है। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई थी। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर पांच फ्लाइट्स कैंसिल हैं।



ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग।


### कश्मीर घाटी में हिमपात न्यूनतम तापमान गिरा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में घने से बहुत घने कोहरे का दौर जारी रहने की संभावना है। यूपी, पंजाब और हरियाणा में 1 जनवरी 2026 तक रात और सुबह के समय बहुत घना कोहरा छाया रह सकता है। दिल्ली-एनसीआर में ठंड लगातार बढ़ती नजर आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार 28 दिसंबर तक राजधानी में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रह सकता है। वहीं, जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में शनिवार को फिर से हिमपात हुआ।

### प्रदेश में शीतलहर को लेकर योगी सरकार अलर्ट, अलाव के लिए 1.75 करोड़ जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जिलों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जिलों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस क्रम में शीतलहर से बचाव के लिए कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्षों में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है। चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जिलों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जिलों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं।

# एसआईआर : अब नोटिस, दावे आपत्तियों का चलेगा सिलसिला



- यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम कटने पर राजनीति गर्म होने की संभावना
- 31 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का किया जाएगा प्रकाशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान का एक चरण पूरा हो गया। इसके लिए अंतिम दिन शुक्रवार को रात्रि 12 बजे तक मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाकर उसका डिजिटलाइजेशन कार्य चलता रहा। 31 दिसंबर को प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 31 दिसंबर से 30 जनवरी तक दावे, आपत्तियां ली जाएंगी।

चुनाव आयोग की ओर से 31 दिसंबर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे जिनके रेकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। फिलहाल आए आंकड़ों के अनुसार, राज्य में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कट सकते हैं। जिन मतदाताओं के नाम कट सकते हैं, वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल है। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही प्रदेश के कटने वाले वोटरों की संख्या का वास्तविक आंकड़ा सामने आ सकता है। हालांकि, इसके बाद मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए लोग दावा-आपत्ति फाइल करते रहेंगे। जिन जिलों में सबसे ज्यादा नाम कट रहे हैं, उनमें लखनऊ, गजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली के सबसे अधिक मतदाता हैं।

### 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे

दरअसल, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रेकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। इसी कड़ी में वर्ष 2003 की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या पूर्वजों के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग 7 प्रतिशत है। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस जारी करेंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमान्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस मामले में आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा। इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक गणना प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

# पुलिस के लिए जन सुरक्षा और संवेदनशीलता सर्वोपरि : योगी




राज्यस्तरीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

- वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर क्राइम महिला सुरक्षा बच्चों के खिलाफ अपराध पर किया मनन
- मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय पुलिस मंथन का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, इसमें पुलिस बल की भूमिका सबसे अहम है। बीते वर्षों में प्रदेश की छवि बदली है और आज यूपी कानून का राज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ा है। पुलिसकर्मियों को जनता की सुरक्षा, विश्वास और संवेदनशीलता को सर्वोपरि रखनी चाहिए। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिस का व्यवहार भी जनता के प्रति मित्रवत होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग में आयोजित दो दिवसीय 'पुलिस मंथन' के उद्घाटन समारोह में पुलिस अधिकारियों से मुखातिब थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन यूपी में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने से लेकर आधुनिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं पर पहले दिन चर्चा की गई है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश की कानून-व्यवस्था, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, बच्चों के खिलाफ अपराध, मानव तस्करी, पुलिस प्रशिक्षण और कल्याण जैसे अहम मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

### यक्ष एप से अपराधियों पर पुलिस कसेगी शिकंजा

प्रदेश में जघन्य और सनसनीखेज अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने यक्ष एप को प्रभावी रूप से लागू किया है। इसे शनिवार को मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय में शुरू किया। इस एप के जरिए किसी भी जनपद में ऐसे अपराध करने वाले अपराधियों का रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। साथ ही उनका लगातार सत्यापन होगा। यक्ष एप के तहत बीट व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। बीट के पुलिसकर्मी क्षेत्र के अपराधियों का सत्यापन उनके निवास पर जाकर करेंगे। जरूरत पड़ी तो परिजन, गांव व मोहल्ले के लोगों से बातचीत कर सही जानकारी एप में दर्ज करेंगे।

## नए साल में दिल्ली की सुरक्षा करेंगे 20 हजार जवान

- राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक चौबंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नए साल के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। नए साल की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और अर्धसैनिक बलों सहित 20,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

पुलिस होटल, गेस्ट हाउस, रैन बसेरों और बस व रेलवे स्टेशनों की भी जांच करेगी ताकि राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने, यातायात नियमों के उल्लंघन और हुड़दंग को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पड़ोसी राज्यों से आने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए हरियाणा और उप्र से सटी दिल्ली की सीमाओं पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### प्रकाश उत्सव



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शनिवार को सिख धर्म के 10वें गुरु, गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर यहां भारी भीड़ उमड़ी। ● एजेंसी

# अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र

हैदराबाद, एजेंसी



- फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान मची भगदड़ पर हैदराबाद पुलिस पहुंची कोर्ट

हैदराबाद पुलिस ने पिछले साल फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के संबंध में मशहूर तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 आरोपियों के खिलाफ यहां की एक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। दाखिल आरोप-पत्र में थिएटर प्रबंधन को मुख्य आरोपी के रूप में नामजद किया गया है, जबकि अर्जुन को आरोपी संख्या-11 के रूप में नामजद किया गया है।

अल्लू अर्जुन के प्रबंधक, उनके निजी सुरक्षा गार्ड और बाउंसर के अलावा इवेंट आयोजक/इलेक्ट्रीशियन को भी आरोपी बनाया गया है। हैदराबाद पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार ने शनिवार को कहा कि संध्या थिएटर भगदड़ मामले की जांच पूरी हो चुकी है। पुलिस आयुक्त ने कहा, विस्तृत और व्यापक जांच के बाद, 24 दिसंबर को अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। इस मामले में कुल 23 आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया गया है। इनमें से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि नौ आरोपियों को अग्रिम जमानत मिलने के बाद नोटिस जारी किए गए हैं। चार दिसंबर 2024 को यहां संध्या थिएटर में पुष्पा 2 फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में 35 वर्षीय एक महिला की मौत और उसके आठ वर्षीय बेटे के घायल होने के बाद अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था। फिल्म के प्रीमियर के दौरान अभिनेता की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटने के कारण भगदड़ मच गई थी। इस घटना के बाद, मृत महिला के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हैदराबाद पुलिस ने चिक्कड़पल्ली पुलिस थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अल्लू अर्जुन, उनकी सुरक्षा टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुआ युद्ध विराम

बैंकॉक, एजेंसी

- दोनों देशों ने नए समझौते पर किए हस्ताक्षर, 18 कंबोडियाई सैनिकों को 72 घंटे में छोड़ेगा थाईलैंड

थाईलैंड और कंबोडिया ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने सीमा पर जारी झड़पों को समाप्त करने के लिए संघर्षविराम को लागू करने के नए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया।

संघर्षविराम समझौते में झड़प समाप्त करने के अलावा यह भी कहा गया है कि दोनों पक्ष भविष्य में कोई सैन्य गतिविधि नहीं करेंगे और किसी भी पक्ष की हवाई सीमा का सैन्य उद्देश्य के लिए उल्लंघन नहीं करेंगे। समझौते का एक और महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि थाईलैंड जुलाई में हुई झड़प के उपरांत बंदी बनाए गए 18 कंबोडियाई सैनिकों को 72 घंटे तक संघर्षविराम पूरी तरह प्रभावी रहने के बाद वापस कंबोडिया भेजेगा। उनकी रिहाई कंबोडियाई पक्ष की एक बड़ी मांग रही है। इससे कुछ समय पहले, कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि थाईलैंड ने शनिवार को देश के उत्तर-पश्चिमी इलाके में एक स्थान पर हवाई हमला किया। मंत्रालय ने कहा हवाई हमले थाईलैंड की ओर से किए गए।

बदलाव | महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन, सुरक्षा से स्वावलंबन के क्षेत्र में प्रदेश का लहराया परचम

# बदला सामाजिक चेहरा, महिला सशक्तिकरण में यूपी मॉडल देश में नंबर-1

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में महिलाओं के सपनों को उड़ान, कल्याणकारी योजनाओं से क्रांतिकारी बदलाव



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में साल 2025 महिलाओं, किशोरियों और बालिकाओं के जीवन में भी अहम बदलाव देकर जा रहा है। आंकड़े बताते हैं कि यह बदलाव सिर्फ सहायता का नहीं, बल्कि सुरक्षा, स्वावलंबन, सम्मान और अवसर बना है। दरअसल, राज्य में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं ने देश में सफलता का दमदार यूपी मॉडल प्रस्तुत किया है।

महिलाओं की सुरक्षा और विकास अब केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि एक ठोस सामाजिक परिवर्तन का दस्तावेज बन चुका है। इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष कुल 13612 गतिविधियों के माध्यम से 25.5 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंग-चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर बालिकाओं को सुरक्षित करना और बाल लिंग अनुपात में सुधार लाना है। विभिन्न योजनाओं की चर्चा की जाए तो, कन्या सुमंगला योजना में इस वर्ष 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि से 3.28 लाख कन्याओं को लाभान्वित किया गया। जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में मिलने वाली सहायता ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच को बदला और बालिका शिक्षा को नई मजबूती दी। इसी कड़ी में निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 38.58 लाख महिलाओं को नियमित मासिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष योजना पर लगभग 1200 करोड़ रुपये रुपये खर्च हुए हैं।

### मिल रहा है त्वरित न्याय

हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सा, कानूनी परामर्श और पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में 75 से अधिक वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं। इस साल 24671 महिलाएं इन केंद्रों से सहायता प्राप्त कर चुकी हैं। यह व्यवस्था महिला सुरक्षा के मामले में योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का सफलतम उदाहरण है। 181 महिला हेल्पलाइन अब प्रदेश की महिलाओं के लिए भरोसेमंद सुरक्षा कवच बन चुकी है।

### महिलाओं को सुरक्षित आश्रय

निराश्रित, परित्यक्त और कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित आवास में भी योगी आदित्यनाथ सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। माता अहिल्याबाई होल्कर श्रमजीवी महिला हॉस्टल योजना के तहत 7 जनपदों नें 500-500 क्षमता के हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। श्रमजीवी महिला छात्रावास के अंतर्गत लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में 8 कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण हो रहा है।

### मिशन शक्ति से मिला सुरक्षा कवच

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान के उद्देश्य से चलाई जा रही मिशन शक्ति अपने पांचवे चरण में है। मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत लगभग 9 करोड लोगों तक पहुंचकर उन्हें प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा कानूनों के बारे में संवेदनशील करने का प्रयास किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग- अलग हादसों में तीन लोग घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** अलग–अलग हादसों में बालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मधुवन कॉलोनी निवासी मुनीश कुमार मिश्रा बाइक से कटरा की ओर जा रहा था। सरऊ पुलिया के समीप एक चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे परविंदर यादव ने एंबुलेंस से उस सीएचसी भिजवाया। दूसरी घटना में नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी पूर्ण लाल राठौर स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान लाल पंप के समीप स्कूटी असंतुलित होकर गिर गई, जिससे वह घायल हो गए। वहीं गांव पुरायूं निवासी राजीव कुमार का चार वर्षीय बेटा दिव्यांश छत से गिरकर घायल हो गया।

### विवेचनाओं का समय से करें निस्तारण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए और विवेचनाओं को विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए और आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए। गंभीर अपराधों पर सतर्कता बरती जाए। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सभी कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें। मीटिंग में पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोगेपुर का निरीक्षण

**जैतीपुर, अमृत विचार :** लखनऊ से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोगेपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। टीम में शामिल डॉ. अनूप तिवारी और डॉ. अमित श्रीवास्तव ने सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहम्मद सजर के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएचओ सुनील कुमार और एएनएम पूजा चौरसिया से बातचीत की गई। टीम को मौके पर व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। इस दौरान आरोग्य मंदिर में व्हीलचेयर सहित अन्य सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय बीपीएम राशिद खान और विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### रंगकर्मी रफी खान की माता का निधन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रंगकर्मी रफी खान की माता शकीला बेगम के निधन पर लोगों ने दु:ख व्यक्त किया है। शोक जताने वालों में रंगकर्मी कप्तान कर्णधार, नेहपाल गौतम, अंकुर चौहान, अरविंद कुमार शर्मा, रौनक अली, सुहैल मोहम्मद, मनीष मुनि, राजेश कुमार, संजय राठौर, परविंदर सिंह, निर्देशक संजीव त्रिगुणायत, अंकित सक्सेना, अमित मिश्रा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### रिजर्व बैंक अधिकारियों के नाम भेजा पत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता ने प्रदेश में 5, 10 व 20 रुपये के कागज के छोटे नोटों की कमी पर चिंता जताते हुए पत्र भेजा है। केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों के नाम संबोधित पत्र में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में 5, 10, 20 रुपये के कागज के नोट दुकानों पर काफी कम मात्रा में मिल रहे हैं। जिससे आम जनता व व्यापारियों को खुले पैसे देने में काफी दिक्कत आ रही है। यह समस्या आम जनता की है। पत्र में मांग उठाई गई कि 5, 10, 20 रुपये के कागज के नोट को चलन में लाया जाए। जिससे खुले पैसे देने में आसानी हो। पत्र भेजने वालों में प्रमोद कुमार यादव, कौशल कुमार गुप्ता, विजय कुमार, मनोज कुमार, पुष्पराज सिंह, ओम शर्मा आदि थे।

# श्रद्धा-भक्ति से मनाई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में हुए आयोजन, एसपी राजेश द्विवेदी को सरोपा भेंट कर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गुरुद्वारा में शबद कीर्तन करते रागी भाई। ● अमृत विचार



एसपी राजेश द्विवेदी को सरोपा भेंट कर सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह की जयंती श्रद्धा-भक्ति से मनाई गई। कचहरी रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में मुख्य आयोजन हुआ। विशेष गुरमत समागम एवं कीर्तन दरबार लगाया गया।

रागी जत्थे ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद सभी ने गुरु का लंगर छका। शनिवार को विशेष गुरमत दीवान सजाए गए। जिसमें श्री सुखमनी साहिब के पाठ संगती रूप में किए गए। सरदार अवतार सिंह के समूह परिवार की ओर से रखवाए गए श्री अखंड पाठ साहिब के भोग पड़े। इसके बाद हजूरी रागी भाई बेअंत सिंह,जसपाल सिंह, सदजाप सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की खूबियां बयान करते हुए शबद गायन किए।

गुरुद्वारा नानक सर ठाठ पंजाब से कुटिया आए बाबा मंजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की उपमा में गुरबाणी के शबद गाए। दीवान का संचालन करते हुए सरदार जगजीत सिंह ने बताया श्रीगुरु गोविंद सिंह का अवतार आज ही के दिन पटना साहिब में हुआ था। हिमाचल प्रदेश के पाउंटा साहिब से भाई अमनप्रीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी को हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग अपना गुरु मानते थे। शबद गायन कर संगत का दिल जीत लिया।

### गुरुद्वारा को रंग -बिरंगी झालरों एवं पुष्पों से सजाया

गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से रंग– बिरंगी झालरों एवं पुष्पों से सजाया गया था। पालकी साहिब को विशेष रूप से फूलों से सुसज्जित किया गया था। फूलों से सुसज्जित पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष सिख संगत ने नतमस्तक होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। लंगर की सेवा में सरदार मंजीत, सिंह, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह गांधी, मनमीत सिंह, राजेंद्र कौर, रानी ढींगरा, कीरत माटा, जैस्मिन कौर, अरविंदर कौर, मनमोहन कौर, मनदीप कौर, जितेंद सिंह छाबड़ा, हरमीत सिंह छाबड़ा, हरजीत कौर, रघुबीर कौर का सहयोग रहा। जोड़ों की सेवा अरविंदर सिंह, हरमीत सिंह ने की। कार्यक्रम में परमजीत सिंह बग्गा, गुरबचन सिंह माटा, हरजीत कौर मनजीत कौर, मनमीत सिंह सोढ़ी, मनी बग्गा, जगमोहन सिंह, गुरमीत सिंह, अरविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, बिट्टू बजाज, गुरजीत सिंह ( राजू बग्गा), सुरेंद्र सिंह, दलजीत सिंह, बब्बल होरा, कुलदीप सिंह, सदजाप सिंह, शरणजीत कौर आदि का योगदान रहा। वहीं, रामनगर के गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर में सुबह से सहज पाठ, चौपाई साहिब, जपजी पाठ, भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम हुए।

### एसपी राजेश द्विवेदी को सिरोपा भेंट किया

गुरुद्वारा में हुए कार्यक्रम में एसपी राजेश द्विवेदी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थाध्यक्ष बीबी कमलेश कौर माटा, महासचिव हरभजन सिंह दुआ, सीनियर मीत प्रधान जुझार सिंह मोंगा, जगजीत सिंह ने सेवादारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष कमलेश कौर माटा, सीनियर मीत प्रधान सरदार जुझार सिंह मोंगा, जगजीत सिंह,महासचिव सरदार हरभजन सिंह दुआ ने सभी सिख संगत का आभार व्यक्त किया।

# प्रगति का नेवी में सब लेफ्टिनेंट पद पर चयन

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** नगर के कहमारा रोड निवासी ब्रह्मानन्द गुप्ता एवं ममता गुप्ता की बेटी प्रगति गुप्ता ने भारतीय नेवी में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत सब लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर परिजनों का नाम रोशन किया है।

प्रगति ने प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड से द सेक्रेड हार्ट एकेडमी, पुवायां से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद राजश्री कॉलेज, बरेली से बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के उपरांत प्रगति ने भारतीय नेवी में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए आवेदन किया, जिसमें उन्होंने कठिन चयन प्रक्रिया और परीक्षा उत्तीर्ण कर यह सफलता हासिल की।

इस उपलब्धि पर द सेक्रेड हार्ट एकेडमी के डायरेक्टर संजीव मेहरोत्रा ने विद्यालय की इस होनहार छात्रा को पुरस्कार एवं उपहार भेंट कर, मिष्ठान्न खिलाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या रानी अवस्थी सहित समस्त स्टाफ ने भी प्रगति को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रगति को शुभकामनाएं देते स्कूल संजीव मेहरोत्रा व अन्य। ● अमृत विचार

# अल्लाहगंज में मंडी बनाने की मांग तेज



कृषि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को ज्ञापन देते रामवीर सिंह सोमवंशी व प्रभाशंकर गुप्ता।

संवाददाता, अल्हागंज / शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले के हजारों किसानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कराने के लिए सपा नेता सक्रिय हो गए है। सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी एवं जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता ने विधानसभा में उद्यान एवं कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अल्हागंज में नवीन कृषि मंडी का निर्माण किसानों के सम्मान और उनके हक की लड़ाई है। हर कीमत पर मंडी बनवाकर ही दम लेंगे। ज्ञापन के साथ क्षेत्र के लगभग दो हजार किसानों और ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर युक्त पत्र संलग्न किया। दोनों नेताओं ने कृषि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर जिलाधिकारी और संबंधित विभाग को तत्काल सर्वे और निर्माण के निर्देश जारी करें।

# धूमधाम से मनाया शहीदी बाल दिवस

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार कस्बे के तिकुनिया गुरुद्वारा में छोटे साहिबजादे के शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर सिख संगत ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेककर संगत निहाल हुई। जिसमें छोटे साहिबजादे अजीत सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह, साहिबजादे फतेह सिंह को संगत ने याद किया। शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा में सुबह से ही लंगर शुरू हुआ। जहां पर सिख संगत ने लंगर में केसर युक्त दूध व चना का लंगर छका। लंगर लगाने वाले सिख संगत में सरदार कुलदीप सिंह सिद्धू, निर्मल सिंह, कुलवंत सिंह, परविंदर सिंह, रेशम सिंह, कुलदीप सिंह, हीरा सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगवंत सिंह, सरवन सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा ।लंगर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सिख संगत ने पूरे दिन लंगर छका।

# स्टेशन पर पाथ वे बंद होने से दिव्यांग यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्लेटफार्म दो–तीन पर जाने वाला पाथ वे रास्ता बंद। ● अमृत विचार

- व्हील चेयर कैसे दूसरे प्लेटफार्म पर जाएगी
- रेलवे स्टेशन पर स्लेप वाला पुल बनना जरूरी

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो, तीन और चार व पांच पर जाने के लिए दिव्यांग यात्रियों की व्हील चेयर आने-जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। पहले निर्माण निरीक्षक कार्यालय के सामने पाथ वे बना हुआ था, उसको बंद कर दिया गया। अब दिव्यांग यात्रियों के सामने समस्या आ गयी है कि वहील चेयर दूसरे प्लेटफार्म पर कैसे जाएगी। जबकि निर्माणाधीन पुल स्लेप वाला न बनकर सीढ़ियों वाला बन रहा है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक से पांच तक प्लेटफार्म है। प्लेटफार्म एक पर निर्माण निरीक्षक कार्यालय के सामने दिव्यांगजन यात्रियों की व्हील चेयर आने-जाने के लिए पाथ वे बना था। इस पाथ वे से दिव्यांग यात्री व्हील चेयर से दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंच जाता था। रेल प्रशासन ने पाथ वे रास्ते को बंद कर दिया है। स्टेशन पर एक पुल बना है, जो सीढ़ियों वाला पुल है। प्लेटफार्म पर मालगोदाम रोड से छोटी लाइन रेलवे स्टेशन की तरफ जाने के लिए पुल बन रहा है। यह पुल स्लेप वाला न बनकर बल्कि सीढ़ियों वाला बन रहा है।

पाथ वे रास्ता बंद हो जाने से अब दिव्यांग यात्रियों के सामने समस्या खड़ी हो गयी, उनकी व्हील चेयर दूसरे प्लेटफार्म पर कैसे जाएगी। व्हील चेकर फुट ओवरब्रिज पर नहीं जा पाएगी। जबकि प्रत्येक स्टेशन पर एक स्लेप वाला पुल होता है। दिव्यांग यात्री की व्हील चेयर आसानी आती-जाती है। इसके अलावा सांस के मरीज को फुटओवर ब्रिज पर चढ़ने पर काफी दिक्कत होती है। स्लेप वाला पुल होने से सांस के मरीज यात्री आसानी से आएगा और जाएगा। रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन पुल को स्लेप वाला पुल बनाया जाए, जिससे दिव्यांग यात्री को राहत मिल सके।

### पार्सल पोर्टरों के लिए बनी समस्या

पार्सल पोर्टर प्लेटफार्म एक से दो व तीन पर नगों की ठिलिया पाथ वे रास्ते से लेकर जाते और आते थे। इसके अलावा बुक की गयी बाइक भी पाथ वे से ले जाते थे। पाथ वे रास्ता बंद हो जाने से पोर्टर को सामने समस्या हो गयी है कि सामान की ठिलिया और बाइक पर दूसरे प्लेटफार्म पर कैसे ले जाएगे। पोर्टर नग लेकर रेल लाइन नहीं पार कर सकते है। पोर्टरों ने मांग की है कि रेल प्रशासन को इस समस्या का निस्तारण किया जाना चाहिए।

# जर्जर बिजली खम्भों से हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मोहल्ला महमंद जलालनगर में लाल मस्जिद से आगे व एक मीनार मस्जिद के पास लगे बिजली के जर्जर खम्भे। ● अमृत विचार

- कई मोहल्लों में जर्जर खम्भों पर लटक रहे हैं तार

**अमृत विचार :** महानगर में जर्जर बिजली खम्भों से हादसे का खतरा पैदा हो गया है। कई मोहल्लों में जर्जर खम्भों पर तार झूल रहे हैं। पुराने होने की वजह से बिजली के खम्भे अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की, मगर अभी तक जर्जर खम्भों को न तो बदला गया और न ही उनकी मरम्मत ही की गई।

महानगर के मोहल्ला महमंद जलालनगर में लाल मस्जिद से आगे मंटो खां के मकान के पास बिजली का पुराना एवं जर्जर खम्भा लगा हुआ है। खम्भा नीचे से काफी गल गया है। जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। यहां रहने वाले हसीब, रिजवान, बबलू, फैजान, अफजल, जमीर आदि ने बताया कि जर्जर खम्भा वर्षों पुराना है। खम्भा जड़ से गल गया है। ये कभी भी गिर सकता है। इस खम्भे पर तारों का जाल है। उन्होंने बताया कि जर्जर खम्बे की शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई है, मगर किसी ने इस ओर ध्याान नहीं दिया। वहीं एमनजई जलालनगर में एक मीनार मस्जिद के सामने जर्जर बिजली का खम्भा भी नीचे से गल चुका है। यहां के लोगों को भी हर समय हादसे का डर बना रहता है। मोहल्ले के अनस, माजिद, शकील, मोनिस, वासिफ ने बताया कि ये खम्भा काफी समय से जर्जर हालत में है। शिकायती पत्र देने के बावजूद जर्जर खम्भे को बदला नहीं गया।

### जर्जर खम्भों को हटाकर नए खम्भे लगाए जाएंगे

विद्युत विभाग के एक्सईएन रिषीपाल ने बताया कि जर्जर खम्भों को बदलने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही सभी जर्जर खम्भों को हटाकर नए खम्भे लगाए जाएंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदिराखेल मोहल्ले में श्रीबालाजी मानस सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य कथा सुनाई गई। कथाव्यास आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

कथा पंडाल में 'नंद के घर आनंद भयो' भजन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पंडाल को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। बासुदेव, यशोदा और बालकृष्ण की झांकी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए।

प्रवचन में धर्म और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। आरती और पूजन आचार्य श्रवण शास्त्री ने कराया। मुख्य यजमान शुभम पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया।

# वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल बजरंगी शोभा यात्रा निकाली

संवाददाता, कलान



वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकालते बाल बजरंगी। ● अमृत विचार

- पुष्पवर्षा कर बाल बजरंगियों का स्वागत किया

**अमृत विचार :** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल बजरंगी शोभायात्रा शनिवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल जिला परशुरामपुरी के प्रखंड कलान की ओर से निकाली गई। प्रखंड अध्यक्ष जयगोपाल गुप्ता व परिवार के लोगों ने बाल बजरंगियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

इसके बाद बाल बजरंगी संचलन किया गया। नन्हे- मुन्ने बजरंगियों ने अनुशासित कदमताल के साथ पथ संचलन निकालकर साहिबजादों के शौर्य त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। बाल बजरंगी संचलन पंडित रामप्रसाद बाल विद्या मंदिर से प्रारम्भ होकर परौर तिराहा तक पहुंचा मार्ग में बच्चों ने पंक्तिबद्ध होकर अनुशासन और देशभक्ति का परिचय दिया व सेवादारों ने पुष्पवर्षा कर बाल बजरंगियों का स्वागत किया इसके बाद शाहजीपुर विभाग विशेष संपर्क प्रमुख आलोक शर्मा ने साहिबजादों के विषय में बाल बजरंगियों को जानकारी दी व कार्यक्रम का समापन बादल बजरंगी जिला संयोजक बजरंगदल ने किया। अन्त में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री शलभ मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना मजबूत होती है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सचिन मिश्रा व विद्यालय के सभी शिक्षक, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल और नगरवासी उपस्थित रहे।

आयोजन में जिलाध्यक्ष विहिप डॉ ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष विहिप अजय बजरंगी, जिला मंत्री शलभ मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष जयगोपाल गुप्ता, प्रखंड मंत्री गगन गुप्ता विभाग संयोजक बजरंग दल पंकज गुप्ता विभाग विशेष संपर्क प्रमुख आलोक शर्मा, जिला संयोजक बजरंगदल बादल बजरंगी, जिला गौरक्षा प्रमुख सर्वेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

# श्री खाटू श्याम जागरण में भक्ति से गूंजा पंडाल

संवाददाता, कुर्रिया कलां

- विधायक अरविंद सिंह ने बाबा श्याम के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**अमृत विचार :** गांव कुर्रिया कलां में श्री खाटू श्याम का भव्य जागरण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जागरण में ददरौल विधानसभा के विधायक अरविंद सिंह विशेष रूप से पहुंचे और बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, आकर्षक झांकियों और भक्तिमय गीतों ने पूरे पंडाल को भक्तिरस में डुबो दिया। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे और जयकारे लगाते नजर आए। सिंगर कपिल बावरा, कीर्ति किशोरी और सरोज पांडे ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। आयोजन कुर्रिया कलां बागेश्वर धाम सुंदरकांड परिवार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुधांशु मिश्रा, राजकमल बाजपेई, हरजीत सिंह चौहान, निर्मल मिश्रा, मनुज दीक्षित, अमित दीक्षित, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन पर आयोजकों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर की चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हिंदू समाज की हुई बैठक में निर्णय लिया कि 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पूरे महानगर में हिंदू सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। दीनदयाल नगर के हिंदू समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने नगर में हिंदू समाज को एकत्र करेंगे। आपसी भाईचारे को मजबूत करेंगे। बैठक में तय किया गया कि समाज में व्याप्त जातिवाद को समाप्त करने तथा सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। बैठक में रवि मिश्रा, आलोक, देवेश ठाकुर, सुशील दीक्षित, अनूप राणा, अमन कटियार, सुबोध मिश्रा, अभय शुक्ला, संजीव सिंह आदि उपस्थित रहे।

महोत्सव

## जगह जगह सजी नूरानी महफ़िलें, बांटा गया लंगर, कुल शरीफ में हुई मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआ

# अकीदत से मनाया गया ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ऐमनजई जलालनगर में एक मीनार मस्जिद में महफिल में शामिल अकीदतमंद।

**अमृत विचार :** जिलेभर में सुल्तान उल हिंद ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज का 814वां उर्स अकीदत व मोहब्बत से मनाया गया। इस दौरान महफिलों में अमन की खुशहाली की दुआ मांगी गई और लोगों में लंगर बांटा गया।

शनिवार को मोहल्ला एमनजई जलालनगर स्थित मलकों वाली एक मीनार मस्जिद में हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह का 814 वां जश्न ए चिश्तिया मनाया गया। महफिल का आगाज हाफिज अयान रजा ने तिलावत ए कुरआन से किया। मस्जिद के खतीब व इमाम हाफिज मोहम्मद इमरान रजा कादरी ने ख्वाजा गरीब नवाज की हयात और खिदमात पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज मुल्क हिंदुस्तान के रूहानी बादशाह हैं। ख्वाजा के दरबार से कभी कोई जरूरतमंद खाली नहीं लौटता है। आप गरीबों पर फज़्ल व करम फरमाते हैं। इसीलिए आप गरीब नवाज कहलाते हैं। इस दौरान नात ओ मनकबत पेश की गई। हाफिज मोहम्मद इमरान रजा कादरी ने मुल्क की खुशहाली व सलामती की दुआ की। हाजिरीन में लंगर बांटा गया।

इस मौके पर हाफ़िज़ रियासत उल्ला, हाजी अयूब हसन, अब्दुल अजीज, शहजाद खां, सरफराज खां, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद नवाज, डा इश्तियाक, डा जाहिद, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद फरदीन, सफदर खान आदि रहे।

### दिलाज़ाक में हुआ जश्ने गरीब नवाज

मोहल्ला दिलाज़ाक में आशिक ए ख्वाजा गरीब नवाज शाहिद खां बरकाती की ओर से जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज मनाया गया। महफिल का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हुआ। मौलाना अब्दुल वकील खां ने ख्वाजा गरीब नवाज की करामातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज के चाहने वाले हमेशा कामयाब होते हैं। उन्होंने कहा कि आज मुल्क में अम्न, शांति, प्रेम और भाईचारे की सबसे ज्यादा जरूरत है। कारी अली अहमद ने नात पेश की। फातिहा के बाद शाहिद खां बरकाती ने मुल्क की तरक्की की दुआ की। कव्वाल शादाब ने कव्वाली पेश की। लोगों में लंगर बांटा गया। इस मौके पर शराफत खान, राशिद खां, वाजिद खां, मोहम्मद अदनान, आजम खां, आमिर खां, काशिफ, जामिन, वहीद खान, वसीम निजामी, मौजूद खां, जावेद खां, यासीन खां, आहद आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश का झंडा रोड पर चिपका मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सदर बाजार थाना क्षेत्र में खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास शनिवार की सुबह सड़क पर बांग्लादेश का झंडा चिपका हुआ मिला है। लोगों ने देखा कि झंडा के ऊपर से वाहन निकल रहे है। आशंका व्यक्ति की जा रही है कि शुक्रवार की रात ठंड होने के कारण किसी ने बांग्लादेश का झंडा सड़क पर चिपका कर निकल गया होगा। बता दे कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाओं में बृद्धि के बाद खिरनीबाग चौराहे पर रोजाना बांग्लादेश के पुतले फूंके जा रहे है। यह घटना उसी की कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में नहीं है।

### शराब की दुकान में चोरी की कोशिश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कबरा हुसैनपुर निवासी विमलेश कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि कटरा–जलालाबाद रोड पर देशी की शराब की दुकान है और सेल्समैन है। शुक्रवार की रात दस बजे दुकान बंद करके घर चला गया। शनिवार की सुबह दुकान खोलने के लिए आया तो शटर के दोनों ताले टूटे पड़े थे। उसने बताया कि चोर चोरी नहीं कर पाए। कुछ दिन पहले उसकी दुकान से नगदी और शराब चोरी हो चुकी है।

### दो स्थानों से दो बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी अशोक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 24 दिसंबर की रात साढ़े आठ बजे घर के बाहर बाइक खड़ी थी। वह घर के बाहर आया तो बाइक गायब थी। उन्होंने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली। इधर मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव गुटेटी निवासी सोरन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को अपने बेटे रोशन की बाइक लेकर खेत पर गया था। उसने चकरोड पर बाइक खड़ी कर दी। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ग्राम उखरी निवासी अमृत सिंह गन्ने से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर उखरी गन्ना सेंटर से तिलहर चीनी मिल जा रहे थे। बीती रात आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सामने निर्माणाधीन पुलिया पर मिट्टी धंसने से ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। चालक ने समय रहते कूदकर जान बचा ली। गन्ना सड़क पर फैलने से भीषण जाम लग गया और राहगीरों को भारी परेशानी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गन्ना हटवाया और यातायात सुचारू कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि ठेकेदार को पुलिया निर्माण से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### लापता युवतियों की नहीं हुई बरामदगी

**खुदागंज, अमृत विचार** : नगर से दो हिंदू युवतियों के कथित अपहरण के एक सप्ताह बाद भी बरामदगी न होने पर परिजन पुलिस अधीक्षक से मिले और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित युवती के भाई सोनू ने आरोप लगाया कि गैर समुदाय के युवकों और उनके रिश्तेदारों ने युवतियों को गायब कराया है और अब परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। परिजनों ने पुलिस पर बरामदगी में लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ आरोपियों के घर दबिश दी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला और पुलिस को लौटना पड़ा।

# दिनभर गलन और ठंड से बेहाल रहे लोग

## घने कोहरे और ठंडी हवाओं से बढ़ी परेशानी, हाईवे पर हेडलाइट जलाकर चले वाहन चालक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में सोमवार को कड़ाके की सर्दी का असर पूरे दिन बना रहा। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा और ठंडी हवाओं के चलते गलन बढ़ गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। धूप कमजोर रहने के कारण दिन में भी ठंड का असर बना रहा और जनजीवन प्रभावित हो गया।

सुबह के समय दृश्यता काफी कम रही। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ीं। ठंड और गलन के चलते लोग घरों से निकलने से बचते नजर आए। बाजारों में भी सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा और देर से चहल-पहल शुरू हो सकी। कड़ाके की सर्दी का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा गया। सार्वजनिक स्थानों, चौराहों और ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते दिखाई दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर और किसान सुबह के समय काम पर निकलने में असहज महसूस करते रहे। शीतलहर जैसे हालात के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। चिकित्सकों की ओर से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, ठंडे वातावरण से बचने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। दिनभर चली ठंडी हवाओं और गलन ने साफ संकेत दिया कि जिले में सर्दी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। मौसम के इस मिजाज से आम जनजीवन प्रभावित रहा और लोगों को पूरे दिन ठंड से जूझना पड़ा।

25 दिसंबर को शाहजहांपुर जिला उत्तर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा था। घने कोहरे और शीतलहर के चलते जिले में न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया गया था। दिन भर धूप नहीं निकल सकी थी, जिससे गलन बनी रही और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा था। दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों और रेलवे यातायात पर भी असर पड़ा था। ठंडी पछुआ हवाओं ने हालात और कठिन बना दिए थे। दिन के समय भी लोगों को अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा था। ठंड का असर सबसे अधिक बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा गया था। ग्रामीण और शहरी इलाकों में सार्वजनिक स्थानों पर लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते नजर आए थे। बाजारों और गलियों में भी दिन भर सन्नाटा पसरा रहा था। शीतलहर की वजह से सामान्य जनजीवन धीमा पड़ गया था। सुबह और शाम के समय ठंड अधिक तीखी महसूस की गई थी। मौसम की इस स्थिति ने साफ संकेत दिया था कि शाहजहांपुर उस दिन प्रदेश में सबसे अधिक ठंड की चपेट में रहा था।


कोहरे से ढकी रेल की पटरियां। ● अमृत विचार


हाईवे पर दिन में लाइट जलाकर जाता ट्रक। ● अमृत विचार

### एक सप्ताह में लगातार गिरा न्यूनतम तापमान

पिछले एक सप्ताह के दौरान शाहजहांपुर जिले में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। 21 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच ठंड का असर बढ़ता चला गया और रातों का पारा धीरे–धीरे नीचे खिसकता रहा। सप्ताह के अंत तक जिले में शीतलहर की स्थिति बन गई थी, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा था। सप्ताह की शुरुआत में न्यूनतम तापमान जहां करीब 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया था, वहीं अगले दिनों में इसमें गिरावट आती गई थी। 24 और 25 दिसंबर को तापमान और नीचे पहुंच गया था। 25 दिसंबर को शाहजहांपुर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा था। इसके बाद 26 और 27 दिसंबर को भी न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा था। लगातार घने कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण सुबह और रात के समय गलन काफी बढ़ गई थी। धूप कमजोर रहने से दिन में भी ठंड का असर महसूस किया गया था। सड़कों पर दृश्यता कम होने से यातायात प्रभावित रहा था, वहीं आम लोगों को अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा था। ठंड के इस बढ़ते प्रकोप का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग देर सुबह तक घरों में दुबके रहे थे, जबकि शहरी इलाकों में भी सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा था।

# चेचक रोगियों को पहले से मिला आराम

संवाददाता, खुटार

- गांव हरिहरपुर में सीएचसी प्रभारी ने टीम के साथ बच्चों का जाना हाल
- घर-घर जाकर वितरित की गईं दवाइयां, बच्चों की हालत में है सुधार

**अमृत विचार:** खुटार के गांव हरिहरपुर में चेचक की बीमारी से ग्रसित बच्चों का हाल लेने शनिवार को खुटार सीएचसी प्रभारी गौरव सक्सेना टीम के साथ गांव पहुंचे। जहां चेचक रोगियों के घर बारी-बारी से गए। टीम के चेकअप करने के बाद रोगियों को पहले से कहीं ज्यादा आराम मिला है। उनके चेहरे और शरीर के अंगों में निकले दाने कम हो गए है।

प्रभारी डॉक्टर गौरव सक्सेना ने बताया कि बच्चों की हालत में सुधार है और लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, रोगियों की देखभाल की जा रही है। खुटार के गांव हरिहरपुर में दर्जनों बच्चों में चेचक की बीमारी हो गई थी। चेचक के प्रभाव से बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। 25 दिसंबर को इस मामले में स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई थी। लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। 26 दिसंबर को अमृत विचार अखबार ने खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचा तो खुटार सीएचसी से डॉक्टरों की छह सदस्य टीम जांच करने गांव हरिहरपुर पहुंची थी।

> टीम के साथ हरिहरपुर गांव पहुंचे थे और बच्चों का चेकअप कर दवाई दी गई। इसके अलावा गांव में सर्वे कराया गया। लेकिन अन्य कोई बच्चा चेचक की बीमारी से ग्रसित नहीं मिला है। टीम को लगातार भेजकर बच्चों को दवाई देने और उनकी देखभाल की जा रही है। –**डॉ. गौरव सक्सेना**, सीएचसी प्रभारी खुटार।

टीम ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों व महिलाओं, पुरुषों का चेकअप किया था। करीब 40 मरीजों में जांच के बाद 11 बच्चों में चेचक रोग की पुष्टि हुई थी। जबकि अन्य मरीजों को खांसी, जुकाम व बुखार की शिकायत निकली थी। टीम ने सभी बच्चों को दवाई देकर उन्हें घर में ही क्वारन्टीन कर दिया था। शनिवार को खुटार सीएचसी प्रभारी गौरव सक्सेना टीम के साथ गांव हरिहरपुर पहुंचे। जहां चेचक बीमारी से पीड़ित बच्चों के घर पहुंच कर उनका हाल जाना। बाद में बच्चों का फिर से चेकअप किया और दवाई वितरित की। इसके बाद गांव में सर्वे कराया गया। जिससे और बच्चों का इलाज हो सके।

# पंचायत घर का हैंडपंप खराब विकास कार्य पर सवाल

संवाददाता, जैतीपुर

- लाखों खर्च के बावजूद पिडरिया गांव में सुविधाएं ठप

**अमृत विचार:** सरकार भले ही ग्राम पंचायतों के विकास पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हो, लेकिन जैतीपुर विकासखंड क्षेत्र में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्राम पंचायत मलरिया मिर्जापुर के गांव पिडरिया में स्थित पंचायत घर का हैंडपंप वर्षों से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत घर गढ़िया रंगीन–गोगेपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है, जहां से अधिकारी और कर्मचारी अक्सर गुजरते हैं, इसके बावजूद हैंडपंप की बदहाल स्थिति पर किसी का ध्यान नहीं गया। हैंडपंप का चबूतरा पूरी तरह से टूट चुका है और हैंडल भी गायब है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हैंडपंप कई वर्षों से इसी हालत में है, लेकिन आज तक इसे ठीक नहीं कराया गया। गांव के जडैल सिंह, परशुराम, रामवीर, नरेश, जयेंद्रपाल, ललतू, कैलाश सिंह और ओमवीर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं। पंचायत घर भी कभी-कभार ही खुलता है और बैठकों का आयोजन सिर्फ रिकॉर्ड में दिखाया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में जमकर मनमानी की गई है।

इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामौतार शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और पंचायत घर के हैंडपंप को शीघ्र ठीक कराया जाएगा।

# रंजिशन जान से मारने की धमकी तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**जैतीपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

गांव उमरसड़ निवासी सचिन ने रामकुमार, सीतेश और जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सचिन के अनुसार 24 दिसंबर की दोपहर करीब तीन बजे वह खेत में खाद डाल रहा था, तभी तीनों आरोपी वहां पहुंचे और लाठी-डंडों के साथ पीछा करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जान से मारने की धमकी दी गई, जिस पर वह भागकर उमरसड़ गौटिया पहुंचा। ग्रामीणों को देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया गया कि विवाद की शुरुआत 15 अगस्त की घटना से हुई थी। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नहर में अधिक पानी छोड़ा, खेतों में फसलें डूबीं

संवाददाता, खुटार

- क्षमता से अधिक पानी छोड़ने से किसानों को हुआ नुकसान

**अमृत विचार:** खीरी ब्रांच नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिया गया है। जिससे खुटार के गांव हरनाई निवासी 12 से अधिक किसानों की सरसों, लाही, मसूर व गेहूं की फसलों में पानी भर गया। किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से क्षति पहुंची है। यह विभाग ने भी स्वीकार किया है। खीरी ब्रांच नहर जनपद पीलीभीत के सीमावर्ती गांव हरीपुर किशनपुर, सेहरामऊ उत्तरी से होकर खुटार के हरनाई गांव तक का विस्तार है। कुछ दिन पूर्व सिंचाई विभाग की ओर से नहर में पानी छोड़ा गया था। जो अनियंत्रित प्रवाह के चलते खेतों में पानी भर गया। इससे फसलें जलमग्न हो गईं।

गांव हरनाई निवासी किसान रामकुमार की दो बीघा लाही, अनिल कुमार की दो बीघा लाही, रामनिवास की तीन बीघा लाही, राजेंद्र, रामसागर, सुरेंद्र यादव की डेढ़ बीघा लाही, सोवरन लाल यादव की तीन बीघा सरसों, जगदीश शर्मा की छह बीघा गेंहू, जैनेंद्र सिंह की नौ बीघा लाही, गेंहू, हेमंत कश्यप, रजनीश कुमार, नन्दराम की छह बीघा सरसों, विमलेश गुप्ता की एक बीघा गेंहू, अंजू शर्मा की डेढ़ बीघा लाही, बिल्लू की डेढ़ बीघा गेंहू, जसकरन सिंह की तीन बीघा लाही सहित अन्य किसानों की फसलें पूरी तरह पानी में डूब गई। किसानों का कहना है कि यह समस्या हर साल की है। नहर में ज्यादा पानी छोड़ने से खेतों में आ जाता है। जिससे फसलें खराब हो जाती है। कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई। बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नहर का पानी का वहाब नियंत्रित किया जाए और नुकसान का मुआवजा दिया जाए। जिससे निजात मिल सके। नहर विभाग के जेई अनुज कुमार ने बताया कि पानी का बहाव किसानों की फसलों तक पहुंचा है। जिससे गेहूं, सरसों व मसूर की फसलें प्रभावित हुई है। जिसको लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। नहर के पानी को रोक दिया गया है। फाटक पर एक चौकीदार की तैनाती कर दी गई है। जब तक फसलों के नुकसान का आकलन नहीं होगा। तब तक नहर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा।


किसानों के खेतों में भरा नहर का पानी। ● अमृत विचार

# किसानों का छठें दिन जारी रहा धरना

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** भारतीय कृषक दल का विभिन्न समस्याओं को लेकर चल रहा धरना शनिवार को छठें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने पहुंचकर किसान नेताओं से वार्ता की और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया फिर भी किसान नेताओं ने धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया।

भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में किसान छुट्टा पशुओं की समस्या, बिरिया बाबा मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात, धान खरीद केंद्रों पर हो रहे कथित फर्जीवाड़े को रोकने सहित कुल 15 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उपजिलाधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रमोद कुमार यादव से बातचीत की और मांगों का जल्द निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया।

वार्ता के दौरान किसान नेता प्रमोद कुमार यादव ने स्पष्ट कहा कि जब तक सभी मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं और केवल आश्वासन से समाधान संभव नहीं है। धरने के दौरान भानु प्रताप, अमरजीत यादव, श्यामवीर सिंह, अरविंद राठौर, मुन्नालाल, लीलाधर, देवेंद्र, जगतपाल, सुरेश कुमार, जगदीश पटेल सहित कई किसान मौजूद रहे।


किसानों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- समस्याओं के समाधान के आश्वासन के बाद भी किसानों ने नहीं खत्म किया आंदोलन

# लूट करने वालों का शांतिभंग में किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई रोड के लालबाग चौराहे पर ऑटो का इंतजार कर रहे युवक से मारपीट कर मोबाइल लूटने के मामले में गिरफ्तार किए दो आरोपियों का शांति भंग में चालान किया गया है।

चौक कोतवाली थाना क्षेत्र के हुसैनपुरा मोहल्ला निवासी कमल वर्मा सेहरामऊ दक्षिणी के जलालपुर गांव के पास स्थित एक कंपनी में काम करते है। गुरुवार को छुट्टी होने के बाद वह दोस्त विशाल निवासी कनेंग गांव के यहां चला गया। फिर खाना खाने के बाद वह अपने घर हुसैनपुरा वापस जा रहा था। वह दोस्त विशाल का फोन जेब में डालकर चला आया। दोस्त का फोन वापस देने ऑटो के इंतजार में लालबाग चौराहे पर खड़ा था। तभी पीछे से तीन लोग आ गए।

# टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** लखनऊ से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कलान का निरीक्षण किया। टीम में शामिल डॉ. डीके मिश्रा व गौरव यादव ने अस्पताल की भवन व्यवस्था, मरीजों की जांच में उपयोग हो रही मशीनों और उपचार की स्थिति का जायजा लिया। मरीजों व तीमारदारों से इलाज को लेकर फीडबैक भी लिया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम शाम करीब 4 बजे सीएचसी पहुंची। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, लैब, पर्ची काउंटर, इमरजेंसी, प्रसव केंद्र, कोल्ड चेन सहित स्टोर रूम में दवाओं के रखरखाव की भी गहन जांच की गई। इसके अलावा अस्पताल की जर्जर हो रही बिल्डिंग एवं वार्डों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की। मरीजों ने चिकित्सकों की भारी कमी की बात कहते हुए बताया कि डॉक्टर उपलब्ध न होने पर उन्हें रेफर कर दिया जाता है। साथ ही अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा की मांग भी रखी गई। डॉ. डीके मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम अस्पतालों में जाकर इंफ्रास्ट्रक्चर, मैनपावर एवं मशीनों के माध्यम से मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करती है। निरीक्षण के बाद आवश्यकता अनुसार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी डॉ. अरेंद्र सिंह यादव, डॉ. दिनेश प्रताप सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


सीएचसी कलान का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- टीम को डॉक्टरों की कमी बताकर पूरी करने की मांग की गई

# प्लेटफार्म पर बाइक-साइकिल नहीं खड़ी होंगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मंडल सहायक वाणिज्य प्रबंधक हरि सिंह मीना ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे कर्मचारी और आरपीएफ की बाइकें प्लेटफार्म खड़ी मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि बाइक व साइकिलें प्लेटफार्म नहीं खड़ी होंगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे स्टैशन पर जगह-जगह खुले रास्ते को बंद कराया जाए और सिर्फ मुख्य द्वार रहेगा।

सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरि सिंह मीना शनिवार को दिन में 11 बजे मुरादाबाद से शाहजहांपुर वंदे भारत रेलवे स्टेशन पर आए। उन्होंने प्लेटफार्म एक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म एक पर जगह-जगह बाइकें खड़ी मिलने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से पूछा कि प्लेटफार्म पर बाइकें किसकी खड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि रेल कर्मचारियों की है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्लेटफार्म किसी की बाइक या साइकिल नहीं खड़ी होगी, चाहे रेल कर्मचारी हो या आरपीएफ या जीआरपी का स्टाफ हो। कंपनी कमांडर को निर्देश दिए कि प्लेटफार्म पर कोई बाइक व साइकिल खड़ी मिले तो उसको सीज कर दिया जाए। कोई भी बाइक प्लेटफार्म नहीं आएगी। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म पर जगह-जगह खुले रास्ते को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक मुख्य द्वार रहेगा। वाणिज्य प्रबंधक ने प्लेटफार्म दो और तीन का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक को बताया कि पाथ वे बंद हो जाने दिव्यांग यात्री ओर पार्सल पोटर को दिक्कत होगी।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरि सिंह मीना।

- -एसीएम ने स्टेशन का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी

# अधिक मुनाफे का लालच देकर आठ लाख ठगे


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरटीओ की एपीके फाइल खोलते ही खाते से कटे रुपये

**अमृत विचार:** जालसाज रोज नए- नए तरीके अपनाकर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे है, कभी निवेश में मुनाफा तो कभी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने का झांसा देकर खाते खाली कर रहे है। ताजा मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ से सामने आया। यहां के रहने वाले मोहम्मद शादमान ने बताया उसके मोबाइल पर व्हाटसएप काल आई, फोन करने वाले ने निवेश करके ट्रेडिंग के कई नामों पर मोटा लाभ पहुंचाने की बात कही थी। उसने एक लिंक उसके व्हाटसएप पर भेजा। उसके बाद आईडी और पासवर्ड भी भेजा और पैसा इंवेस्ट करने के लिए क्यूआर कोड व अन्य कई अकाउंट पर पैसे मांगे गए। उसने विश्वास में आकर अलग-अलग खातों में छह लाख रुपये डलवा लिए। उसे पता चला कि उसके साथ साइबर फ्राड हुआ है। पीड़ित ने फोन करने वाले व्यक्ति से रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने मोबाइल स्वीच आफ कर लिया है। इधर पुवायां के तरती बाजार निवासी विनीत कुमार ने साइबर क्राइम थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात मोबाइल से आरटीओ चालान के नाम एपीके फाइल के नाम से एक लिंग व्हाटसएप पर आया। पीड़ित का मोबाइल हैक हो गया। पीड़ित के खाते से दो लाख 74 हजार रुपये बैंक के खाते से कट गए। पीड़ित ने जिसकी शिकायत 1930 पर काल करके की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### ठगों ने खाते से एक लाख 52 हजार रुपये उड़ाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मदरा खेल निवासी इदरीस अली ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी फर्म एमएस न्यू रोशन सेल्स कारपोरेशन का खाता एचडीएफसी बैंक शाखा निगोही में है। पीड़ित के पास 17 दिसंबर को ऑनलाइन बैंकिंग एक्टिवेशन का मैसेज मोबाइल पर आया। उन्होंने जानकारी बैंक पर दी। बैंक के मैनेजर ने कहा कि कोई भी ओटीपी शेयर मत करना और कहा कि यह मैसेज फर्जी है। पीड़ित अपने घर चला गया। 20 दिसंबर को दोपहर ढाई बजे पीड़ित के अकाउंट से एक लाख 50 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। कुछ समय बाद 2300 रुपये का कटने का एक और मैसेज आया। जो एसबीआई के अकाउंट में क्रेडिट हुआ है। पीड़ित ने किसी प्रकार का कोई ओटीपी शेयर नहीं किया। उन्होंने अपना अकाउंट चेक किया तो उसकी फर्म के अकाउंट से एक लाख 52 हजार 300 रुपये कट चुका था। उसने शिकायत दर्ज कराई।



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601


# एक वर्ष के मौन संकल्प की पूर्णता पर किया यज्ञ, कई राज्यों से पहुंचे लोग

## विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया के संकल्प को मिला सामाजिक समर्थन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मौन संकल्प की पूर्णता पर आयोजित यज्ञ में सहभाग करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार।

- विनोबा विचारों के प्रसार को बताया समय की आवश्यकता

**अमृत विचार:** विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया के एक वर्ष के मौन संकल्प की पूर्णता के अवसर पर आयोजित यज्ञ और पूर्णता उत्सव में मौन को तपस्या बताते हुए वक्ताओं ने विनोबा विचारों को समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए सर्वोदय विचारधारा से जुड़े लोगों ने सहभाग किया।

महात्मा गांधी आश्रम ट्रस्ट दिल्ली की कोषाध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा कि मौन हमारे देश की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। संस्कृत के मुनि शब्द से मौन शब्द बना है और मुनि परंपरागत रूप से मौन का पालन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाणी जहां बोलने की कला है, वहीं मौन एक तपस्या है। विनोबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिस प्रकार का समर्पण विनोबा विचार प्रवाह में दिखाई देता है, वैसा ही वातावरण इस आयोजन में भी नजर आया। उन्होंने कहा कि विनोबा के जीवन में मौन संकल्प एक प्रमुख गतिविधि रही है, जिसके पचास वर्ष पूर्ण होने की स्मृति को समाज तक पहुंचाने के लिए ऐसे अनुष्ठान आवश्यक हैं।

राष्ट्रीय युवा योजना के ट्रस्टी राजेंद्र यादव ने कहा कि मौन रहना एक कठिन तप है, जिसे निर्विघ्न पूरा कर रमेश भइया ने समाज के सामने एक बड़ी लकीर खींची है। सर्वोदय आश्रम हरदोई की सचिव कुसुम जौहरी ने कहा कि संकल्प व्यक्ति लेता है, लेकिन उसकी पूर्ति ईश्वर कराता है। उन्होंने कहा कि गांधी और विनोबा के जीवन में अनेक कठिन संकल्प लिए गए और पूर्ण हुए, उसी पथ का अनुसरण रमेश भइया ने किया है। बांदा से आए सर्वोदय मंडल के मंत्री रहे शिव विजय सिंह ने कहा कि वर्ष 1997 में उत्तरप्रदेश पदयात्रा के दौरान बांदा पड़ाव पर रमेश भइया से पहली भेंट हुई थी।

उन्होंने कहा कि 29 वर्ष बाद भी विनोबा सेवा आश्रम में वही जुनून दिखाई देता है, चाहे वह स्वच्छता अभियान हो या ग्रामस्वराज्य की अलख जगाने का कार्य। शाहजहांपुर के समाजसेवी डॉ. प्रमोद प्रमिल ने कहा कि आज के समय में एक घंटे का मौन भी कठिन लगता है, ऐसे युग में एक वर्ष का मौन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी राष्ट्र पदयात्रा और पैसे का स्पर्श न करने जैसे संकल्प लेकर रमेश भइया ने समाज को नई दिशा दी है। सर्वोदय आश्रम के उपाध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि उन्होंने 45 वर्षों से विनोबा सेवा आश्रम का विकास देखा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, गो सेवा और ग्रामस्वराज्य जैसे कार्यों में आश्रम ने निरंतर सेवा की है। उन्होंने कहा कि मौन के लाभ दीर्घकालिक होते हैं, जिनका अनुभव समाज अवश्य करेगा। आध्यात्मिक मार्गदर्शक बृज गोपाल शर्मा ने रमेश भइया की नम्रता और आत्मीयता का उल्लेख करते हुए आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने पूर्णता यज्ञ में आहुति डालकर शुभकामनाएं दीं।

विनोबा सेवा आश्रम की संरक्षक विमला बहन ने कहा कि आश्रम में लिया गया हर संकल्प बाबा के विचारों से जुड़ा होता है और उसे पूर्ण कराने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## चचेरे भाइयों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर एक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी / शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार छात्रों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे एक की मौत हो गई, वहीं उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव हिशमा निवासी कुलदीप (25) और उसका चचेरा भाई रामनिवास हरदोई के शाहाबाद क्षेत्र में एबी सिंह डिग्री कालेज के बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहे है। दोनों शनिवार को दिन में करीब 11 बजे शाहाबाद में कालेज से पेपर देकर बाइक से तिलहर लौट रहे थे। हरदोई रोड पर सूरतपुर गांव के सामने ढाबा के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉ. ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। घायल रामनिवास का इलाज चल रहा है। दोनों लोग हेलमेट नहीं पहने हुए थे। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है। जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ओसीएफ शाहजहांपुर के मुख्य महाप्रबंधक का स्थानांतरण



आयुध वस्त्र निर्माणी में नए मुख्य महाप्रबंधक का स्वागत करते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नए महाप्रबंधक अमित सिंह ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार:** आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर में मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा के आरएण्डडी यूनिट, टीसीएल मुख्यालय कानपुर स्थानान्तरण के बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उनके स्थान पर ओईएफ हजरतपुर से स्थानांतरित होकर आए अमित सिंह ने विधिवत रूप से मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया।

आयुध वस्त्र निर्माणी में आयोजित विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने राजेश कुमार वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में निर्माणी के अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। वर्ष 1998 बैच के आईओएफएस अधिकारी अमित सिंह ने मुख्य महाप्रबंधक पद का कार्यभार संभाला। उनकी तकनीकी योग्यता बीई मैकेनिकल है। उन्होंने वर्ष 2000 में आर्डनेंस फैक्ट्री भंडारा महाराष्ट्र से सरकारी सेवा की शुरुआत की थी और विभिन्न आयुध निर्माणियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इस अवसर पर निर्माणी के महाप्रबंधक चंद्र शेखर सहित अन्य अधिकारियों ने नवागत मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह को पौधा भेंट कर स्वागत किया। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पहली बैठक में अमित सिंह ने कहा कि निर्माणी की उन्नति और प्रगति के लिए सभी को निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरे करने होंगे।

## सियार के हमले से घायल किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक सुखपाल।

**अमृत विचार :** फसल की रखवाली करते समय सियार ने किसान पर हमला करके घायल कर दिया था। घायल किसान की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। कांट थाना क्षेत्र के गांव भटौली निवासी 43 वर्षीय सुखपाल 10 दिसंबर की रात में खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान सियार ने उसके ऊपर हमला कर दिया था, जिससे वह घायल हो गया था। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। घायल ने इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हरनाई गांव के सचिन का वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर चयन



**खुटार, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग का रिजल्ट घोषित होने के बाद खुटार के गांव हरनाई निवासी सचिन कुमार का वैज्ञानिक अधिकारी पद पर चयन हुआ है। शनिवार को सचिन कुमार घर पहुंचे और परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। साथ ही गांव, मित्रजन, रिश्तेदारों ने फूल का माला पहनाकर उनका स्वागत किया। परिजनों व गांव के अक्षय गुप्ता, विशाल राजवंशी, वैभव तिवारी, रजनीश कुमार, बलराम, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, उपेंद्र यादव, बहादुर, रोहित शुक्ला लोग मौजूद रहे।

# गुवाहाटी एक्सप्रेस से टकराकर गोवंशीय पशु की मौत

- इंजन में फंसकर काफी दूर चला गया, डाउन लाइन पौन घंटे तक रही बाधित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



**अमृत विचार :** कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन के बीच डाउन लाइन की गुवाहाटी एक्सप्रेस से गोवंशीय पशु की कटकर मौत हो गयी। इंजन के काउकेचर में गोवशीय पशु काफी दूर तक फंसकर चली गयी। इस दौरान डाउन लाइन पर पौन घंटे रेल संचालन प्रभावित रहा ।

अवध-आसाम गुवाहाटी एक्सप्रेस शनिवार की शाम पांच बजकर दस मिनट पर बरेली से शाहजहांपुर के लिए आ रही थी। कटरा और तिलहर के बीच डाउन लाइन पर गौवंशीय पशुओं का झुण्ड था। ट्रेन के लोको पायलट ने देखा कि गौवंशीय पशुओं का झुण्ड रेलवे ट्रैक पर है। उन्होंने गौवंशीय पशुओं को हटाने के लिए बराबर हार्न बजाते हुए आ रहा था। लोको पायलट को आखिर इमरजेसी ब्रेक लगाना पड़ा और ट्रेन रुकते-रुकते इंजन के काउकेचर में एक पशु फंस गया, जो काफी दूर तक रगड़ता चला गया। लोको पायलट ने ट्रेन को रोककर कंट्रोल और कटरा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रेलवे कर्मचारी ओर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे। रेल कर्मचारियों ने बमुश्किल इंजन के काउकेचर में फंसी गौवंशीय पशु को निकाला। इस दौरान डाउन लाइन पर करीब पौन घंटे रेल संचालन प्रभावित रहा है। बरेली-मुगलसराए एक्सप्रेस और श्रमजीवी एक्सप्रेस को पीछे स्टेशनों पर रोक दिया गया था। जिस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक सप्ताह पूर्व रोजा में पुल के नीचे, मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट और बंथरा रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन से टकराकर गौवंशीय की टकरा से मौत हो चुकी है। अधिकांश गोवंशीय पशु कटरा और रोजा के बीच ट्रेन से कटकर मरते है। रेल कर्मचारियों का कहना है कि ढका ताल से मोक्षधाम ओर रोजा में रेल लाइन के किनारे दीवार उठनी चाहिए। जिससे पशु इस ओर न आ सके।

### ट्रेन से फेंका गया खाना खाते हैं गोवंशीय पशु

ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अधिकांश रेलवे लाइन पर बचा हुआ खाना फेंक देते है। गोवंशीय पशु रेलवे लाइन के किनारे फेंके गए खाने के लिए आते हैं। रेलवे लाइन पर गोवंशीय जो घूमते है, वह छुट्टा पशु होते हैं। पशु रात-दिन रेलवे लाइन के किनारे घूमते रहते है। इधर आए दिन ट्रेन से टकराकर गोवंशीय पशु टकराकर मर जाते हैं। लोगों का कहना है कि रेल प्रशासन को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।


Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट) (के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें +91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286


## खेत में श्रमिकों पर दहाड़ा तेंदुआ, बाद में खदेड़ा

- वन विभाग की टीम ने की जांच, खेत पर जाते समय ग्रामीणों को किया सतर्क

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार के गांव प्रतापपुर में कई दिनों से तेंदुआ की चहलकदमी बनी हुई है। तेंदुआ ने गांव के आसपास अपना डेरा डाल रखा है। इससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शनिवार को खेत में गन्ने की छिलाई करते वक्त तेंदुआ निकल आया तो श्रमिकों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। तेंदुआ के हमले के डर से सभी श्रमिक जान बचाकर भाग खड़े हुए। शोर की आवाज सुनकर अन्य ग्रामीण पहुंच गए। बाद में तेंदुआ को खदेड़ा। तेंदुआ गन्ने के खेत से चला गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच की और लोगों को जागरूक किया।

रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने पिंजरा रखवाने की बात कही है। गांव प्रतापपुर निवासी बालक राम का खेत गांव के बाहर पूर्व-दक्षिण दिशा में है। खेत में गन्ने की छिलाई का काम हो रहा है। शनिवार को कई श्रमिक खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे गन्ने के खेत से अचानक तेंदुआ निकल आया। तेंदुआ देख श्रमिकों के पसीने छूट गए और शोर मचाते हुए घर की तरफ भाग खड़े हुए। शोर की आवाज सुनकर गांव प्रतापपुर व बढ़ईपुर से तमाम लोग लाठी-डंडा लेकर दौड़ पड़े। लोगों को देख तेंदुआ फिर से गन्ने में चला गया। बाद में गांव के प्रधान नवल सिंह ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर रेंजर मनोज श्रीवास्त ने टीम को मौके पर भेजा। टीम में वन दरोगा रोहित पांडेय, आशीष शुक्ला, अशोक बाजपेई व अन्य वन कर्मियों के साथ मिलकर कांबिंग की। लेकिन तेंदुआ गन्ने में छिपा रहा। बाद में कोई लोकेशन नहीं मिली। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि शाम तक तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया जाएगा। तेंदुआ को जल्द पिंजरे में कैद कर उसे बाहर ले जाकर छोड़ जाएगा। उधर, तेंदुए की दहशत से ग्रामीण व किसान भयभीत हैं। किसान, श्रमिक खेतों में जाने से कतरा रहे है।

## डिवाइडर से टकराकर रेलिंग पर अटकी गाड़ी

**तिलहर, अमृत विचार:** घने कोहरे के चलते शनिवार तड़के हाईवे के ब्रिज पर एक पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर रेलिंग पर जा अटकी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई ।

शनिवार सुबह 5 बजे पिकअप दिल्ली से मोहम्मदी की ओर जा रही थी। हाईवे पर सरऊ पुलिया ओवरब्रिज के पास घना कोहरा होने के कारण चालक को आगे का रास्ता स्पष्ट नहीं दिखा, जिससे पिकअप डिवाइडर से टकरा गई और रेलिंग पर जा टिकी। यदि रेलिंग टूट जाती तो पिकअप के ब्रिज से नीचे गिर सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही एनएचआई की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को क्रेन से हटवाकर हाइवे पर यातायात बहाल कराया। हादसे में पिकअप चालक दिल्ली के समीपुर निवासी मो अनीस मामूली रूप से घायल हो गया। चालक ने बताया कि वह मोहम्मदी में व्यापारियों के साथ बकरे खरीदने जा रहा था।

## न्यूज डायरी

### जन जन तक हार्टफुलनेस मेडीटेशन अभियान जारी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान के दूसरे दिन शनिवार को विकास खंड भावलखेड़ा के दर्जनों गांवों में मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने लोगों को सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया। भावलखेड़ा ब्लॉक के जलालपुर, गुर्री, कटिया जमुही, रज्जब, बेहटी, धींगरपुर, सेहरामऊ, पैना बुजुर्ग, महमदपुर, रसूलपुर बरतारा, हथौड़िया, बसुलिया, रहीमपुर, सिउरा दिलावरपुर, निगौना सिमरई, बरनई, फिरोजपुर, बिंदापुर, गुआरी, कदुआ, सिमरी, लथौली, कटिया कम्मू, बेहटी, दौलतपुर, रहीमपुर, कनेंग मऊवासक, सिमरई, अजीजपुर रझुआ, हुसैनपुर कहेलिया नौगवां, दनियापुर, शहवाजपुर आदि गांवों में मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक लोगों से मिले और उन्हें एकत्र कर हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया और प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षक देवतोष श्रीवास्तव, जयासिंधु, प्रशिक्षक दीपक, अंजू श्रीवास्तव, सुदर्शन, दिग्विजय वर्मा, पूनम जायसवाल, अचिंत्य, दीपक खंडूरी, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, राम मिलन मिश्रा, अजय चौधरी, महेश बाबू, नवीन चौधरी, नीरज कुमार, रंजीत कुमार, एसके सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सुरेश खन्ना ने 400 लोगों को बांटे कंबल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रदेश के सुरेश कुमार खन्ना ने बढ़ती शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम जमुही और ग्राम रामपुर बरकतपुर में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्राम प्रधानों के माध्यम से कुल 400 पात्र और असहाय व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सहायता के लिए संकल्पित है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति ठंड के कारण असुरक्षित न रहे और सभी जरूरतमंदों तक समय से राहत सामग्री पहुंचे। कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी सदर और तहसीलदार सदर की सक्रिय भूमिका रही। राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। कम्बल पाकर ग्रामीणों ने राहत महसूस की और इस कार्य के लिए सुरेश कुमार खन्ना तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### यातायात नियम तोड़ने वालों के काटे चालान



**कांट, अमृत विचार :** यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने कांट क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर चार वाहनों के चालान किए गए। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान पुलिस ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की इस दौरान हेड कांस्टेबल रवि कुमार एवं कांस्टेबल विपिन कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलेंडर लीक होने से दुकान में लगी आग

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला टिकटगंज स्थित विपिन गुप्ता की गैस चूल्हा रिपेयरिंग की दुकान में एलपीजी सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। इस दौरान हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जल चुका था। हादसा शनिवार दोपहर हुआ। दुकान में एलपीजी का छोटा गैस सिलेंडर लीक करने लगा था। जिससे सामान में आग लग गई। दुकानदार ने शोर मचाया। इस दौरान भीड़ जमा हो गई। व्यापारी मौके पर पहुंचे। अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने आग पर तकरीबन आधे घंटे के बाद काबू पाया। तब तक दुकान का सामान राख हो गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय की मौत

**मुजरिया, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गई। वह रात भर सड़क पर पड़ी रही। अगले दिन पुलिस ने जेसीबी से गाय को गड्ढे में दफन कराया। मुजरिया थाना क्षेत्र में दिल्ली मार्ग पर आरके पब्लिक स्कूल के पास एक गाय किसी वाहन की चपेट में आ गई। गाय जख्मी हो गई। रात में वहीं पड़ी रही। जिससे गाय की मौत हो गई। रात से लेकर अगले दिन दोपहर 12 बजे तक रह चलते कई लोगों ने देखा होगा लेकिन किसी ने पशु चिकित्सक, प्रशासन या प्रधान को सूचना नहीं दी। सोशल साइट्स पर सूचना फैली। पुलिस को जानकारी हुई तो जेसीबी मंगवाकर शव दफनाया गया।

### आज जिले में रहेंगे डिप्टी सीएम

**बदायूं, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम डॉ. ब्रजेश कुमार पाठक रविवार को जिले में रहेंगे। यह वह कई कार्यक्रमों में पहुंचे। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों में सतर्कता रही। उनके आने पर पुलिस परेड ग्राउंड पर हेलीपैड को तैयार करने का काम किया। डीएम एसएसपी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डिप्टी सीएम दोपहर के समय पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर पुलिस परेड ग्राउंड से लेकर डायट तक साफ सफाई का दिन भर दौर चलता रहा।

## टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**बदायूं, अमृत विचार:** कस्बा बिसौली में विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 129 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। 12 लाख 52 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि बकायेदारों पर नीलाम वाद दायर करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बकाया बिजली की बिल जमा करने की अपील की है। इस मौके पर जेई मो मियां कुरैशी, जेई दिनेश कुमार, थान सिंह, गौरव सक्सेना, कमलेश कुमार, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

### कॉलेज प्रशासन ने एसएसपी को पत्र लिखकर मारपीट की घटनाओं से कराया अवगत

# राजकीय मेडिकल कॉलेज गेट पर पुलिस चौकी बनाने को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कुछ दिन पहले पैरामेडिकल छात्र के साथ हुई थी मारपीट
- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजकीय मेडिकल कालेज गंभीर

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज नौशेरा में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था न होने से झगड़ा फसाद होता रहता है। इससे कालेज की छात्राएं व अन्य स्टाफ असुरक्षित है। इसी समस्या को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एसएसपी को पत्र लिख कर घटित होने वाली वारदातों से अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस चौकी बनाए जाने की मांग की है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। इससे अक्सर विवाद होता रहता है। पैरामेडिकल छात्र छात्राओं को बाहरी युवक तंग करते हैं। कभी कभी मारपीट की नौबत भी आ जाती है। कुछ दिन पूर्व राजकीय मेडिकल कॉलेज के एक पैरामेडिकल छात्र को दूसरे समुदाय के युवक ने पीट दिया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। हालांकि कालेज प्रशासन की ओर से मामले में मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज


राजकीय मेडिकल कॉलेज नौशेरा।

करा दी गई। इस तरह की कई अन्य घटनाएं और भी हो चुकी हैं। कॉलेज प्रांगण में आए दिन धरना-प्रदर्शन होते रहते हैं जिससे कॉलेज प्रशासन को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से एसएसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में घटनाओं से अवगत भी कराया गया है। कॉलेज प्रशासन ने एसएसपी से मेडिकल कॉलेज गेट पर पुलिस चौकी बनाए जाने की मांग की है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन से कई बार पुलिस चौकी बनवाने की मांग की गई है। करीब दो साल पूर्व तत्कालीन प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने भी पुलिस प्रशासन को कई बार पत्र लिखे थे, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। जिससे आज तक यहां पर पुलिस चौकी नहीं बन सकी है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के अंदर करीब तीन दर्जन सुरक्षा गार्ड हैं। वह सुरक्षा गार्ड कॉलेज के अंदर की व्यवस्था को देखते हैं। उन्हें कालेज के बाहर की घटनाओं से कोई मतलब नहीं है कॉलेज के मुख्य गेट पर फल खोमचा, रेहड़ी वालों ने कब्जा जमा रखा है जिससे एम्बुलेंस के आने जाने में भी दिक्कत होती है। कॉलेज के अंदर अस्पताल और प्रशासनिक भवन में सुरक्षा गार्ड मौजूद हैं लेकिन बाहरी क्षेत्र में सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है।

### मुख्य गेट पर जमे रहते हैं निजी वाहन

राजकीय मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर पुलिस चौकी न होने से बाहरी लोग अक्सर यहां मंडराते रहते हैं। इससे कभी कभी चोरी की घटनाएं भी होती रहती हैं। पुलिस के न होने से मुख्य गेट पर बाहरी वाहन खड़े रहते हैं जिससे कालेज के अंदर आने जाने में दिक्कत होती है। मेडिकल कालेज प्रशासन ने कई बार पुलिस की मदद से निजी एम्बुलेंस व अन्य वाहनों को हटाया है फिर भी गेट पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। इसलिए पुलिस की तैनाती जरूरी है।

# 1,60,799 मतदाताओं को जारी किया जाएगा नोटिस

### मतदाताओं की नहीं हो सकी मैपिंग, होंगे दिखाने दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में बीएलओ ने किया था गणना प्रपत्रों का डिजिटाइज्ड

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरने और मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। जिले में 1,60,799 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी। इन सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे। मैपिंग के दौरान मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज दिखाने होंगे। इसके बाद ही नाम सूची में शामिल हो सकेगा।

जिले में 10 नवंबर से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का काम चल रहा है। चुनाव आयोग से 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्रों को भरकर डिजिटाइज्ड करने का समय दिया गया था, लेकिन काम पूरा न होता देख आयोग ने 26 दिसंबर तक गणना प्रपत्रों को जमा व संशोधन कराने का समय बढ़ा दिया दिया। आयोग से समय बढ़ने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड कराने व मैपिंग कराने के लिए सभी विधानसभाओं में बूथों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए थे। विशेष कैंप के माध्यम से अंतिम तिथि तक बीएलओ ने मतदान केंद्रों पर रहकर मैपिंग का कार्य पूरा किया गया। एक माह से अधिक समय तक चले एसआईआर की इस प्रक्रिया में जिले की सभी छह विधानसभाओं में 24,18,408 मतदाताओं को शामिल किया गया था। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 19,23,408 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया गया। 4,94,651 मतदाता अपात्र पाए गए हैं। इनमे 82097 मृतक मतदाता शामिल हैं। 187014 ऐसे मतदाता रहे जो नहीं मिल सके। 175403 मतदाता दूसरे स्थान या जिलों में शिफ्ट हो गए। 43316 मतदाता पूर्व में पंजीकृत थे। 6821 ऐसे मतदाता रहे जिनका पता नहीं चल सका।

जिले में 160799 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड का काम नहीं हो सका। इन सभी मतदाताओं को अब अगली प्रक्रिया के तहत 31 दिसंबर से नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद उन्हें मतदाता सूची में शामिल होने के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज दिखाने होंगे। दावे और आपत्तियां 31 दिसंबर से 30 जनवरी तक स्वीकार की जाएंगी। नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों-आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसंबर से 21 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी को होगा।

### विधानसभा वार डिजिटाइज्ड न होने वाले मतदाता

- बिसौली 39204
- सहसवान 29405
- बिल्सी 23213
- बदायूं 20488
- शेखूपुर 19866
- दातागंज 28623

"विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरने व मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। जिले में 160799 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी। इन सभी मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए अभियान की शुरुआत होगी। मतदाताओं के नाम निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज दिखाने पर नाम सूची में शामिल कर लिए जाएंगे। - **डॉ. वैभव शर्मा,** उप निर्वाचन अधिकारी

## बिजली ठप होने से उपभोक्ताओं को उठानी पड़ी परेशानी

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** बिजली उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में फाल्ट आने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। शुक्रवार की मध्यरात्रि को आंवला से कुंवर गांव को आने वाली 33 केवीए लाइन में अचानक फाल्ट आ गया। इसके चलते कस्बे से लेकर आसपास के क्षेत्रों में अंधेरा छाया रहा।

कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक करने के प्रयास किए, लेकिन शनिवार शाम करीब 5 बजे तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। करीब 15 घंटे से अधिक समय तक बिजली न आने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों के घरों में इन्वर्टर जवाब दे गए, पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह गड़बड़ा गई। मजबूरन ग्रामीणों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। कड़ाके की ठंड के बीच बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। घरों, दुकानों और मिष्ठान भंडारों में हीटर व अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े रहे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि 33 केवी लाइन काफी जर्जर है, जो आए दिन खराब होती रहती है। इस संबंध में एसडीओ अमर सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन में है। कर्मचारी लाइन पर काम कर रहे हैं। जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# चीनी मिल पर गन्ने का संकट, भरकुईया गांव के किसानों से संपर्क कर की गन्ना लाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मिल प्रशासन ने दिया जल्द बकाया भुगतान का आश्वासन

**अमृत विचार :** घना कोहरा आम लोगों को मुसीबत बनता जा रहा है। गन्ना किसान चीनी मिलों पर गन्ना नहीं पहुंचा पा रहे हैं जिससे चीनी मिलों पर गन्ने का संकट पैदा हो गया है। शेखूपुर चीनी मिल प्रशासन शनिवार को गांव गांव धूमा और गन्ना किसानों से संपर्क कर जल्द गन्ना मिल गेट पर पहुंचाने की अपील की। कहा मिल प्रशासन की ओर से गन्ना किसानों को जल्द भुगतान करने का भी भरोसा दिया जा रहा है।

घने कोहरे में किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को कोहरे के कारण खेतों में खड़ा गन्ना नहीं निकाल पा रहा है। कोहरा और सर्द हवाओं के चलते किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं जिससे गन्ने की छिलाई नहीं हो पा रही है। किसान परेशान हैं। इसलिए चीनी मिल गेट तक गन्ना नहीं पहुंच पा रहा है। शेखूपुर सहकारी चीनी मिल की गन्ना पेराई क्षमता 13 हजार क्विंटल है। फिर भी मिल पर गन्ना कम पड़ रहा है। किसानों का गन्ना अभी खेतों में ही खड़ा है। जिससे अब मिल प्रशासन को गन्ने की कमी के चलते गांव गांव घूमना पड़ रहा


शेखूपुर चीनी मिल।

है। शनिवार को शेखूपुर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी, अनिल कुमार, महा प्रबंधक मणि अरोड़ा सहित करीब आधा दर्जन मिल के अधिकारी कर्मचारी अपने क्षेत्र के गांव भरकुईया पहुंचे। यहां पर मिल अधिकारियों ने गन्ना किसानों से बात की। किसानों से कहा कि वह लोग मिल गेट तक गन्ना पहुंचाए।

सीसीओ अनिल कुमार ने कहा कि भरकुईया सहित आस पास के करीब 30 गांव शेखूपुर चीनी मिल के किसान हैं। इन किसानों के गन्ने से ही मिल चलती है, लेकिन इस बार मिल पर किसान कोहरे के कारण गन्ना नहीं पहुंचा पा रहे हैं। इसलिए गांव में किसानों से बात की गई है। उन्होंने गन्ना किसानों से कहा कि वह लोग मिल गेट पर अपना गन्ना पहुंचाएं उनका गन्ना मूल्य भुगतान जल्द कराया जाएगा।

मिल की महाप्रबंधक मणि अरोड़ा ने गन्ना किसानों को बताया कि मिल प्रशासन की ओर से अभी तक इस गन्ना पेराई सत्र का करीब पांच करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। 500 से अधिक गन्ना किसानों के खातों में उनका पैसा भेजा जा चुका है। अब भुगतान की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया जिन किसानों ने तीन दिसम्बर तक अपना गन्ना मिल गेट पर डाल दिया उनका पूरा भुगतान कर दिया गया है।

### मिल को प्रतिदिन चाहिए 13 हजार क्विंटल गन्ना

शेखूपुर चीनी मिल प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रविवार से प्रतिदिन मिल अधिकारी और कर्मचारी अपने क्षेत्र में गन्ना किसानों से संपर्क करेंगे। गन्ना किसानों से जल्द गन्ना पहुंचाने को कहेंगे। इस समय चीनी मिल परिसर में करीब दस हजार से 11 हजार क्विंटल गन्ना ही प्रतिदिन आ रहा है जबकि मिल को 13 हजार क्विंटल गन्ना प्रतिदिन चाहिए इसलिए मिल प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। अब गन्ना किसानों से अधिक से अधिक गन्ना लाने को कहा जा रहा है।

# डंपर चालकों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

संवाददाता, विजय नगला


प्रदर्शन के दौरान मौजूद डंपर चालक। ● अमृत विचार

- मैनेजर और सुपरवाइजर पर गाली-गलौज करने का आरोप

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर सिक्स लेन का काम कराने वाली कंपनी के डंपर चालकों ने सुपरवाइजर व मैनेजर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि सुपरवाइजर उन्हें कंपनी से निर्धारित से कम कीमत दे रहे है। वेतन मांगने पर सुपरवाइजर गाली-गलौज करते हुए कंपनी से बाहर निकालने की धमकी देते हैं।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ढकिया के पास सनराइज कंपनी का कार्यालय बना हुआ है, जो बदायूं-बरेली राजमार्ग पर सिक्स लाइन संबंधी काम कर रही है। आरोप है कि शनिवार सुबह लगभग 11 बजे कंपनी के सुपरवाइजर और मैनेजर ने डंपर चालकों के साथ गाली-गलौज की। डंपर चालक पवन कुमार, सत्यपाल, सुनील कुमार, देवेंद्र सिंह, विमल, योगेंद्र, देव सिंह, रिंकू, पिंटू सिंह, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, अमरीश, बृजपाल आदि आदि ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि वह बरेली, बुलंदशहर, भरतपुर, मध्य प्रदेश, झांसी, बिहार, बदायूं, बरेली आदि जिले के रहने वाले हैं। कंपनी के लिए रात की स्विफ्ट में मिट्टी का उठान करते हैं। मैनेजर ने उन्हें 24 हजार रुपये प्रति माह के वेतन पर रखा था। कहा था कि उन्हें कंस्ट्रक्शन साइड से लगभग 5 किलोमीटर दूर से डंपर भर के साइड पर लाने होंगे, लेकिन कंपनी क्षेत्र से 20-20 किलोमीटर दूर से मिट्टी का उठान कराती है। इस कड़ाके की ठंड में कोहरे में सुपरवाइजर लगातार स्पीड से मिट्टी उठाने की बात करते हैं। ऐसा न करने पर वह प्लांट पर आकर चालकों के साथ गाली-गलौज करते हैं। कंपनी से बाहर निकालने की धमकी देते हैं। बताया उन्हें काम करते हुए लगभग डेढ़ से दो महीने हो गए, लेकिन अभी तक वेतन नहीं दिया गया है। कभी नगद तो कभी खाते में वेतन भेजने का आश्वासन दिया जाता है। शनिवार सुबह सुपरवाइजर ने उन्हें 12 हजार रुपये देने की बात कही। चालकों ने कहा कि अगर जल्द भुगतान नहीं मिला तो वह साइट पर काम करना बंद कर देंगे।

## हाईवे पर एंबुलेंस की टक्कर से ग्रामीण घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला-शाहबाद हाईवे स्थित मिश्रीपुर मुकईया गांव के पास शनिवार की सुबह 8 बजे एक एंबुलेंस ने बैल गाड़ी से गोबर लेकर खेत पर जा रहे किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान राजेश्वर सिंह पुत्र रूमसिंह मामूली रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर परिजन व ग्रामीण घायल को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इसी दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने एंबुलेंस चालक के साथ अभद्रता की। इससे अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। चिकित्सकों ने घायल की स्थिति को देखते हुए उसे उपचार के लिए रेफर कर दिया। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच की जा रही है।

# अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

- समझौता पत्र जलाकर ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा

**अमृत विचार :** विद्युत उप केंद्रों के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में तैनात लगभग 15000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी करने वाले आदेश को वापस न लेने के विरोध में आउटसोर्सिंग कर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने समझौते का पत्र जलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा।

शनिवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने कहा कि सरकार व पावर कारपोरेशन प्रबंधन के साथ 15 मई को वार्ता हुई थी। तय किया गया था कि अब किसी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा। इस बात चीत के बाद संविदा कर्मियों ने आंदोलन खत्म कर दिया। उस समय कहा गया था कि जो संविदा कर्मचारी हटा दिए गए हैं उन्हें काम पर वापस लिया जाएगा। साथ ही संविदा कर्मियों को 18 हजार मानदेय दिया जाएगा। अन्य कई मांगे स्वीकार की गई थीं। 55 साल का हवाला देकर हटाए गए कर्मचारियों को भी काम पर लिया जाएगा, लेकिन अब उक्त फैसले को नहीं माना जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि ऊर्जा प्रबंधन की दमनकारी नीति से हजारों विद्युत संविदा कर्मी बेरोजगार हुए हैं जिन्हें कार्पोरेशन प्रबंधन को दोबारा कार्य पर वापस लेना चाहिए। प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चंद्र यादव ने कहा कि मानक समिति की रिपोर्ट जारी किए बिना कारपोरेशन प्रबंधन कर्मचारियों की बार-बार छटनी कर रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मध्यांचल संगठन मंत्री राकेश कुमार सागर ने कहा कि समाधान न होने पर कर्मचारी आक्रोशित हैं। जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, जगतपाल, सुनील कुमार, हरीश चंद्र यादव, हर्षवर्धन, मुब्बिर अली सिद्दीकी, विवेक शर्मा, सुरेश चंद्र पाल, रामसेवक, महावीर आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे।

## प्लाट में मिला घायल युवक, मारपीट कर फेंकने का आरोप

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला-शाहबाद हाईवे स्थित गल्ला मंडी के सामने देववाणी मंदिर के खाली पड़े प्लाट में शनिवार को एक युवक घायल अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए बिल्सी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान बिल्सी नगर के मोहल्ला संख्या चार निवासी नासिर राइन पुत्र मल्लन के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि नासिर के साथ मारपीट करके प्लाट में फेंका गया है। क्राइम इंस्पेक्टर बीके मौर्य ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है।

## गैलरी प्रसव मामले में 3 डॉक्टर करेंगे पीड़ित परिवार से बात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में गैलरी में प्रसव के बाद नवजात की मौत का मामला

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल की गैलरी में प्रसव होने की घटना की तीन स्तरीय जांच कराई जा रही है। जांच के लिए सीएमओ ने तीन डाक्टरों को पीड़ित परिवार से बात करने का निर्देश दिया। संभावना है कि रविवार या सोमवार को पीड़िता से बात की जाएगी।

जिला महिला अस्पताल में पिछले दिनों आधी रात को एक महिला ने अस्पताल की गैलरी में बच्ची को जन्म दिया। अधिक ठंड के चलते नवजात की मौत हो गयी। शोर होने के बाद ही महिला को वार्ड में भर्ती किया गया। इस मामले की शिकायत शासन स्तर तक की गई। शासन के आदेश के बाद डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि प्रसूता और उसके परिवार से टीम के सदस्य रविवार या सोमवार को बात कर सकते हैं। टीम में शामिल बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार वासु, डॉ. अनामिका, और डॉ. मोहन झा को पीड़ित परिवार से बात करने को अधिकृत किया गया है। तीनों सदस्य प्रसूता व उसके परिवार से बात करेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस मामले में जांच रिपोर्ट को गोपनीय रखा जाएगा। जो भी कार्यवाही होगी वह डीएम के आदेश के बाद ही होगी। जिला महिला अस्पताल प्रशासन को अब जांच का सामना करना होगा। सूत्रों की मानें तो जिला महिला अस्पताल के डॉक्टर और सीएमएस से भी पूछताछ की जाएगी जिसके बाद कार्यवाही की जा सकती है।

# म्याऊं में चल रहा सट्टा, नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वीडियो वायरल के बाद भी पुलिस ने नहीं लिया एक्शन
- शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा म्याऊं में सट्टेबाजों का बोलबोला है। जो पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर सट्टा करवा रहे हैं। इसके कई बार वीडियो वायरल हुए। सट्टेबाजों ने जगह बदली, लेकिन सट्टा बंद नहीं हो सका है। अब विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर सट्टेबाजी से अवगत कराया है। साथ ही सट्टेबाजों से अपनी जान का खतरा बताया है। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

कई महीने पहले कस्बा म्याऊं में एक युवक के झोपड़ी में बैठकर सट्टे की पर्ची लिखने का वीडियो वायरल हुआ था। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इसके बाद युवक ने पर्ची लिखने का स्थान बदल लिया। अब कस्बा से दातागंज जाने वाले


कस्बा म्याऊं में युवक के पास रखी सट्टे की पर्चियां।

मार्ग पर पुलिस चौकी से तकरीबन 50 मीटर दूर एक व्यक्ति का मकान किराए पर लेकर सट्टा कराया जा रहा है।

यहां सुबह से लेकर देर रात तक पर्ची लिखी जाती हैं। मकान के बाहर वाहन खड़े रहते हैं। लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बाद भी पुलिस अनजान बैठी है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से शिकायत पत्र भेजकर बताया कि दातागंज मार्ग पर एक मकान में अवैध रूप से सट्टा चलता है। इससे क्षेत्र के युवा बर्बाद हो रहे हैं। कस्बा में सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने कई बार थाना और पुलिस चौकी पर फोन करके शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। उनके शिकायत करने की वजह से सट्टेबाज उनसे रंजिश मानने लगे हैं। उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना कर सकते हैं। शिकायत पत्र के साथ उन्होंने सट्टा लगाने का वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर भेजा है।

## अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस सतर्क

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस सतर्क दिखाई दे रही है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कुंवरगांव पुलिस ने नपैदल गश्त की।

सुरक्षा के मद्देनजर नगर के बैंकों, एटीएम, मुख्य चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की तैनाती की गई है। रात्रि के समय विशेष रूप से सर्राफा बाजार में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है, जिससे व्यापारियों एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी हुई है। शनिवार को थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने पुलिस बल के साथ होली चौक, मेन मार्केट, सर्राफा बाजार, बैंक परिसरों सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी राजेश कौशिक के साथ, एसआई सुभाष सिंह आर्य, एसआई सुकेंद्र सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# धरने में आर-पार की लड़ाई लड़ने की दी चेतावनी


हड़ताल पर बैठी आशा और संगिनी।

- मालवीय आवास गृह पर आशा संगिनी का 13वें दिन भी धरना जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन का शनिवार को 13वें दिन भी हड़ताल जारी रही। आशा और संगिनी ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने आर-पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी है।

विभिन्न मांगों को लेकर मालवीय आवास गृह पर आशा और संगिनी हड़ताल पर बैठी हैं। समस्याओं से जूझ रही आशा और संगिनी राष्ट्रीय आह्वान पर हड़ताल कर रही हैं। शनिवार को जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं को देखना नहीं चाहती है। उन लोगों से तमाम तरह के काम कराए जाते हैं, लेकिन पारिश्रमिक मात्र दो हजार रुपये दिए जाते हैं। वह भी समय पर नहीं मिलते हैं। इस बार आशा संगिनी ने ठान लिया है कि जब तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता तब तक वह लोग हड़ताल से नहीं हटेंगी। निर्दोष राठौर, नीलम सक्सेना और मनीषा यादव ने कहा कि अब आर पार की लड़ाई को हम लोग तैयार हैं। सरकार को हमारी मांगे माननी ही होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कुत्ते के काटने से भैंस की मौत, वैक्सीन लगवाने पहुंचे ग्रामीण

उझानी, अमृत विचार : उझानी क्षेत्र क गांव पिपरौल में 23 दिसंबर को तेरहवीं संस्कार के खाने में रायता पीने के बाद भैंस के मरने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जिसके चलते लगभग 200 ग्रामीण शनिवार दोपहर 12 बजे वैक्सीन लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। ग्रामीणों ने कहा कि कुत्ते ने भैंस को काट लिया था। उसी भैंस के दूध से दही बनाकर रायता बनाया गया था। कुत्ते के काटने के बाद उस भैंस की 26 दिसंबर को मौत हो गई थी। भैंस के दूध का रायता खाने की वजह से लोग परेशान हो गए। गांव में दहशत फैल गई। गांव निवासी जशोदा, धर्मपाल, कौशल कुमार, अनमोल, कमलेश, मोनिका, सर्वेश, संगीता, धर्मपाल समेत लगभग 200 ग्रामीण वैक्सीनेशन कराने उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

### चेतावनी के बाद युवती से रचाई शादी

**बबराला, अमृत विचार :** फेसबुक से प्यार के बाद सिरसी के युवक ने दिल्ली की युवती संग निकाह कर लिया। गुन्नौर के युवक की दिल्ली की एक युवती से फेसबुक के जरिए पहचान हुई। दोस्ती से धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। युवक कई बार दिल्ली जाकर युवती से मिला। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने युवक को निकाह करने या पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी। युवक गुन्नौर में एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। प्रेमिका के परिजनों की चेतावनी से युवक मानसिक तनाव में आ गया। इसके बाद अस्पताल संचालक और एक मित्र युवक को लेकर दिल्ली पहुंचे, जहां दोनों परिवारों की मौजूदगी में निकाह संपन्न कराया गया।

### 6 दंपतियों में हुई सुलह पटरी पर लौटी जिंदगी

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस परिवार सुलह समझौता केंद्र पर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद के कारण अलग हुए दंपतीयों को मिलाने का काम किया गया। 6 दंपतीयों ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर साथ रहने का फैसला किया।पुलिस परिवार सुलह समझौता केंद्र प्रभारी रकमपाल सिंह ने बताया कि 78 पत्रावली सुनकर 25 पत्रावली का निष्तारण किया गया है। जिसमें 6 दंपतीयों ने अपना विवाद समाप्त कर साथ-साथ रहने का फैसला किया है। 16 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न दिए जाने के कारण बंद कर दी गई। तीन पत्रावली विधिक अग्रेषित की गई हैं। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, बबीता शर्मा, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

# गंगा में मिला रेलवे के लापता प्राइवेट कर्मचारी का शव

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** लापता रेलवे के प्राइवेट कर्मचारी का शव कछला स्थित गंगा में मिला। सूचना पर परिजन पहुंचे। चार लोगों पर युवक की हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं प्रथम दृष्टया पुलिस हादसा मान रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतक अरविंद कुमार।

कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के गांव मानपुर नगरिया न्योली निवासी अरविंद कुमार (20) पुत्र यादराम रेलवे विभाग में प्राइवेट कर्मचारी थे। वह रेलवे के सरकारी कर्मचारी के साथ ड्यूटी करते थे। 20 दिसंबर को ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। अगली सुबह वापस लौटना था, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज करके उनकी तलाश कर रही थी। युवक की लोकेशन कछला स्थित गंगा के पास दिख रही थी। इसके चलते पुलिस ने गंगा में उनकी तलाश शुरू कराई थी। शनिवार दोपहर गोताखोरों ने गंगा से अरविंद कुमार का शव बरामद किया। मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई राकेश बाबू ने चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। कछला चौकी इंचार्ज कपिल कुमार ने बताया कि युवक का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## शासन से जारी निर्देश के अनुसार 8 मार्च तक अभियान चलाया जाएगा

# स्कूलों में चलाया जाएगा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पोर्टल पर अपलोड की जाएगी अभियान की प्रगति, एक कर्मचारी किया जाएगा नामित
- महिला कल्याण के निदेशक के निर्देश पर बीएसए ने बीईओ को किया निर्देशित

**अमृत विचार :** बाल विवाह गैरकानूनी है। इसके बाद भी लगभग हर महीने जिले में बाल विवाह के मामले सामने आते हैं। अब बाल विवाह पर वार होगा। इसे पूरी तरह से मुक्त की तैयारी है। इसके लिए विद्यालयों में राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत चलाया जाएगा। निदेशक महिला कल्याण की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया था। इसके अनुपालन के लिए बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है।

शासन से जारी निर्देश के अनुसार 8 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करना, कानून व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालक-बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा करना है। डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल विवाह मुक्त भारत संचालक समिति गठित होगी। इसमें बाल कल्याण समिति संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, शिक्षा, स्वास्थ्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी/बाल विवाह निषेध अधिकारी जिला नोडल अधिकारी रहेंगे।

अभियान के प्रस्तावित दिनों में हर महीने अलग-अलग समूह पर फोकस किया जाएगा। पहले महीने शिक्षण संस्थान, दूसरे में धार्मिक स्थल, विवाह से जुडे.सेवा प्रदाताओं जैसे मैरिज व बैंक्वेट हॉल, बैंड व डीजे पार्टी, कैटरर्स, फोटोग्राफर और तीसरे महीने ग्राम पंचायत व नगर निकायों के माध्यम से लोगों के अलावा गरीबी, सामाजिक बहिष्करण, परंपरागत प्रथाओं व अन्य कारणों से बाल विवाद के जोखिम में रहने वाले परिवारों को सक्रिय किया जाएगा। स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा, एएनएम, स्वयं सहायता समूह, धार्मिक नेताओं आदि को भी अभियान में जोड़ा जाएगा। ग्राम पंचायत व निकायों को बाल विवाह मुक्त ग्राम व वार्ड घोषित होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। किशोर-किशोरियों, युवाओं को बाल विवाह मुक्त भारत योद्धा के रूप में तैयार किया जाएगा। लोगों को चिह्नित करके प्रमाण पत्र की व्यवस्था भी रहेगी।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अभियान के अंतर्ग बैठकों का आयोजन भी किया जाएगा। अभियान की प्रगति बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर गूगल स्प्रेड शीट पर अपलोड की जाएगी। इसके लिए नोडल अधिकारी एक नामित कार्मिक की ड्यूटी लगाएंगे। जो समय समय पर रिपोर्ट, डाटा, पत्राचार, चरणवार कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में निदेशालय के साथ सक्रिय रूप से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करेगा। इस काम में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। निदेशालय की ओर से बनाए जा रहे व्हाट्सएप ग्रुप में उस कार्मिक को जोड़ा जाएगा।

# परिषदीय स्कूलों में शुरू होगी प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग

## जिले में पीएम श्री के 30 स्कूलों का हुआ चयन, बजट जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पढ़ाई के साथ बच्चे प्रोजेक्ट और मॉडल बनाना सीखेंगे

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में प्रदेश सरकार सुधार कर रही है। इन्हीं प्रयासों के बीच अब परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य पुरानी पद्धति के आधार पर होगा। इन स्कूलों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को अनिवार्य कर दिया है। बच्चे प्रोजेक्ट और मॉडल बनाकर सीखेंगे। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से अधिगम, समाधान, कौशल का विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसका सबसे अधिक लाभ कक्षा चार से आठ तक बच्चों को मिलेगा।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन सभी स्कूलों में शिक्षक बच्चों को रटने रटाने के साथ ही ब्लैक बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई करा रहे हैं, लेकिन अब दौर बदल रहा है। बच्चे किताबों के साथ प्रोजेक्ट और मॉडल बनाकर सीखेंगे। इससे वह विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन विषयों को वास्तविक जीवन से जोड़कर सीख सकें। स्कूलों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य जिज्ञासा, अनुभवात्मक अधिगम, समाधान, कौशल का विकास, आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण कौशल को बढ़ावा देना है। यह प्रत्येक शनिवार को विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसके लिए जिले में पीएम श्री के 30 स्कूलों का चयन किया गया है। इसके लिए शासन स्तर से बजट भी जारी हो चुका है। शासन की ओर से प्रति स्कूल 20 हजार रुपए भेजे गए हैं। शासन स्तर से जारी हुए छह लाख रुपये प्रोजेक्ट कार्य मासिक पत्रिका आदि पर खरीदने में खर्च किया जाएगा। जिसमें विकसित भारत बिल्डथॉन के लिए 2500 रुपये, प्रोजेक्ट कार्य के लिए 15 हजार रुपये और मासिक पत्रिका का खरीदने के लिए 2500 रुपये दिए गए हैं। भेजी गई धनराशि चयनित किए गए स्कूलों को भेजी जा रही है। जिससे उनमें मॉडल आधारित पढाई कराई जा सके। इससे पूर्व स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

> प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों में मॉडल आधारित पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए शासन से मिले बजट को स्कूलों में भेजा जा रहा है। शिक्षक भी प्रशिक्षित किए जाएंगे। इसके बाद शिक्षण कार्य शुरू होगा।
> - **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

**क्या है बेस्ट लर्निंग:** बीएसए ने बताया कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग एक छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति है। छात्र समस्याओं को हल करने के लिए एक लंबी परियोजना पर काम करते हैं, जिससे उन्हें गहन ज्ञान के साथ-साथ आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। यह केवल किताबों तक सीमित न रहकर, अनुभव-आधारित और व्यावहारिक सीखने पर जोर देती है। इसमें छात्र अपनी समझ को प्रदर्शित करने के लिए एक सार्वजनिक उत्पाद (जैसे मॉडल या प्रस्तुति) बनाते हैं और सीखते हैं।

## म्याऊं ब्लॉक में शुरू किया दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**बदायूं, अमृत विचार:** रोजगार सेवकों और पंचायत सहायकों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को म्याऊं ब्लॉक परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें रोजगार सेवकों और पंचायत सहायकों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के विषय में जानकारी दी गई।

शिविर में उपस्थित रहे खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि सभी पंचायतें आत्मनिर्भर बने। पंचायत स्तर पर विभिन्न प्रकार के संसाधनों के माध्यम से अपनी आय सृजित की जाए। इससे पंचायतें आत्मनिर्भर मास्टर ट्रेनर रूपेंद्र पटेल ने ओएसआर के बारे में जानकारी दी।

ट्रेनर अमरीश पटेल ने ओएसआर को पंचायत पर जनरेट करने की जानकारी दी। ट्रेनर कृष्ण चौहान ने पंचायती राज एक्ट की धारा 37 में किस तरीके से कर लगाकर एवं सेवा शुल्क लगाकर हम पंचायत को राजस्व अर्जित कर सकते हैं। इसकी जानकारी रोजगार सेवकों और पंचायत सहायकों को दी।

# शौचालय नहीं होने से दीवार गंदी कर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रेलवे स्टेशन से लेकर रोडवेज तक नहीं है सुलभ शौचालय
- दुर्गंध के कारण मुंह पर कपड़ा रखकर निकलते हैं राहगीर

**अमृत विचार :** शहर में स्वच्छता के नाम पर गंदगी फैलाई जा रही है। इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है। रेलवे क्रॉसिंग से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तक एक भी शौचालय नहीं हैं। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हालत यह है कि पुलिस परेड ग्राउंड दीवारें लघुशंका गृह बन चुकी हैं। यहां हर समय दुर्गंध आती रहती है। लोगों को मुंह पर कपड़ा रखकर निकलने के लिए विवश होना पड़ रहा है।


पुलिस परेड ग्राउंड की दीवार के सहारे लघु शंका करते लोग। ● अमृत विचार

शहर सहित देहात क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों का निर्माण कराया गया। जिन स्थानों पर शौचालय बनाने के लिए स्थान नहीं मिल सका वहां पर मोबाइल शौचालय खड़े कराए गए थे। इस कार्य में करोड़ों रुपये खर्च हुए थे, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कई शौचालय ऐसी जगह बना दिए गए। यहां उनकी जरूरत नहीं थी। रेलवे क्रॉसिंग से लेकर रोडवेज चौराहे तक एक भी शौचालय नहीं हैं। न ही मोबाइल शौचालय को रखवाया गया। नतीजा यह निकला कि रोडवेज बस स्टैंड तक आने वाले यात्रियों या फिर बाजार जाने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। शौचालय न होने की दशा में उन्हें दीवारों का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों के द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड की दीवार के सहारे लघुशंका किए जाने की वजह से गंदगी फैल रही है। इन दीवारों के पास से आने वाली दुर्गंध से लोगों को बुरा हाल हो जा रहा है। दुर्गंध से बचने के लिए लोगों को मुंह पर कपडा रखकर निकलना पड़ता है। यह हाल तब है जब इस रोड से अक्सर प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना जाना बना रहता है। लेकिन आज तक इस रोड पर एक शौचालय की व्यवस्था नहीं हो सकी। जिससे लोगों को खुले में लघुशंका करने के दौरान शर्मसार होने से बचा जा सके।

> रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर शौचालय बने हुए हैं। रास्ते में ऐसी जगह नहीं है जहां शौचालय का निर्माण कराया जा सके। फिर भी रोड का सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद व्यवस्था कराई जाएगी।
> - **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका

### पीछे करते फाइनेंस एजेंटों की गाड़ी टकराई, दो को पीटा

उझानी, अमृत विचार : जिला हाथरस के थाना सिकंदरा राव क्षेत्र के गांव चिरामल निवासी नईम खां पुत्र खुशी मोहम्मद ने उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 दिसंबर की दोपहर एक बजे डीसीएम लेकर हाथरस जा रहे थे। रास्ते में छतुइया रेलवे क्रासिंग के पास ब्रेकर पर डीसीएम धीमी की। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार स्कार्पियो किसी गाड़ी का पीछा करते हुए आई और डीसीएम में टक्कर मार दी। जिससे उनकी गाड़ी की लाइट टूट गई। कार सवारों ने उन्होंने और उनके साथ पवन चौहान पुत्र दीनदयाल चौहान को बुरी तरह से पीटा। स्कार्पियो फाइनेंस एजेंट सर्वेश कुमार की बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि आधी रात को उझानी क्षेत्र के छतुइया रेलवे क्रासिंग के पास फाइनेंस के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। आए दिन विवाद होते हैं लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

# सरदार भगत सिंह की टोली प्रथम

- रामप्रकाश सोहन देवी इंटर कॉलेज में स्काउट प्रशिक्षण समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


शिविर के समापन पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामप्रकाश सोहन देवी इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। बच्चों ने तंबुओं का शहर बसाया। स्काउट वर्ग में सरदार भगत सिंह और गाइड वर्ग में भारत माता कंपनी आल ओवर चैंपियन रही।

मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक अजनेश यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। कहा कि युवा अपनी अद्भुत क्षमताओं को राष्ट्रहित में लगाएं, सृजन का कार्य कर लक्ष्य को पाएं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि चिंतन, चरित्र और आचरण पवित्र हो, तो व्यक्ति और राष्ट्र का मस्तक सबसे ऊंचा होगा। श्रेष्ठ संस्कारों से युवा हर कार्य को संभव कर दिखाने की श्रेष्ठ सामर्थ्य रखता है। स्काउट वर्ग में सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद टोली प्रथम, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, श्री राम और छत्रपति शिवाजी टोली संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रही। गाइड वर्ग में भारत माता कंपनी और मां सरस्वती कंपनी प्रथम, मां दुर्गा, रानी लक्ष्मी बाई कंपनी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मनीषा, वरिष्ट शिक्षिका ममता, मीना, शिक्षक गंगा सिंह, बबलेश यादव, राहुल यादव, रिंकू सिंह, राहुल कुमार, अजीत यादव ने विजेता टोलियों के बच्चों को गोल्ड मेडल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्काउट शिक्षक कल्लू सिंह, राहुल यादव, वारिस सलमानी, रिंकू सिंह, नेहा, रूबी, मीना, सरियल, गुंजन, सरिता, पिंकी आदि मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण समाप्त

संवाददाता, बिल्सी

- महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगा था शिविर

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की और प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई जानकारियों का प्रदर्शन किया।

समापन पर टेंट पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी टोलियों ने अपने कौशल का परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने गुलाब प्रथम, गुलाब द्वितीय और कमल टोली को तृतीय स्थान घोषित किया गया। प्रतियोगिता में सभी टोलियों ने अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स जैसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करते हैं। समापन समारोह में प्रशिक्षक एवं जिला स्काउट गाइड कमिश्नर मोहम्मद असरार अहमद, महाविद्यालय के शिक्षक, प्रशिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति को लेकर किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल में नारी शक्ति को समर्पित नई चेतना 4.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नारी शक्ति के संबंध में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि वंदना राठौर, विद्यालय की मैनेजिंग हेड श्वेता मेंहदीरत्ता और स्कूल की मेधावी छात्रा संस्कृति गुप्ता ने कार्यक्रम का आरंभ किया। छात्राओं ने स्वागत गान किया। छात्राओं ने नारी शक्ति को समाहित किए काव्य पाठ, लघु नाटिका, भाषण आदि को प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं एवं मन में चल रहे अनेक सवालों के समाधान के लिए अतिथियों से प्रश्नोत्तरी भी की। प्रेरणादायक उत्तर सुनकर सभी छात्राएं, अभिभावक और शिक्षिकाएं आदि नारी सशक्तिकरण व उत्थान को लेकर प्रेरित हुए। स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने हर नारी के जीवन मूल्यों व संघर्षशील और समाज की दोहरी मानसिकता आदि के विषय में रूबरू कराया। जीवन के संघर्षों का सामना करते हुए बिना किसी भय के निरंतर दायित्वों की पूर्ति करने का आह्वान किया। मेधावी छात्रा ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए अपनी संघर्षशील जीवन शैली ओर स्कूल की अविस्मरणीय यादों को साझा किया। कॉर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा आदि उपस्थित रहे और सांस्कृतिक क्लब हेड मरियम व क्लब की सदस्य छात्रा सौम्या, तहूरा, उमाएजा, शिविका, सान्वी, कनिष्का आदि का योगदान रहा।


ब्लूमिंगडेल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं के साथ अतिथि।

- ब्लूमिंगडेल स्कूल में आयोजित किया नई चेतना 2.0 कार्यक्रम

# थाने में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा, बाहर ग्रामीणों का प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, गांव में मूर्ति स्थापित करने की मांग

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** पांच साल से थाने में धूल फांक रही डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग को लेकर शनिवार को ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सीएम को पत्र भेज कर जल्द से जल्द मूर्ति स्थापित करने की मांग की है।


आंबेडकर की मूर्ति लगवाने के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

थाना क्षेत्र के गांव मुगर्रा निवासी ग्राम प्रधान मुनीश कुमार, पूर्व प्रधान रामनिवास और ग्राम वासियों ने एसडीएम दातागंज को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा गांव में स्थापित करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने थाना प्रभारी निरीक्षक उसहैत को मामले की जांच सौंप दी। इसमें किसी भी व्यक्ति ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। सभी लोग मूर्ति स्थापित करने के पक्ष में हैं। ग्रामवासियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा मंगाई थी। लेकिन मूर्ति को लगने नहीं दिया गया। उसे थाने में रखवा दिया गया। मूर्ति थाना परिसर में पांच साल से रखी है। मूर्ति को गांव में लगाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। शनिवार को गांव के ग्राम प्रधान मुनीश कुमार, पूर्व प्रधान रामनिवास, अरविंद कुमार, पप्पू, दुर्वेश, श्याम पाल, देवेंद्र पाल, लटूरी, प्रथ्वीराज, श्याम सिंह, वीर प्रताप सिंह, सत्यपाल, आमिर, जितेंद्र, जयराम, राजवीर, प्रभुदयाल सहित दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रधान मुनीश कुमार ने बताया उनकी ग्राम पंचायत मुगर्रा है। यहां जमीन डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के नाम से अभिलेखों में दर्ज है। उन्हें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है।

## बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। अकबराबाद के मुख्य चौराहा पर पहुंचकर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने दीपू दास की निर्मम तरीके से की गई हत्या का जिक्र करते हुए इस घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने फ्लैग मार्च भी निकला। हिन्दू संगठन के लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

# 5.27 लाख बच्चे पिएंगे विटामिन ए की खुराक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सदर विधायक ने फीता काटकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का किया आरंभ
- लोगों को किया जाएगा जागरूक पांच साल तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने का आह्वान

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में शनिवार को मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने फीता काटकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह आरंभ किया। उन्होंने बच्चे को विटामिन एक की खुराक पिलाकर सभी लोगों को जागरूक किया। पांच साल तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने का आह्वान किया।


बच्चे को विटामिन ए की खुराक देते विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

सदर विधायक ने एम बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाते हुए लोगों से अपील की कि वह लोग अपने पांच साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक जरूर पिलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि विटामिन ए की खुराक छह माह से पांच साल तक के बच्चों को हर साल दी जाती है। इससे बच्चा निरोग और स्वस्थ रहता है। विटामिन ए की खुराक से कुपोषण का खतरा नहीं रहता है। अन्य कई बीमारियों से निजात मिल जाती है। कहा कि प्रत्येक शनिवार और बुधवार को दवा पिलाई जाएगी। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. शोभा अग्रवाल ने कहा कि यहां पर आने वाले बच्चों को विटामिन ए की खुराक नियमित दी जाएगी। अधिकांश लोग अपने बच्चों को लेकर आते हैं उन्हें पहले दवा पिलाई जाएगी। इसके फायदे के बारे में बताया जाएगा। इस मोके पर अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के नोडल डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह एक माह तक चलेगा। 27 जनवरी को इसका समापन किया जाएगा। शासन स्तर से इस बार पांच लाख 27 हजार बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए आशा, आंगनबाड़ी, और एएनएम को लगाया गया है।

## छात्राओं को दी बाल विवाह कुप्रथा की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में बाल विवाह मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा छात्र- छात्राओं को बाल विवाह कुप्रथा के विषय में जानकारी दी।

प्रधानाचार्य ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। जिसे खत्म करने के लिए भारत सरकार बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लाकर और राजाराम मोहन रॉय जैसे सुधारकों शारदा अधिनियम 1929 बना कर खत्म करने का प्रयास किया गया था। आज के इस वर्तमान समय में बाल विवाह एक बुराई हैं हम सभी को बाल विवाह जैसी कुप्रथा को मिटाना हैं। इस अवसर पर नीरज चौहान, विपल्व भारती ,राम अवतार मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जामा मस्जिद के नजदीक कब्रिस्तान की होगी नापजोख

**संभल, अमृत विचार :** जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की प्रशासन नापजोख करायेगा। नापजोख की कार्रवाई 30 दिसंबर को होगी। इससे पहले प्रशासन ने जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर उनसे संवाद स्थापित कर कार्रवाई के बारे में बताया संभल कोतवाली परिसर में सोमवार को कब्रिस्तान की पैमाइश को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में एसडीएम रामानुज, सीओ आलोक भाटी तथा कोतवाली प्रभारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य कब्रिस्तान की पैमाइश के संबंध में पक्षकारों से संवाद स्थापित करना रहा।

### चार दिन बीतने के बाद भी हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई में चार दिन पहले ईंट से कुचलकर की गई युवक की हत्या के मामले में पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बावजूद न तो हत्या के कारण का पता चल पाया है और न ही हत्यारों की पहचान हो सकी है। पुलिस के लिए यह मामला सिरदर्द बना हुआ है। चार दिन पूर्व बहजोई के चांदनी चौक क्षेत्र में गोलागंज निवासी सुशील कुमार पुत्र रामकुंवर की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव चांदनी चौक मार्केट में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मौके से खून से सनी ईंट भी बरामद की गई थी।

# सड़क की मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी

## आसफपुर के ढोरनपुर के ग्रामीणों ने की नारेबाजी, एसडीएम व सीओ का आश्वासन मानने को नहीं हुए तैयार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** विकास की पोल खुलते देखना चाहते हैं तो विकास क्षेत्र आसफपुर के गांव ढोरनपुर जाएं। जहां सड़कों की दुर्दशा विकास को आइना दिखा रही है। कई बार शिकायतों के बाद भी सड़क नहीं बनाई गई तो ग्रामीण अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हुए हैं। ग्रामीण लगातार दूसरे दिन भूख हड़ताल पर रहे। एसडीएम और सीओ बिसौली ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या जानी।

ग्रामीणों ने 18 नवंबर दिसंबर को अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर गांव में सड़क की समस्या से अवगत कराया था। कहा था कि मांग पूरी नहीं हुई तो वह 25 दिसंबर से भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी अधिकारी और किसी भी जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों से बात करना मुनासिब नहीं समझा। इसके चलते ग्रामीणों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। आसफपुर-चंदौसी मार्ग से लेकर गांव तक जगह-जगह तिरंगा लगाए। कड़ाके की सर्दी में वह टेंट लगाकर बैठ गए हैं। वहां संगठन पेटी रखी गई है। इसमें ग्रामीण स्वेच्छा से सहयोग राशि जमा करते रहे। जिससे वह लोग लंबे समय तक आंदोलन कर सकें। ग्रामीणों कहा कि देश आजाद हो गया है, लेकिन गांव की मुख्य सड़क नहीं बनाई गई है। बताया कि पिछली साल चुनाव बहिष्कार के दौरान अधिकारियों ने झूठा आश्वासन दिया था। उन्होंने ग्रामीणों का भरोसा तोड़ा है। कहा कि सड़क न होने से गांव में कोई अपनी बेटी बिहाने को तैयार नहीं होता। बारातें दूसरे गांवों में रुकती हैं। बीमारों और गर्भवतियों का ज्यादा बुरा हाल रहता है। अस्पताल ले जाने के लिए चारपाई का सहारा लेना पड़ता है। बच्चे कीचड़ और उबड़-खाबड़ मार्ग से गुजरते हैं। अब जब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा, अनशन जारी रहेगा। कहा कि पहले दिन भूख हड़ताल की किसी ने सुध नहीं ली। सूचना पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची। शनिवार को एसडीएम राशि कृष्णा, सीओ सुनील कुमार, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। कहा कि वह संबंधित विभाग से बात करके जल्द समाधान निकालेंगे, लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे। कहा कि यह ग्रामीणों का अंतिम प्रयास है। इस बार अनदेखी की गई तो कुछ आत्मघाती कदम उठाएंगे। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है। सीओ के निर्देश पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।



सड़क की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार



मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात करतीं एसडीएम और सीओ बिसौली। ● अमृत विचार



चंदौसी के कॉलेज जाते समय इसी कच्चे मार्ग से गुजरना पड़ता है। बारिश और कोहरे के दौरान तो बहुत ज्यादा परेशानी हो जाती है। सड़क का निर्माण हो जाए तो ग्रामीणों को बहुत सुकून मिलेगा। **– अमृता सिंह**



गांव का मार्ग कच्चा रहने की वजह से अनपढ़ रह गए। सड़क खराब होने की वजह से स्कूल जा ही नहीं सके। बचपन से ही ऐसा ही कच्चा मार्ग देखते आए हैं। गांव में आने वाली बारात को दूसरे गांव में रुकवाना पड़ता है। **– जीनत**



हमें तो देखते हुए कई साल बीत चुके हैं। अब तो लगभग पूरी जिंदगी कटने की ओर है, लेकिन सड़क निर्माण नहीं हुआ। उन बच्चों का क्या होगा जो पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे। अब तो कई जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की आवाज सुन ले। **– भूरी देवी**



अधिकारियों ने चुनाव के दौरान आश्वासन दिया था कि सड़क का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। तब ग्रामीणों ने पिछले साल भूख हड़ताल रोकी थी। जनप्रतिनिधि झूठे वादे करके वापस चले गए। इस बार आर पार की लड़ाई होगी। **– इकबाल**



गांव ढोरनपुर जाने वाली कच्ची सड़क। ● अमृत विचार

# डायट में शुरू किया एबीवीपी का अधिवेशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पहले दिन प्रदर्शनी का आरंभ किया, 16 जिले के युवाओं ने लिया भाग**

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, ब्रज प्रांत के 66वें प्रदेश अधिवेशन का आरंभ शनिवार को प्रोफेसर यशवंत राव केलकर प्रदर्शनी के आरंभ के साथ हो गया। आरंभ भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य हरिप्रसाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. राकेश लवानिया, नगर अध्यक्ष कृष्ण हरि शर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख स्पर्शी शर्मा, नगर मंत्री अक्षित शाक्य ने संयुक्त रूप से किया।

प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक कार्य, राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका, सामाजिक समरसता, शिक्षा, संस्कृति एवं सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थी परिषद की वैचारिक यात्रा को दर्शाती है बल्कि युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी करती है। प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदर्शनी में शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों को आकर्षक व ज्ञानवर्धक रूप में प्रदर्शित किया गया है। आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को पहचानें और समाज के प्रति संवेदनशील बनें। नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदर्शनी उद्घाटन समारोह में सभी का स्वागत है। प्रदर्शनी जिसका नाम प्राध्यापक के स्वतंत्र राव केलकर है। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, निवर्तमान प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री अनुज ठाकुर, निवर्तमान प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विभाग प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला प्रमुख विजयपाल सोलंकी, प्रांत सह मंत्री पायल गिहार, विभाग संयोजक हरिमोहन सिंह पटेल समेत 16 जिलों आए युवा मौजूद रहे।




डायट में अधिवेशन को संबोधित करते वक्ता और मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

# ड्रग इंस्पेक्टर ने पकड़ा अवैध मेडिकल स्टोर, 1.17 लाख रुपये की दवाइयां जब्त

- **चार दवाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ड्रग्स इंस्पेक्टर ने बिसौली क्षेत्र में एक अवैध मेडिकल पर छापा मारा। पुलिस की उपस्थित में ड्रग्स इंस्पेक्टर ने 1.17 की दवाइयों को जब्त किया। इसके साथ ही अधिकारी द्वारा चार संदिग्ध दवाइयों के सैंपल लिए गए। उन्हें जांच के लिए भेजा है।

शनिवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर लव कुश प्रसाद ने बिसौली शमशेर खान मार्केट स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। पुलिस के साथ पहुंचे ड्रग्स इंस्पेक्टर को मेडिकल स्टोर पर उसका संचालक शाहे आलम निवासी छीतरपुर महरौली दवाइयों की बिक्री करते हुए मिला। उससे मेडिकल का लाइसेंस सहित अन्य अभिलेख मांगे, लेकिन वह दिखाने में असमर्थ रहा। इस पर अधिकारी ने चार संदिग्ध दवाइयों का सैंपल लिया। साथ ही मेडिकल में रखी दवाइयों को जब्त कर लिया। उन्हें सील करते हुए मुख्यालय ले आए। जब्त की गई दवाइयों की कीमत 117458 रुपये आंकी गई है। ड्रग्स अधिकारी ने बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल स्टोर पर दवाइयों को जब्त करते ड्रग इंस्पेक्टर। ● अमृत विचार

# एनआरएचएम की टीम ने शुरू किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **टीम ने नवजात को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में ली जानकारी**

**अमृत विचार :** अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार बरेली के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम यहां पहुंची। टीम ने जिला महिला अस्पताल में निरीक्षण किया। वार्ड में भर्ती महिलाओं से बात सभी मरीजों से हालचाल पूछा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


टीम में शामिल अधिकारियों ने जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। मरीजों से बात की और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जानकारी की। टीम ने एसएनसीयू वार्ड में डॉ. कुमार वासू से बात की। यहां पर भर्ती नवजात को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी की। उसके बाद टीम के सदस्य पीएनसी वार्ड में पहुंचे। यहां पर भर्ती प्रसूताओं से बात की। उन्हें दवा और भोजन के बारे में बात की। साफ सफाई को लेकर सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद टीम ने रसोई में साफ सफाई का जायजा लिया। बताया गया कि 30 दिसम्बर तक टीम सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो का निरीक्षण करेगी। दो सदस्यीय टीम में डॉ. किनदर लाल आक्र और डॉ. मोहम्मद अहसन ने शनिवार को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। टीम ने आस पास की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। टीम ने बिसौली क्षेत्र के गांव करनपुर एवं एक अन्य गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

### बुजुर्ग की हालत गंभीर

**संभल, अमृत विचार :** संभल में शनिवार शाम मजदूरी कर घर लौट रहे एक बुजुर्ग को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बुजुर्ग ट्रक के बीच वाले टायरों में फंस गया। पुलिस ने ट्रक को रुकवाकर बुजुर्ग को निकाला। गंभीर हालत में उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# अधिवेशन में विनोद समिति अध्यक्ष मनोनीत



समिति के वार्षिक अधिवेशन में मंच पर बैठे अतिथि गण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्रामीण बैंक समिति की स्थापना की स्वर्ण जयंती पर हुई अधिवेशन**

**अमृत विचार :** देश में ग्रामीण बैंक समिति की स्थापना की स्वर्ण जयंती के मौके पर आयोजित अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इरफान आलम, मुरादाबाद समिति के अध्यक्ष अनिल तोमर व चन्दौसी समिति के अध्यक्ष हितेश पाल सिंह आदि ने भी भाग लिया। सभा की अध्यक्षता मुरादाबाद की सुनीता देवी ने की। अधिवेशन में विनोद कुमार को समिति अध्यक्ष मनोनी किया। अधिवेशन में सदस्यों ने केन्द्र सरकार से ग्रामीण बैंकों में लाए जा रहे आईपीओ का प्रबल विरोध किया। सदस्यों ने बैंक की ओर से कम्प्यूटर इन्क्रीमेंट के एरियर की विसंगतियों को अति शीघ्र दूर करने की मांग रखी।

प्रबंध तंत्र कार्यरत स्टाफ के साथ साथ सेवानिवृत्त स्टाफ के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग की गई। इसके साथ ही पेंशन के कम्यूटेशन की राशि की 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष आठ माह में करने की बात कही गई। बदायूं यूनिट की पुरानी इकाई को भंग करके नई कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें सर्वसम्मति से विनोद कुमार वार्ष्णेय को अध्यक्ष, वीरेन्द्र कुशवाहा को सचिव तथा रमेश चंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अधिवेशन में अरविन्द मिश्र, विनोद कुमार वार्ष्णेय, रजनीश वर्मा, अनिल तोमर, वीरेन्द्र सक्सेना, महेंद्र पाल, ओम प्रकाश गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती के कुल शरीफ की रस्म हुई अदा

**बदायूं, अमृत विचार:** कस्बा बिसौली स्थित ख्वाजा गरीब नवाज हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। मस्जिदों व खानकाह में कुरान ख्वानी, नातों मनकबत और तकरीर को पेश किया गया। विशेष कार्यक्रम नगर के टंकी रोड स्थित गुलाम मोहम्मद के आवास पर हुआ। जहां ख्वाजा गरीब नवाज के कुल शरीफ की रस्म नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद व कारी बिलाल रजा की सरपरस्ती में अदा की गई। इसके बाद कुरान की तिलावत और मिलाद शरीफ की महफिल सजी। इस दौरान हाफिज जियाउल हसन सैफी, खानकाह के मुतवल्ली मो. सलीम खां, फारुख खान, मशहूद खां हमदम आदि उपस्थित रहे।

# रंगीन मछलियां दिलाने के बहाने युवती से छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कार में जबरन बैठाकर की छेड़छाड़, सुंघाया नशा**
- **एसपी सिटी से की शिकायत एफआईआर दर्ज**

**अमृत विचार :** शहर निवासी एक युवती का आरोप है कि कुछ लोगों ने रंगीन मछलियां दिलाने के लिए उसे जबरन बिना नंबर प्लेट की कार में बैठाकर छेड़छाड़ की। वह किसी तरह चुंगल से छूटकर भाग निकली और एसपी सिटी से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

युवती ने शिकायत कर बताया कि 2 नवंबर को वह शहर में सुभाष चौक के पास रंगीन मछलियां और मछलियों के लिए कंटेनर खरीदने गई थी। यहां विशाल नाम के युवक ने उससे अगले दिन और अच्छी किस्म की मछलियां दिलाने की बात कही। युवती अगले दिन दुकान पर पहुंची। जहां सात लोग मौजूद थे। दुकानदार ने उन्हें मछलियां खरीदने व बेचने वाला बताया। आरोप है कि दुकानदार के कहने पर युवती को बड़े सरकार की दरगाह के पास बुलाया गया। कहा कि वहां वैन में नई मछलियां लाई जाएंगी। युवती वहां पहुंची जहां कार खड़ी थी। इसमें से दो लोग उतरे। युवती को जबरन कार में बैठा लिया। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ की। नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। कुछ समय के बाद युवती को होश आया तो वह लोग किसी स्थान पर ले जाकर गलत काम करने की बात कर रहे थे। युवती शौच का बहाना बनाकर भाग निकली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खेत में मिली गठरी से हड़कंप, निकले कपड़े

**बबराला, अमृत विचार :** बबराला थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के जंगल में खेत में लावरिस गठरी मिलने पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गठरी को खोलकर देखा तो कपड़े रखे मिले। मीरमपुर घेर निवासी प्रेम पाल अन्य मजदूरों के साथ ईख की छिलाई कर रहा था। इसी दौरान खेत में एक गड्ढा दिखाई दिया, जिसमें एक गठरी पड़ी हुई थी। यह देख मजदूर घबरा गए और घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM (Male) • आयुर्वेदिक परिचारिका
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय
- हॉस्टल वार्डन फीमेल
- कैंटीन सुपरवाइजर/मेस सुपरवाइजर

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497


**सेहत से खिलवाड़** | खाद्य विभाग की टीम को नहीं जानकारी ठेले, खोमचे और रेस्टोरेंट वाले कौन सा तेल कर रहे इस्तेमाल

# फास्ट फूड के नाम पर लोग खा रहे धीमा जहर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फास्ट फूड को लोगों ने अपने खान पान में शामिल कर लिया है, लेकिन उन्हें नहीं पता कि वह फास्ट फूड के नाम पर धीमा जहर खा रहे हैं। शहर के हर चौराहे गली मोहल्ले में लगे ठेलों पर कड़ाही में बर्गर, चाऊमीन, नूडल्स व मोमोज तले जा रहे हैं। ठेले वाले कौन सा तेल इस्तेमाल कर रहे हैं। उनकी गुणवत्ता क्या है, इस बारे में जानने की किसी को फुर्सत नहीं है। यहां तक आज तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोई सैंपल तक नहीं लिया है। खाद्य विभाग की इसी लापरवाही के कारण शहर में फास्ट फूड बिक्री करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह लोग अधोमानक खाद्य पदार्थ की बिक्री कर रहे हैं।

फास्ट फूड की बिक्री करने वाले ठेले शहर, कस्बा व देहात क्षेत्र में घूम रहे हैं। शहर का ऐसा कोई चौराहा नहीं है जहां इनकी बिक्री न हो रही हो। शाम होते ही फास्ट फूड की बिक्री करने वाले ठेलों और दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। इन बिक्री का दौरान शाम से शुरू होकर देर रात तक चलता है। फास्ट फूड के नाम पर सड़कों के किनारे खड़े यह ठेले वाले कड़ाही में बर्गर, चाऊमीन, नूडल्स तलने के साथ ही मोमोज तथा अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री कर रहे हैं। फास्ट फूड तैयार करने में यह अधोमानक खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल करते हैं।

लोग भी स्वाद के चलते इन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते। लोग सस्ते दाम पर आसानी से उपलब्ध होने पर फास्ट फूड के नाम पर धीमा जहर खा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इन ठेलों पर बिक रहे फास्ट फूड की गुणवत्ता के लिए सैंपलिंग तक नहीं की जाती है। इसके चलते अधोमानक खाद्य सामग्री खूब बिक रही है। नतीजतन लोगों की सेहत बिगड़ रही है।




इंद्रा चौक स्थित सड़क किनारे लगे ठेले से फास्ट फूड खरीद कर खाते लोग।

- **ठेलों पर बिक रहे खाद्य पदार्थों का नहीं लिया जाता सैंपल**
- **शहर के हर चौराहे और मोहल्ले में लगे फास्ट फूड के ठेले**

### 500 से अधिक जारी किए हैं लाइसेंस

खाद्य सुरक्षा विभाग ने ठेलों पर फास्ट फूड बेचने के लिए 500 से अधिक लाइसेंस जारी किए हैं। लाइसेंस जारी करने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। इन बिक रही अद्योमानक सामग्री का एक भी सैंपल नहीं लिया गया। हालांकि विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि उनके द्वारा पिछले माह पानी पूरी और पनीर का सैंपल लिया गया है। जिसकी अब तक रिपोर्ट नहीं आ सकी है।

### फास्ट फूड बेचने वाले हैं अप्रशिक्षित

नियम के तहत खाद्य विभाग फास्ट फूड की बिक्री करने के लिए लाइसेंस जारी करता है। जिन लोगों को फास्ट फूड बिक्री के लिए लाइसेंस दिया जाता है उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्हें गुणवत्ता को लेकर जानकारी भी जाती है। खाद्य पदार्थ कैसे तैयार करें इसके बारे में बताया जाता है, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग लाइसेंस तो जारी कर रहा है। लेकिन उन्हें प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है। यहां तक कि यह तक जानने की कोशिश नहीं की जा रही है कि लाइसेंस लेने वाले क्या बेच रहे हैं।

> जिले में सैंपल लिए जाने की कार्रवाई लगातार चलती रहती है। पिछले माह ही पानी पूड़ी और पनीर का सैंपल एक ठेले से लिया गया था। अब जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।
> **– सीएल यादव,** सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैं, भावनादेवी, माता संख्या 17007475। एन.के. जितेंद्र गंगवार, निवासी ग्राम ग्यासपुर, पोस्ट एवं तहसील बिसालपुर, जिला पीलीभीत (उ.प्र.) पिन-262201, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम भावनादेवी से बदलकर भावना देवी कर लिया है तथा अपनी जन्मतिथि 01.07.1965 से बदलकर 01.01.1964 कर ली है। यह परिवर्तन शपथ-पत्र संख्या IN UP15573863829703X दिनांक 23 दिसंबर 2025 के माध्यम से, नोटरी पब्लिक, बदायूँ (उ.प्र.) के समक्ष किया गया है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डिप्लोमा के डाक्यूमेन्ट रोल नं. SPN M080100214 है डमरू चौराहा से डेलापीर मंडी जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया है। **प्रीति वर्मा पुत्री वेदप्रकाश निवासी शास्त्री नगर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने मझिले पुत्र मिराज पुत्र गुड्डू व बहू नेहा पत्नी मिराज को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं होगा। **गुड्डू पुत्र रहीस निवासी- मोहल्ला रंगरेजान 2, पलियाकलां -खीरी।**

**सूचना**
मेरा नाम फैज अहमद पुत्र स्व. श्री शकील अहमद सिद्दीकी है और Education Document में फैज अहमद सिद्दीकी है। भविष्य में मुझे फैज अहमद नाम से ही पहचाना/पुकारा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री संस्कृति आहूजा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रत्ना आहूजा पत्नी स्व. सुमित आहूजा निवासी ए-116, राजेन्द्र नगर, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

## जिम्नास्टिक की मंडलीय टीम चयनित

बरेली, अमृत विचार : क्षेत्रीय कार्यालय आगरा की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष और महिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में 1 से 3 जनवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए मंडल की टीम का चयन शनिवार को किया गया। टीम में बालक वर्ग में शेखर सागर, अमन सागर, ओजस सक्सेना, अनुराग सिंह, दिपांशु गुप्ता और बालिका वर्ग में दिव्यांशी, आराध्या जायसवाल, अक्षिता, प्रगति, अन्नया का चयन हुआ। ट्रायल में एसोसिएशन के सचिव संतोष शर्मा मौजूद रहे।

## टूर पैकेजों की कीमत में इजाफा

बरेली, अमृत विचार : नए साल के मद्देनजर होटल और टूर पैकेज की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में पहले जिन कमरों के लिए दो से ढाई हजार रुपये खर्च करने पड़ते थे, वहीं अब कमरे तीन से पांच हजार रुपये में बुक हो रहे हैं। इसी तरह टूर पैकेज की कीमत लगभग 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गई है। बावजूद, लोग नए साल का उत्सव मनाने के लिए उत्साहित हैं। पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए पहले से अधिक बजट तय होने पर भी बुकिंग करवा रहे हैं।

## लूट को चोरी लिखने में खुलेगी जांच

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में महिला से दिनदहाड़े घर में घुसकर मोबाइल फोन लूटने के मामले में थाना प्रभारी ने चार दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। ऐसे में अब सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने जांच रिपोर्ट एसएसपी अनुराग आर्य को भेजा है। जल्द ही थाना प्रभारी की जांच खुलेगी। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी की जांच रिपोर्ट एसएसपी को भेज दिया है। जल्द ही उनके खिलाफ जांच खोली जाएगी। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, राजेन्द्र नगर निवासी रेनू बाला से 22 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे घर में घुसकर 40 वर्षीय व्यक्ति ने हाथापाई करके मोबाइल फोन लूट लिया था। आरोपी मकान का गेट बाहर से बंद कर अपने ई-रिक्शा से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस लूट की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पीड़िता को चार दिन तक टहलाती रही थी फिर चोरी में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# कोहरे में ट्रक से भिड़ंत, पिकअप चालक की मौत, दो लोग घायल

### ट्रक से टकराकर भैंसों से लदी पिकअप पलटी, 45 मिनट केबिन में फंसा रहा चालक

कार्यालय संवाददाता, संभल



मौके पर राहत व बचाव कार्य कराती पुलिस। ● अमृत विचार

- **पुलिस ने मशक्कत कर चालक का निकाला, तब तक हो गई मौत**
- **दो लोग घायल, एक भैंस भी मरी जबकि दो पशु गंभीर घायल**

अमृत विचार : घने कोहरे के बीच हसनपुर-गंवा रोड पर शनिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। भैंसों से भरी पिकअप और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में एक भैंस की भी मौत हो गई, जबकि दो भैंस गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसा शनिवार सुबह करीब आठ बजे जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के थाना रजपुरा क्षेत्र अंतर्गत गांव सिरसा के पास हुआ। कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बेहद कम थी। बताया गया कि दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। अचानक सामने आने पर चालकों को कुछ दिखाई नहीं दिया और पिकअप व ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पिकअप सड़क पर पलट गई। पिकअप का चालक केबिन में फंस गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे में पिकअप में सवार दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया गया है। पिकअप में लदी एक भैंस भी मर गई, दो घायल हैं। वहीं, घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सलमान (32) पुत्र नवील अहमद निवासी गांव सीना, थाना मवाना, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। घायलों में राकिब (16) पुत्र शकील और साद (15) पुत्र वरीश निवासी गांव अगवानपुर, थाना किला परीक्षितगढ़, जनपद मेरठ हैं। पिकअप का नंबर यूपी 15 जेटी1435 और ट्रक का नंबर यूपी 21एएल 5687 बताया गया है।

## दो कश्मीरी युवकों को पकड़ा, पूछताछ के बाद छोड़ा

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने दो संदिग्ध कश्मीरी युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस और खुफिया विभाग की टीम ने लंबी पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया।इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को गांव भगवानपुर में दो कश्मीरी घूम-घूम कर भीख मांग रहे थे। लोगों ने संदिग्ध समझ कर उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस की प्राथमिक जांच में दोनों मांगने खाने वाले लगे, बावजूद एलआईयू को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची खुफिया विभाग की टीम ने दोनों से काफी देर तक पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि दोनों कश्मीर के धीमरी गांव निवासी हैं। जो यहां पर भीख मांगने के लिए आए थे। एक सप्ताह से जिले भर में घूम-घूम कर मांग रहे हैं। जहां पर रात होती वहां के नजदीकी मस्जिद में सो जाते और अगले दिन फिर वही काम शुरू कर देते हैं। पुलिस ने दोनों को हिदायत देकर छोड़ दिया।

## समूह की महिलाओं की सोलर लाइटों से जिंदगी होगी रोशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **लाइटों की देखरेख और मरम्मत कराने का सौंपा जाएगा जिम्मा**
- **लाइटें बनेंगी महिलाओं के रोजगार और आत्मनिर्भर का जरिया**

अमृत विचार : ग्रामीण इलाकों में लगने वाली सोलर स्ट्रीट लाइटें अब केवल रोशनी का जरिया नहीं होंगी, बल्कि महिलाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया माध्यम बनेंगी। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में इस नई पहल के तहत गांवों में स्थापित की जाने वाली सोलर स्ट्रीट लाइटों की देखरेख और मरम्मत का जिम्मा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सौंपा जाएगा। इन महिलाओं को ''''सूर्य सखी'''' के रूप में पहचान मिलेगी।

जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित हैं। वर्तमान में कई महिलाएं ''''विद्युत सखी'''' बनकर बिजली बिल संग्रह का कार्य कर रही हैं और कमीशन के रूप में आय प्राप्त कर रही हैं। इसी तरह समूह से जुड़ी तमाम महिलाएं घर जाकर बैंक खाते खोल रही हैं। इसी कड़ी में अब उन्हें शासन ने सोलर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट परियोजना को जोड़ा गया है।

चयनित महिलाओं को सोलर पैनल, लाइट और बैटरी से जुड़े उपकरणों की स्थापना, संचालन और मरम्मत का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे महिलाओं के तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी और गांवों में सोलर लाइटों का रखरखाव भी बेहतर ढंग से हो सकेगा।

डीसी एनआरएलएम योगेंद्र भारती का कहना है कि यह पहल ग्रामीण विकास के साथ महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देगी। इससे न केवल गांवों में सोलर ऊर्जा का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि समूह से जुड़ी महिलाएं तकनीकी रूप से भी सशक्त बनेंगी।

## क्यूआर कोड पहचान पत्र से होगी परीक्षा स्टाफ की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष सख्त व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी के साथ जांच व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। परीक्षा में तैनात केंद्र व्यवस्थापक, निरीक्षक, परीक्षक और अन्य कर्मचारियों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल अधिकृत और योग्य कर्मियों की ही ड्यूटी लगी है। वहीं, परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश के समय प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा ताकि फर्जीवाड़े की गुंजाइश न रहे।

डीआईओएस डॉ. अजीत सिंह का कहना है कि इस बार बोर्ड की ओर से सख्ती बढ़ाई गई है। बोर्ड का मानना है प्रवेशपत्र के साथ आधार कार्ड अनिवार्य रूप से लाने और केंद्र व्यवस्थापक, निरीक्षक, परीक्षक और अन्य कर्मचारियों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी होने से परीक्षा की शुचिता बनी रहेगी।

**परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पंजीकरण कम**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पंजीकरण में बेसिक और माध्यमिक की गति धीमी पर एडी बेसिक ने नाराजगी जाहिर करते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जनवरी में आयोजित होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 11 जनवरी निर्धारित है, लेकिन अब तक लक्ष्य 354513 के सापेक्ष 50 फीसदी पंजीकरण नहीं हो सके हैं।

## मौलाना तौकीर का एक और करीबी गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने शनिवार को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के करीबी चक महमूद निवासी यूनुस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा समेत 29 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि सैलानी रोड पर भीड़ ने सिर तन से जुदा के नारे लगाते हुए चौकी इंचार्ज की टीम पर हमला कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर फोर्स के साथ शहामतगंज पुल के पास पहुंचे। यहां मौलाना आजाद कॉलेज की ओर से आ रही 200-250 लोगों की भीड़ ने पुलिस पर फिर से हमला कर दिया।

## ठंड ने रोकी पुल निर्माण की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**इस मौसम में बनाई सड़क तो गुणवत्ता होगी प्रभावित**

लोक निर्माण विभाग के रिटायर्ड अभियंता नारायण सिंह बताते हैं कि ठंड के मौसम में सड़क निर्माण कार्य सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि बिटुमेन को निर्धारित तापमान पर बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। वर्तमान में तापमान काफी नीचे चला गया है, जिससे तारकोल सही तरीके से जम नहीं पाएगा। यदि ऐसे मौसम में सड़क बनाई जाती है तो उसकी गुणवत्ता प्रभावित होती है और वह कम समय में ही क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसी वजह से एहतियातन निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोक दिए जाते हैं।

- **15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा तापमान तो बिटुमेन कार्य हुआ मुश्किल**
- **करोड़ों की परियोजनाएं प्रभावित, अब जनवरी के बाद ही मिलेगी राहत**

अमृत विचार : भीषण ठंड में जिले में सड़क और पुल निर्माण कार्यों की रफ्तार थम सी गई है। तापमान में लगातार गिरावट के चलते खासतौर पर तारकोल (बिटुमेन) से बनने वाली सड़कों के निर्माण में भारी दिक्कतें आ रही हैं। दरअसल, बिटुमेन कार्य के लिए न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस तापमान जरूरी होता है, जबकि जिले में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में तारकोल का सही तापमान बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। इस वजह से कई स्थानों पर निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोक दिए गए हैं।

लोक निर्माण विभाग जिले में नवाबगंज, आंवला और फरीदपुर तहसील में 20 से अधिक सड़कों का निर्माण करा रहा है। इसके अलावा तीन लघु सेतु बनाए जा रहे हैं। इन सभी कामों पर ठंड का असर साफ नजर आ रहा है। अभियंता बताते हैं कि कुछ परियोजनाओं में काम चल रहा था, लेकिन अब उनकी गति धीमी हो गई है, जबकि कई स्थानों पर कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। इससे करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं पर ब्रेक लग गया है। अब जनवरी के बाद ही इन कार्यों में तेजी आएगी, जब न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने लगेगा। बीसलपुर रोड पर नवदिया झादा में बन रहा फ्लाईओवर का कार्य भी ठंड की भेंट चढ़ गया है। निर्माण कार्य जनवरी तक पूर्ण कराकर फ्लाईओवर वाहनों के लिए खोलने का दावा किया जा रहा है। यह सिक्सलेन फ्लाईओवर पौने दो किमी लंबा बनाया जाना है, लेकिन बढ़ती ठंड के कारण काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि कि ठंड के चलते बिटुमेन कार्य सही ढंग से नहीं हो पाता है, इसलिए सड़क निर्माण कार्यों पर अल्प समय के लिए रोक है।

## घर के बाहर खेल रहे बच्चे को कुत्तों ने काटा

बरेली, अमृत विचार : एक गांव में घर के बाहर खेल रहे पांच साल के बच्चे पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बिथरी चैनपुर के तैयतपुर गांव निवासी कामनी पटेल ने बताया कि उनका बेटा वैभव पटेल (5) शुक्रवार शाम घर के बाहर खेल रहा था। तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर लोगों ने उसे बचाया।

परिजन बच्चे को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के हाथ और सिर में गहरे जख्म हैं। हालांकि, उसकी हालत स्थिर है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इन्हें पकड़ने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## अदा की ख्वाजा गरीब नवाज के कुल की रस्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कुल की रस्म में अकीदतमंद। ● अमृत विचार

अमृत विचार : खानकाह ए नियाजिया, दरगाह आला हजरत, शाहदाना वली और दरगाह नासिर मियां पर शनिवार को ख्वाजा गरीब नवाज के कुल की रस्म अदा की गई।

खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी ने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार खानकाह पर ख्वाजा गरीब नवाज के कुल की महफिल सजाई गई। कार्यक्रम में अजमेर नहीं जाने वाले जायरीन शामिल हुए। सुबह मदरसा ए आलिया नियाजिया के छात्रों ने कुरानख्वानी में हिस्सा लिया। उसके बाद गरीब नवाज के दरबार में मनकबत पेश की गई। मुरीदों के साथ सज्जादानशीन, खानकाह प्रबंधक अजमेर शरीफ में उर्स में शामिल हुए। खानकाह में हुए कार्यक्रम में मौलाना कासिम नियाजी ने ख्वाजा गरीब नवाज के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सुबह 10 बजे असकारी मियां नियाजी की सदारत में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। वहीं, दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मियां की सरपरस्ती में दरगाह परिसर में ख्वाजा गरीब नवाज के कुल शरीफ की महफिल सजाई गई। इमाम मौलाना मुशाहिद रजा ने ख्वाजा गरीब नवाज की करामातों का बयान कर रूहानी जिंदगी पर रोशनी डाली। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि जो लोग अजमेर शरीफ नहीं जा पाए, उन्होंने दरगाह शाहदाना वली पर कुल शरीफ में शिरकत कर नजराना ए अकीदत पेश किया। अब्दुल सलाम नूरी, हाफिज गुल्लन खां, जावेद खां, सईद कुरैशी, जर्दब साबरी, भूरा साबरी, अकरम वारसी, शाहन मौजूद रहे।

## नर्सिंग कॉलेज की छात्रा के बर्थडे पर कैफे में हंगामा, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, मौके पर पहुंची पुलिस**
- **सीओ की फटकार के बाद तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया काबू**

अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित एक कैफे में नर्सिंग छात्रा की बर्थडे पार्टी में एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर नारेबाजी शुरू कर दी। बवाल बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो युवकों और एक कैफे स्टॉफ को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। तीसरे आरोपी को सीओ प्रथम की फटकार के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

बर्थडे पार्टी में करीब एक दर्जन छात्र-छात्राएं थे, जिनमें आठ हिंदू और दो मुस्लिम युवक भी शामिल थे। बस यही बात एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरी। उन्होंने कैफे में घुसकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। पार्टी में मौजूद छात्राओं ने पुलिस को बताया कि सिर्फ दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मना रहे थे लेकिन जैसे ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो मुस्लिम युवकों को देखा तो हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रा ने पुलिस को बताया कि दोनों मुस्लिम युवक उसके सहपाठी हैं और सभी एक ही नर्सिंग कॉलेज में पढ़ते हैं। पुलिस ने कैफे के बाहर हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाबुझा कर बाहर किया। पुलिस ने मुस्लिम युवक शान और वाकिफ समेत रेस्टोरेंट स्टाफ शैलेंद्र गंगवार को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।

## प्रेमी की दुकान पर युवती ने पीया जहर

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में कुतुबखाना में प्रेमनगर निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने अपने प्रेमी की दुकान पर जाकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवती की हालत नाजुक है और जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। परिजन युवती की स्थिति सही होने पर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। युवती का प्रेम संबंध इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बिहार कला निवासी युवक से था। दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ा तो परिवार भी रिश्ते के लिए राजी हो गए। शादी की तारीखों के सपने देखे जा रहे थे, लेकिन तभी दहेज का जहर रिश्ते में घुल गया। आरोप है कि युवक ने शादी के बदले दहेज की मांग शुरू कर दी और मांग पूरी न होने पर शादी से साफ इन्कार कर दिया। आहत युवती सीधे कुतुबखाना स्थित युवक के जनरल स्टोर पर पहुंची और वहीं जहरीला पदार्थ निगल लिया।

## राइस मिल मालिक की बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर किया था हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **देर रात छलक रहे थे जाम, डीजे बजा कर उड़ाई गईं नियमों की धज्जियां**

अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी पीड़िता ने 26 दिसंबर को बारादरी थाने में आजाद नगर कॉलोनी निवासी रोनित श्रीवास्तव, ध्रुव राय, अमन राय, चिराग गुप्ता और सलोनी पटेल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। सलोनी राइस मिल मालिक की बेटी है।

पीड़िता के मुताबिक क्रिसमस पार्टी के दौरान आरोपियों ने अभद्रता की और विरोध पर मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया तो पता लगा कि पीड़िता भी नशे में थी। बारादरी पुलिस ने माई बार हेडक्वार्टर पहुंचकर सभी सीसीटीवी फुटेज और वीडियो कब्जे में ले लिए हैं। फुटेज के आधार पर नामजद आरोपियों की पहचान कर ली गई है, अन्य संदिग्धों को भी चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस टीमों ने हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर उनके घरों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस जांच में आया कि माई बार हेडक्वार्टर में रात 1 बजे के बाद तक शराब परोसी जा रही थी और कोर्ट और प्रशासन के निर्देशों का उल्लंघन कर डीजे बज रहा था। घटना के बाद से आबकारी विभाग भी हरकत में आ गया है। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने भी एक टीम बारादरी थाने भेजी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह जांच की जाएगी कि लाइसेंस शर्तों के विपरीत शराब परोसी गई या नहीं। यदि उल्लंघन मिला तो कड़ी कार्रवाई होगी।

## विवि की फर्जी वेबसाइट बनाने पर एफआईआर, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की नकल करते हुए फर्जी वेबसाइट बना ली गई। इस पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम, प्रवेश, परीक्षा आदि से जुड़ी जानकारियां भी पोस्ट की गईं। इससे छात्र-छात्राओं और अधिकारियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।

विश्वविद्यालय के वेबसाइट कोऑर्डिनेटर ने अज्ञात के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।साइबर थाना पुलिस ने आरोपी उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी सुजाय राय को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कुछ सामान भी बरामद किया है और उससे पूछताछ कर रही है।

कोऑर्डिनेटर डॉ. अख्तर हुसैन ने पुलिस से शिकायत की कि विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट www.mjpru.ac.in की नकल करते हुए किसी व्यक्ति ने धोखाधड़ी करने के लिए www.mjpru.org.in नकली वेबसाइट बनाकर विश्वविद्यालय के तमाम कार्यक्रम, योजनाएं पोस्ट कर दिए हैं। फर्जी वेबसाइट सुनियोजित साजिश और धोखाधड़ी का हिस्सा है। इससे विश्वविद्यालय से संबद्ध 240 कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अधिकारियों में भ्रम पैदा हो गया है। विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर भी असर पड़ रहा है। विश्वसनीय जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट पर छात्र-छात्राओं से शुल्क समेत अन्य संवेदनशील जानकारियां भी ली जा रही हैं। फर्जी वेबसाइट के जरिये छात्र-छात्राओं से ठगी की संभावना है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कड़ी कार्रवाई और वेबसाइट को ब्लॉक कराने की मांग की है।

## फर्जी सेल्समैन बनकर साढ़े 14 लाख ठगने वाले दो गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने फर्जी सेल्समैन बन कर साढ़े 14 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सनराइज कॉलोनी, हाफिजगंज निवासी राजवीर कौर और ग्राम हरसिंहपुर पूरनपुर, पीलीभीत निवासी रंजीत सिंह के रूप में हुई। 10 मार्च को गांव साफूवाला, थाना मोगा निवासी सुरजीत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि कार एजेंसी के फर्जी सेल्स एजेंट बनकर फर्जी और कूटरचित रसीद बनाकर साढ़े 14 लाख रुपये उनसे ठग लिए गए। पुलिस टीम दोनों की तलाश कर रही थी। सुरेश शर्मा नगर चौराहा पर होने की जानकारी हुई, जिस पर पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## नरमू का अधिवेशन आज



65 वां वार्षिक अधिवेशन की जानकारी देते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: एनई रेलवे मजदूर यूनियन का 65 वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को सुबह 10 बजे से मैत्री सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए इज्जतनगर मंडल के कर्मचारियों की ओर तैयारियां की जा रही हैं। एनई रेलवे के केन्द्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन और भारत के सभी केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठन नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा अधिवेशन का उद्घाटन करेगें। सभी केन्द्रीय कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। अधिवेशन में इज्जतनगर मंडल के साथ अन्य मंडलों जैसे-वर्कशाप इज्जतनगर, लखनऊ, बनारस, गोरखपुर आदि के सैकड़ों कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। अधिवेशन की तैयारी में सुरेन्द्र सिंह मलिक, रोहित सिंह, राकेश कुमार, मोहम्मद युनुस, जितेन्द्र कुमार, दीपक कुमार जौहरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## राजस्थान की रेत तो किसी को देखनी हैं बर्फ से ढकी चोटियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नए साल के जश्न की तैयारी, पर्यटन स्थलों के लिए खूब हो रहीं बुकिंग**
- **कश्मीर जाने का क्रेज घटा, धार्मिक स्थलों की ओर रुझान बढ़ा**

अमृत विचार : नए साल के जश्न की तैयारी शुरू हो गई है। पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए लोग बुकिंग करा रहे हैं। किसी को राजस्थान की सुनहरी रेत तो किसी को हिमाचल की बर्फ से ढकी चोटियां देखना हैं।

ट्रैवल एजेंटों के अनुसार लोग गर्म रेगिस्तान में आराम और रोमांच का अनुभव लेने के लिए राजस्थान के ऐतिहासिक शहरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं तो वहीं, हिमाचल के मनोहारी स्थल जैसे शिमला, मनाली और धर्मशाला में बर्फबारी के बीच नए साल का उत्सव मनाना पसंद कर रहे हैं। कई लोग धार्मिक स्थलों की ओर भी रुख कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अब तक एक हजार से ज्यादा लोग इन स्थानों पर जाने के लिए बुकिंग करवा चुके हैं।

नए साल के उत्सव के लिए बुकिंग का दौर 20 दिसंबर से शुरू हो गया था।

ट्रैवल एजेंसी संचालक बताते हैं कि लोग नए साल पर न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की यात्रा करना चाहते हैं, बल्कि पिकनिक स्पॉट्स और हिल स्टेशन का आनंद भी लेना चाहते हैं।

पिछली बार शहर से कई लोग कश्मीर में नए साल का जश्न मनाने गए थे, लेकिन इस बार कश्मीर के लिए बुकिंग में काफी हद तक गिरावट आई है। लोग राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। इन शहरों में महल और किले देखने का अवसर, रेगिस्तान में ऊंट और जीप सफारी का रोमांच और जैसलमेर में कैंपिंग का अनुभव मिलता है। मसूरी, नैनीताल, मनाली और धर्मशाला में भी इस समय पर्यटन का खासा रोमांच देखा जा रहा है, जहां लोग बर्फबारी का मजा लेने और नए साल का स्वागत करने के लिए पहले से तैयार हैं। बता दें कि पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए लोग बुकिंग करा रहे हैं। नए साल के जश्न की तैयारी शुरू हो गई है। नए साल के उत्सव के लिए बुकिंग का दौर 20 दिसंबर से शुरू हो गया था।

न्यूज ब्रीफ

## रंजिशन पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**सीतापुर, एजेंसी :** जिले के इमलिया सुलतानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रंजिशन पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार देर शाम की है। मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण फतेहपुर गांव में कई थानों के पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि फतेहपुर गांव में अख्तर (60) और उनके बेटे मैसर (38) को हमलावरों ने उस समय गोली मार दी, जब वे अपने खेतों से लौट रहे थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## कोडीन युक्त सिरप बेचने पर गिरफ्तार

**मिर्जापुर, एजेंसी :** मिर्जापुर में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री में शामिल आरोपी और दवा की दुकान के मालिक कृष्ण कुमार यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यादव की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का ईनाम था और उसने करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य के कफ सिरप बेचे थे। पुलिस ने एक बयान में बताया कि चंदौली जिले के निवासी कृष्ण कुमार यादव के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।



**जोर आजमाइश** सरकारी वन भूमि के पट्टे की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ऋषिकेश में शनिवार को सर्वेक्षण दल के पहुंचने पर प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस। कईयों को हिरासत में भी लिया गया। ● एजेंसी

# प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग व निगरानी से मजबूत हुई बिजली वितरण प्रणाली

### अभी तक पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3,20,187 सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन हो चुके हैं

लखनऊ, एजेंसी

वर्ष 2025 प्रदेश की बिजली व्यवस्था में स्मार्ट मीटरिंग के जरिए पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता हितों के संरक्षण का वर्ष साबित हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक लगभग 68 लाख 24 हजार 654 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

अभी तक प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3,20,187 सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन हो चुके हैं। यही नहीं यूपी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में सुधार को प्राथमिकता देते हुए उपभोक्ताओं के हितों को केंद्र में रखकर काम किया है।

डिजिटल तकनीक आधारित स्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत न केवल बिजली वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आई है, बल्कि राजस्व संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रदेश में तीन करोड़, नौ लाख 78 हजार 280 स्मार्ट मीटर स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 68 लाख 24 हजार 654 मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोग को डिजिटल रूप से ट्रैक करने और बिलिंग प्रक्रिया को सटीक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग, वास्तविक खपत का आकलन और बिजली चोरी पर अंकुश जैसे अनेक लाभ मिल रहे हैं। पहले जहां अनुमान आधारित बिलिंग से उपभोक्ताओं को शिकायतें रहती थीं, वहीं अब वास्तविक उपयोग के आधार पर पारदर्शी बिल मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम न केवल तकनीकी सुधार है, बल्कि उपभोक्ता के प्रति जवाबदेही का प्रतीक भी है। बिजली वितरण को और अधिक व्यवस्थित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए योगी सरकार ने डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (डीटी) मीटरिंग पर विशेष ध्यान दिया है। अब तक 5 लाख 26 हजार 801 डीटी मीटर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से दो लाख 29 हजार 898 मीटर स्थापित हो चुके हैं। यह व्यवस्था हर ट्रांसफॉर्मर पर बिजली के प्रवाह और खपत की निगरानी को सटीक बनाती है। डीटी मीटर से यह पता लगाना आसान होता है कि किन क्षेत्रों में बिजली की हानि सबसे अधिक है और कहां पर तकनीकी सुधार की आवश्यकता है?

#### बिजली चोरी में आई कमी



इस तकनीक के माध्यम से बिजली चोरी में कमी आई है और लाइन लॉस कम हो रहा है। प्रदेश में बिजली नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए 25,224 फीडर मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक फीडर स्तर पर बिजली आपूर्ति और उपभोग का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहे। फीडर मीटरिंग से आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और ग्रामीण व शहरी दोनों इलाकों में बिजली वितरण की विश्वसनीयता बढ़ी है। बिजली बिल राहत योजना में 16 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। 1323 करोड़ की राजस्व धनराशि प्राप्त हुई। सबसे अधिक पूर्वांचल डिस्काम में 6 लाख से ज्यादा पंजीकरण हुआ है।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अनुष्ठान शुरू

**अयोध्या, एजेंसी:** अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर पूजा अनुष्ठान शनिवार को शुरू हो गए। प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ का मुख्य कार्यक्रम 31 दिसंबर को होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

ये अनुष्ठान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ के नेतृत्व में बेंगलुरु विद्यापीठ से आए 15 वैदिक विद्वानों की उपस्थिति में किए जा रहे हैं। शनिवार को एक कवच की स्थापना की गई और हवन किया गया। साथ ही भगवान की पालकी यात्रा भी इस परिसर में निकाली गई।

स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ ने बताया कि अनुष्ठान के तहत तत्व हवन, एक तत्व कलश की पूजा, गणपति की पूजा और अन्य हवन किए गए। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी (31 दिसंबर) को राम लला का पंच रस से अभिषेक किया जाएगा, 56 भोग लगाया जाएगा और भजन एवं आरती की जाएगी। स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ ने बताया कि एक ढोल उत्सव भी होगा और रत्न जड़ित प्रतिमा स्थापित करने के लिए बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछली बार जो धार्मिक अनुष्ठान किए गए थे, वे सभी इस बार भी किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 22 जनवरी, 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई चार की मौत

**सहारनपुर, एजेंसी:** जिले में शनिवार शाम तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे वाहन में सवार दो भाइयों समेत चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने बताया कि बेहट थानाक्षेत्र के मां शाकंभरी रोड पर यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मनीष (26), विजय (28), जगदीश (27) और सोनू (29) के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि मनीष और विजय सगे भाई थे। बिंदल ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि चारों युवकों के शव कार में बुरी तरह से फंस गए थे, जिन्हें कटर की मदद से बाहर निकाला गया।

## बाइक सवार युवक की दुर्घटना में मौत

**रामनगर :** हल्द्वानी-रामनगर मार्ग के समीप ग्राम कंचनपुर छोई क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल दूसरे युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कालाढूंगी स्थित एक रिसोर्ट में कार्यरत आनंद सिंह ने बताया कि रामनगर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी जीतू चौधरी (23 वर्ष), पुत्र कंचन चौधरी व ओखलढूंगा निवासी प्रदीप मेहरा उसके साथ ही रिसोर्ट में काम करते थे। शुक्रवार शाम दोनों बाइक से रामनगर आए थे और रात में वापस रिसोर्ट जा रहे थे।

इसी दौरान कंचनपुर छोई के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आनंद सिंह ने बताया कि जब वह रात में होटल लौट रहा था, तब उसने दुर्घटना देखी। उसने परिजनों को सूचना दी और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां जीतू चौधरी को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## गैंगस्टर विनय त्यागी की एम्स ऋषिकेश में मौत

- बुधवार लक्सर में पुलिस कस्टडी में हुई थी ताबड़तोड़ फायरिंग
- पुलिस ने काशीपुर के दो शूटर किए थे गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** पुलिस कस्टडी में हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल गैंगस्टर विनय त्यागी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सकों के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान उसकी गर्दन और हाथ में फंसी गोलियां निकाल दी गई थीं लेकिन गोली लगने से उसकी आंतें फट गई थीं। हालत लगातार नाजुक बनी रहने के कारण उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया था।

ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे विनय त्यागी ने दम तोड़ दिया। मूल रूप से मुजफ्फरनगर के गांव खाईखेड़ी निवासी हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी को देहरादून पुलिस ने विगत एक अक्टूबर को करोड़ों रुपये की नकदी और जेवर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। हरिद्वार जिले में दर्ज अन्य मुकदमों के कारण उसे 12 दिसंबर को रुड़की कारागार भेजा गया था। बीते बुधवार दोपहर पुलिस टीम उसे पेशी के लिए लक्सर कोर्ट ले जा रही थी। इसी दौरान लक्सर रेलवे ओवरब्रिज पर जाम में फंसे पुलिस वाहन पर मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश शूटरों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। वाहन में विनय त्यागी के साथ छह पुलिसकर्मी सवार थे। हमले के बाद शूटर असलहा लहराते हुए मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस सनसनीखेज हमले में शामिल दोनों आरोपियों सनी यादव उर्फ शेरा और अजय को खानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। दोनों आरोपी काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) के निवासी हैं। हमले का कारण करोड़ों रुपये के लेनदेन का विवाद ही बताया गया था। पुलिस के अनुसार विनय त्यागी मेरठ का हिस्ट्रीशीटर था और उसका नाम कुख्यात सुनील राठी गैंग से भी जुड़ा रहा है। उसके खिलाफ रुड़की और लक्सर थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई—निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए ई—निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:— **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:— EL-MWS-GKP-2025-26-17** पी०ओ०एच०/रिपेयरिंग ऑफ़ रोटेटिंग एंड कण्ट्रोल सिस्टम ऑफ़ डी०ई०टी०सी० 8—व्हीलर अंडर स्लंग (ट्वीन इंजन टाइप एन०टी०ए० 855 आर) टावर वैगन इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर।, **अनुमानित लागत:— Rs. 3,89,01,373.02/—, बयाने की राशि:— Rs. 3,44,500/—, निविदा प्रपत्र का मूल्य:— 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से**—12 महीना। • आन लाइन ई—निविदा जमा करने की तिथि 19.01.2026 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।, • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/ गोरखपुर

मुजाधि/विद्युत—230

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर वि.खं. भोजीपुरा (बरेली)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण/4595–99/2023–24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में प्रा. वि. हमीरपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 29.12.2025 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी न होने की स्थिति में पुनः दिनांक 30.12.2025 दिन मंगलवार को समय 11 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधारकार्ड व रूपये 10,000/– जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रातः 11 बजे से 11:30 बजे तक होगा। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

हरीश कुमार, अध्यक्ष — जगदीश चन्द्र, सचिव

विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर विकास क्षेत्र-भोजीपुरा (बरेली)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर विकास खंड शेरगढ़ (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर, विकास खंड–शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 28.12.2025 से 30.12.2025 मंगलवार को अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | होली चौराहे से नन्दराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 135मी. | 3,70,786/– |
| 2. | पूरन लाल के घर से जगदीश के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 110मी. | 3,91,319/– |

महेंद्र पाल वर्मा-(प्रधान) — विकास चंद्र गंगवार-(सचिव)



**कार्यालय ग्राम पंचायत रौरा वि.खं. भावलखेड़ा शाहजहांपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनान्तर्गत 'कामन सर्विस सेन्टर' का निर्माण कार्य इस योजनाओं के अन्तर्गत (अनुमानित लागत– 5 लाख) प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, लोहा, पाइप, लाइट आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 25.12.2025 से 28.12.2025 तक आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक दोपहर 02 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान — सचिव


## एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

- सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर, सरकारी राइफल लूट कर फरार हुआ था आरोपी

**बांदा, एजेंसी:** जिले के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और मटौंध थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश पुलिस की सरकारी राइफल लूटने के मामले में पिछले 13 सालों से फरार था। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी है।

बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात एसओजी और मटौंध थाने की पुलिस टीम भूरागढ़ बाईपास स्थित सोना बालू खदान के नजदीक वाहनों की जांच कर रही थी।

शिवराज ने बताया कि इसी दौरान शराब पी रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने टोका तो वह पुलिस बल पर तमंचे से गोली चलाकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश की पहचान चित्रकूट जिले के खोह गांव निवासी संदीप के रूप में हुई। चित्रकूट पुलिस के अनुसार, संदीप को आठ अगस्त, 2012 को कर्वी न्यायालय में पेशी के बाद बांदा कारागार वापस ले जाया जा रहा था तभी उसने सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसकी सरकारी राइफल लूट ली और फरार हो गया। इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक स्तर से उसपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

एएसपी ने बताया कि घायल बदमाश संदीप को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से छुट्टी मिलने के बाद उसे सक्षम न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा।

# नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की भारी भीड़, शहर से बाहर रोके पर्यटक वाहन

संवाददाता, नैनीताल



वीकेंड पर नैनीताल में उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के दौरान देश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से शहर में सुबह से देर रात तक मेले जैसा माहौल बना रहा। पर्यटकों के साथ-साथ पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण यातायात व्यवस्था पर खासा दबाव देखने को मिला। यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस को दिनभर मशक्कत करनी पड़ी।

वीकेंड के साथ ही आगामी 31 दिसंबर और नववर्ष को लेकर पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। इसका असर यह रहा कि शहर के अधिकांश होटल लगभग पैक हो चुके हैं। एक ओर जहां पर्यटन कारोबार से जुड़े लोग पर्यटकों की भीड़ से खुश नजर आए, वहीं दूसरी ओर बढ़ती भीड़ शहर के लिए चुनौती भी बनती दिखी। शनिवार को पर्यटक वाहनों की संख्या अधिक होने पर पुलिस ने रूसी बाईपास पर वाहनों को रोक दिया। केवल उन्हीं वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई, जिन पर्यटकों की होटलों में पूर्व बुकिंग थी और जिनके पास होटल की पार्किंग सुविधा उपलब्ध थी। अन्य पर्यटकों को रूसी बाईपास व नारायण नगर में वाहन पार्क कराकर शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा गया। नैनीताल एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि शहर में विशेष यातायात प्लान लागू किया गया है। प्राथमिकता यह है कि पर्यटकों को उनके होटलों तक सुरक्षित और सुगमता से पहुंचाया जाए। जैसे ही शहर के पार्किंग स्थल भर जाते हैं, केवल पार्किंग सुविधा वाले होटलों में ठहरे पर्यटकों को ही वाहन सहित प्रवेश दिया जाता है। शेष पर्यटकों के लिए शटल सेवा की व्यवस्था की गई है। उधर, नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया।

#### कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़, सड़कों पर जाम

कैंची धाम में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण आसपास की सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति बन गई। वीकेंड और छुट्टियों के चलते वाहनों का दबाव बढ़ने से भवाली क्षेत्र में भी लंबा जाम लगा रहा, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने एहतियातन वाहनों की आवाजाही को सीमित किया और श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम भेजा। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर तैनात रहे और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास करते रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आवागमन करें, ताकि जाम की समस्या से बचा जा सके।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
लखीमपुर–खीरी

पत्रांक– 2339/निविदा सूचना/2025 — दिनांक–23.12.2025

03.2017ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, लखीमपुर–खीरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में रोड साइनेज कार्यों हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेडरिंग के माध्यम से जनपद लखीमपुर–खीरी में रोड साइनेज कार्यो हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र0 सं0 | ज्नपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू0. लाख) | बिड सिक्योरिटी (रू0. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)(रू0.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखीमपुर–खीरी | जनपद लखीमपुर खीरी में निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, खीरी के अन्तर्गत राज्यमार्ग, प्र0जि0मा0 व अन्य जिला मार्गो पर रोड साइनेज का कार्य। | 13.90 | 1.39 | Rs.855.00 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.12.2025 से दिनांक 05.01.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.01.2026 को समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 05.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(के0के0 झा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,
लखीमपुर–खीरी

**UP – 243111 दिनांक:** 26/12/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



**सम्मन सूचना**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बरेली**
**वाद सं–T-202512130116803 सन् 2025**
**धारा–116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006**
**ग्राम मनपुरिया जानकी प्रसाद तह. व जिला बरेली**

अंकुर कुमार अग्रवाल बनाम शाईनी इन्फ्राजोन 1. शाईनी इन्फ्राजोन प्रा. लि. वन्टी स्टूडियो/ नरियावल बरेली द्वारा निदेशक इकरार खान पुत्र शेर अन्दाज खान निवासी ग्राम भिण्डौलिया तहसील व जिला बरेली 2. श्रीमती नैन्सी वर्मा पत्नी राहुल वर्मा निवासी 6/1586 आजाद नगर कालोनी अपोजिट रोडवेज वर्कशाप निकट सिन्धु नगर कॉलोनी, बरेली। 3. श्रीमती राधिका अग्रवाल पत्नी राजीव अग्रवाल निवासी 35 जेड–2बी, रामपुर बाग, बरेली। 4. श्रीमती सविता देवी पत्नी राजाराम निवासी ग्राम महेशपुरा शन्हा बरेली। 5. दीक्षा जोशी पत्नी डी.डी. जोशी निवासी रजत बिहार कालोनी, डेलापीर रोड, बरेली 6. राजीव अग्रवाल पुत्र कैलाश चन्द्र अग्रवाल निवासी 35जेड–2बी रामपुर बाग, बरेली। 7. उत्तर प्रदेश सरकार

चूंकि अंकुर अग्रवाल पुत्र देवेश कुमार अग्रवाल ने आपके नाम एक नालिश वास्ते अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 का वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप वतारीख 1.1.2026 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज व तारीख 26.12.2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बरेली**



**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मीरगंज, बरेली**
**वाद सं. T-202512130610040 सन् 2025**

कुवरा बेगम पत्नी असगर अली निवासी ग्राम रतनपुरा मजरा सहोड़ा तहसील मीरगंज जिला बरेली....वादिनी बनाम 1. मटरू खां पुत्र मरदान खां 2. हाकिम अली पुत्र मटरू खां 3. मेहदी खां पुत्र मटरू खां निवासीगण ग्राम रतनपुरा मजरा सहोड़ा परगना सरसावां तहसील मीरगंज जिला बरेली 4. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्टर बरेली। 5. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान सहोड़ा परगना सरसावां तहसील मीरगंज जिला बरेली ... ..प्रतिवादीगण अन्तर्गत धारा 144 उ.प्र.रा.सं. 2006 आराजी ग्राम सहोड़ा परगना सरसावां तहसील मीरगंज जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी कुवरा बेगम पत्नी असगर अली निवासी ग्राम रतनपुरा मजरा सहोड़ा परगना सरसावां तहसील मीरगंज जिला बरेली ने धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 07.01.2026 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दे, होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा।

आज तारीख 24.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मीरगंज, बरेली।**


## हाईवे पर हाथियों की आमद से मचा हड़कंप

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** उधम सिंह नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर लालकुआं तेल डिपो के पास रविवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो हाथी अचानक जंगल से निकलकर मुख्य सड़क पर आ गए। हाथियों की मौजूदगी से हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गए।

युवकों को हाथी ने दौड़ाया हाईवे किनारे मॉर्निंग वॉक और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों को देखकर एक हाथी आक्रामक हो गया और उन्हें दौड़ा दिया। वीडियो में हाथी डिवाइडर पार करते नजर आ रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। वन विभाग ने बढ़ाई गश्त तराई पूर्वी वन प्रभाग के एसडीओ अनिल जोशी ने बताया कि बरेली रोड पर सीमैप और लालकुआं के पास हाथियों का कॉरिडोर है, जिससे हाथियों का सड़क पर आना सामान्य है। आजकल गन्ने की फसल के लालच में हाथी रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं।

## पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में सात पर रिपोर्ट

**हाथरस, एजेंसी:** जिले के एक गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) को क्षतिग्रस्त करने और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात हाथरस जंक्शन थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव की है, जब दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिलने पर पीआरवी गांव नूरपुर पहुंची थी।

अधिकारी ने बताया कि मौके पर पुलिस की कार्रवाई से नाराज लोगों ने विरोध शुरू कर दिया तभी महिलाओं ने भी पुलिसकर्मियों के साथ तीखी बहस की।

देखते ही देखते लोग आक्रामक हो गए और पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिसकर्मियों को वहां से भागना पड़ा, लेकिन बाद में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रामानंद कुशवाह ने बताया कि पुलिस के साथ दुर्व्यवहार और पीआरवी वाहन के शीशे तोड़ने के मामले में सात ग्रामीणों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



बड़े बड़ाई ना करें, बड़ो न बोलें बोल।
रहिमन हीरा कब कहे, लाख टका मेरो मोल॥

रहीम कहते हैं कि जिन लोगों में बड़प्पन होता है, वो अपनी बड़ाई कभी नहीं करते। जिस तरह से हीरा कितना भी अमूल्य क्यों न हो, लेकिन कभी अपने मुंह से अपना मोल नहीं बताता।



# उत्सव आमार गोत्र, आनंद आमार जाति

सीमा लघुता है और असीम विराट। हमारा होना एक सीमा में है, लेकिन विराट हो जाने की संभावनाएं खुली हुई हैं। शरीर हमारी पहली सीमा है, इसके बाद परिवार दूसरी सीमा। इसका आनंद निजी सीमा के अतिक्रमण में है। इसके बाद समाज है। समाज की सीमा के अतिक्रमण के बाद राष्ट्र की सीमा है। इनके पार ब्रह्मांड। तब संकीर्णता विस्तीर्ण होकर अनंत हो जाती है। जाति वर्ग संकीर्णताएं हैं। मैं अपना संकीर्ण परिचय देता हूं- मैं जाति वर्ण से परिचय हूं। संकीर्णता तोड़ें, तो मैं मनुष्य जाति का हूं। अब मैं विश्व मानवता का हिस्सा हो गया। इसे और बढ़ाएं- तो मैं प्रकृति का हिस्सा हूं। अंततः मैं ब्रह्म या संपूर्णता का विनम्र हिस्सा हूं।

संप्रति ब्राह्मण जाति है। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे, फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पिछले सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग संबंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि संपूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था।

संप्रति ब्राह्मण जाति है। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे, फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पिछले सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग संबंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि संपूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्ववेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छांदोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राह्मण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया।

अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है- 'ब्रह्मचारी अर्थात् ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियां-देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मंत्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में संपन्न होता है। बताते हैं, 'आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्य शक्तियां-(देवगण) उसका अभिनंदन करती हैं।' (मंत्र 2) यहां 'तीन रात्रि' का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया?

रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, 'ब्राह्मण होने से पूर्व साधक-विद्यार्थ ब्राह्मी-अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है, फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है।' (वही मंत्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्व मुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है।

ऋषि बताते हैं 'आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं।' (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गई है? ज्ञान गर्भ में ब्रह्मचारी का पृथ्वी अंश सामान्य पृथ्वी अंश से परिष्कृत होता है। चेतन अंश निर्मल होता है। अथर्ववेद का ऋषि इसे ज्ञानगर्भ की घटना बता रहा है।

आगे कहते हैं, 'ब्रह्मचारी अपनी तपसाधना से उनकी रक्षा करता है।' (वही) ब्रह्मचारी अपनी काया और चेतना का नया रूप विकसित करता है और इसी नये रूप की रक्षा करता है। फिर ब्राह्मण की संपत्ति बताते हैं, 'ब्राह्मण की संपदा निकटवर्ती गुफा (गुहा-अनुभूति) में रहती है और द्युलोक के आधार से परे होती है।' (वही मंत्र 10) ब्राह्मण हो गया व्यक्ति आंतरिक रूप में समृद्ध हो जाता है। भौतिक संपदा का आधार पृथ्वी है। इससे भी परे द्युलोक आधार है, लेकिन इस मंत्र में ब्राह्मण की संपदा 'द्युलोक से भी परे' है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं 'ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते हैं- ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति।' (वही मंत्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं। संस्कार से ब्राह्मण बनते हैं, लेकिन अथर्ववेद के अनुसार जन्म से कोई भी प्राणी गैर ब्राह्मण नहीं होता। जन्म से संपूर्ण प्राणि जगत् ब्रह्मचारी ही होता है। कहते हैं 'वनस्पतियां भूत भविष्य, संतव्सर सभी प्राणी, वन्य जीव, पशु, पक्षी जन्मजात ब्रह्मचारी होते हैं।' (वही मंत्र 20, 21) ब्राह्मण होते हैं।

अथर्ववेद की दृष्टि में कीट-पतिंग, पशु-पक्षी और सभी मनुष्य ब्रह्मचारी हैं। ब्राह्मण होने की संभावना सबमें है। यह बात स्मृतिकाल से बिल्कुल अलग है। स्मृतियों के अनुसार जन्म से सभी शूद्र है, ज्ञार्नाजन/संस्कार से ब्राह्मण हो जाते हैं। अथर्ववेद का मत सही है कि जन्म से सभी ब्रह्मचारी हैं, कर्म क्षेत्र में जाकर श्रम विभाजन के फलस्वरूप वर्ण, वर्ग बनते हैं। फिर अपनी प्राण ऊर्जा को ऊर्ध्वमुखी बनाते हैं। आत्मबोध को प्राप्त होते हैं और ब्राह्मण बनते हैं। कुछेक विद्वान विराट पुरुष के मुख से ब्राह्मण की उत्पत्ति बताते हैं। वे ऋग्वेद के पुरुष सूक्त का उल्लेख करते हैं।

ऋग्वेद के पहले भी एक विकासमान संस्कृति थी। पूर्वकालीन संस्कृति में वर्ण विभाजन होते, तो ऋग्वेद में उनका उल्लेख होता। ऋग्वेद में जन्मना जाति या वर्ण नहीं है। ब्राह्मण का अर्थ स्तुति, या स्तोत्र ही आया है। ऋग्वेद का 'पुरुष' संपूर्णता का पर्याय है। पुरुष सूक्त (10वां मंडल) में ब्राह्मण राजन्य, वैश्य, शूद्र के उल्लेख हैं, लेकिन वर्णों के नहीं। इस सूक्त में भी 'ब्राह्मण' का अर्थ स्तोत्र/स्तोता ही है।

ऋग्वेद का पुरुष सूक्त दार्शनिक है। ऋषि कहते हैं 'पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भत्यं-यह पुरुष ही सब कुछ है, जो हो गया, जो होगा सब पुरुष है।' (ऋग्वेद 10.90.2) बात पूरी हो गई। ऋषि आगे कहते हैं, 'पुरुष का विभाजन होने लगा। प्राणियों की उत्पत्ति हुई।' (वहीः 5) आगे इसी पुरुष को यज्ञ प्रतीक देते हैं। कहते हैं, 'देवताओं ने उस विराट पुरुष को ह्वि बनाया। वसंत ऋतु को घी बनाया, ग्रीष्म ऋतु को ईंधन (लकड़ी) और शरद् को ह्विष्य। इससे नभचर, थलचर आदि प्राणी उत्पन्न हुए। ऋक और यजुर्वेद की ऋचाएं आई, आदि। मंत्र 11 ज्यादा ध्यान देने योग्य है, 'यत्पुरुषं व्यदधु कतिधा व्यकल्पयन-ज्ञानी जन इस पुरुष की कितने प्रकार से कल्पना करते हैं? कि उसका मुख क्या है? बाहु और पाद क्या है?'

पुरुष विराट है तो कल्पनाएं भी तमाम होंगी। ब्राह्मण राजन्य वैश्य शूद्र वाला मंत्र (12) इसी कल्पना का विस्तार है। यहां पुरुष का मुख ब्राह्मण है। सबका मुख ब्राह्मण ही होता है। मुख से ही वाणी निकलती है। सभी परिवर्तित वर्णों का मुख ब्राह्मण ही है। फिर बताते हैं, 'बाहू राजन्य हैं।' पुरुष, एक विराट 'पुर' (नगर) है।

पुर की रक्षा का काम बाहु-हाथ करते हैं। जन्मना ब्राह्मण के हाथ भी राजन्य हैं। पुरुष का पेट वैश्य है। वैश्य संग्रही वृत्ति का प्रतीक है। सभी वर्णों का पेट वैश्य है, संग्रही है। पैर आधार हैं। शूद्र भी आधार हैं। आधार पर ही संग्रह, सुरक्षा और शीर्ष का ढांचा खड़ा होता है। ऋग्वेद में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र का अर्थ वर्ण नहीं है। इस सूक्त के उदय तक संभव है कि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र वर्गों का विकास हो रहा हो, लेकिन वैदिक समाज में वर्ण जाति नहीं है। भारत के सुदूर अतीत में एक वर्णहीन, जातिविहीन आनंदपूर्ण समाज था। वैसा ही समाज बनाना राष्ट्र की अपरिहार्यता है। जाति वर्ग से अलग हंसता, नाचता, गीत गाता, उत्सव मनाता समाज। रविंद्रनाथ टैगोर ने गाया था, 'उत्सव आमार गोत्र, आनंद आमार जाति।'

# बांग्लादेशः तारिक रहमान की राजनीति में वापसी

ढाका के हज़रत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाल के दिनों में जो दृश्य दिखा, उसने पूरे दक्षिण एशिया का ध्यान खींच लिया। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे। उनके स्वागत में ढाका एयरपोर्ट से लेकर शहर की सड़कों और ऊंची इमारतों की छतों तक जन सैलाब उमड़ पड़ा। यह केवल किसी नेता की वापसी नहीं थी, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक संभावित बड़े बदलाव का संकेत भी था।

खालिदा जिया बांग्लादेश की उन चुनिंदा नेताओं में रही हैं, जिन्होंने देश की राजनीति को दशकों तक दिशा दी। वे दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। उनका पहला कार्यकाल 1991 से 1996 तक और दूसरा कार्यकाल 2001 से 2006 तक चला। इस तरह उन्होंने कुल लगभग दस वर्ष तक देश का शासन संभाला। विशेष रूप से 2001 से 2006 के बीच का उनका दूसरा कार्यकाल काफी विवादों में रहा। यही वह दौर था, जब खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान एक प्रभावशाली पॉवर सेंटर के रूप में उभरे।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

तारिक रहमान का राजनीतिक उदय पारंपरिक अर्थों में नहीं हुआ। वे किसी वैचारिक संघर्ष या जन आंदोलन से ऊपर नहीं आए, बल्कि सत्ता के गलियारों मं उनकी पकड़ मजबूत होती चली गई। 2001 से 2006 के बीच उन्हें हावा भवन की राजनीति का चेहरा माना गया, जहां से सरकार के बड़े फैसलों पर असर डाला जाता था। इसी दौर में उन पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, अवैध वसूली और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे। सत्ता परिवर्तन के बाद 2007 में जब सेना समर्थित अंतरिम सरकार आई, तब तारिक रहमान देश छोड़कर लंदन चले गए। आधिकारिक तौर पर यह इलाज के लिए जाना बताया गया, लेकिन बाद में यह निर्वासन 17 वर्षों में बदल गया।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद स्वदेश लौट आए हैं। यह केवल किसी नेता की वापसी नहीं है, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक संभावित बड़े बदलाव का संकेत भी है।


उनके खिलाफ बांग्लादेश में कई आपराधिक मामले दर्ज हुए। 2014 में बीएनपी ने आम चुनावों का बहिष्कार किया, जिसके बाद हिंसा और अराजकता फैली। उसी समय तारिक रहमान पर राजद्रोह जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। 2016 में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में उन्हें सज़ा सुनाई गई, जिससे उनकी राजनीतिक वापसी लगभग असंभव मानी जाने लगी। इसके बावजूद 2018 में बीएनपी ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाया, जो इस बात का संकेत था कि पार्टी के भीतर उन्हें भविष्य का नेता माना जा रहा है।

ढाका एयरपोर्ट पर उमड़ी भीड़ ने साफ कर दिया है कि तारिक रहमान को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे अतीत से सबक लेकर एक नई, समावेशी और जिम्मेदार राजनीति करेंगे, या फिर वही पुरानी कहानियां नए रूप में दोहराई जाएंगी। इसका जवाब आने वाला चुनाव और उसके बाद की राजनीति देगी। दक्षिण एशिया, विशेषकर भारत, इस बदलाव को बेहद सतर्क निगाहों से देख रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं!

# छोटी आदतें ही औरत को बनाती हैं मजबूत

विकास और सशक्तिकरण की बात करते हुए हम अक्सर बड़ी उपलब्धियों की सूची गिनाने लगते हैं। शिक्षा, नौकरी, अधिकार, लेकिन ज़िंदगी की असली तस्वीर यह है कि औरत की मज़बूती या कमजोरी कई बार उन्हीं छोटी आदतों से तय होती है, जिन्हें हम मामूली समझकर नज़रअंदाज़ कर देते हैं। कुछ समय पहले वृंदावन यात्रा के दौरान एक दृश्य ने मुझे सोचने पर मजबूर किया। मंदिर के बाहर सर्दी में एक औरत बैठी थी। उसकी गोद में आठ–नौ महीने का बच्चा था। देखने से वह किसी भी तरह से ग़रीब या असहाय नहीं लग रही थी। परेशानी सिर्फ़ इतनी थी कि उसके पास कोई बैग नहीं था। बच्चे को गोद में लेने के लिए उसने अपना मोबाइल और पैसे पति को दे दिए थे। वही छोटी-सी आदत उस पल उसकी असहजता बन गई।

यह कहानी ग़रीबी की नहीं है, बल्कि तैयारी और समझ की कमी की है। आज की औरत बहुत आगे बढ़ चुकी है, लेकिन प्यार और सुविधा के नाम पर वह कई बार अपनी सहज ताक़त खुद ही छोड़ देती है। अपनी ही गाड़ी होने के बावजूद स्टेयरिंग आदमी को थमा देना, जैसे ज़िम्मेदारी अपने हाथ में लेने से रिश्तों में कमी आ जाएगी। सवाल यह है, क्या गाड़ी चलाने से प्यार कम हो जाता है? इसी तरह, घर की जिम्मेदारियों के नाम पर अपनी सेहत को टाल देना भी आम बात है।



निवेदिता शर्मा
शिक्षिका

जिम या व्यायाम को गैरज़रूरी मान लेना। क्या उसे कुछ ऐसा करने को कहा गया था? नहीं। उसने वही स्वीकार कर लिया, जो समाज में लंबे समय से चलता आ रहा है। बिना किसी के कहे, बिना किसी से पूछे, यह मान लिया गया कि घर में प्रमुख या मुखिया की भूमिका पति या घर का पुरुष ही निभाएगा।

यह परंपरा भारतीय समाज में लगातार चली आ रही है। संभवतः इसकी शुरुआत उस समय हुई होगी, जब परिस्थितियों के अनुसार घर के पुरुष और महिला अपनी-अपनी भूमिकाएं निभाते थे।

उस दौर में यह विभाजन व्यावहारिक था, किंतु समय के साथ आधुनिक तकनीकें और सुविधाएं आती गईं, जिन्होंने स्त्री और पुरुष के बीच के अनेक अंतर मिटा दिए। इसके बावजूद न तो बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रमुख भूमिका निभाने का प्रयास किया और न ही उन्हें संगठित रूप से आगे लाया गया।

जो महिलाएं आगे बढ़ीं भी, उनमें से कुछ ने अन्य पिछड़ी महिलाओं की तुलना में स्वयं को बेहतर मानना शुरू कर दिया। यह प्रवृत्ति कई बार आत्मविश्वास से आगे बढ़कर अहंकार का रूप ले लेती है। स्वतंत्रता और समानता के आधार पर वे कभी-कभी भारतीय समाज की मूल संस्कृति और संतुलन से बहुत आगे निकल जाती हैं। परिणामस्वरूप समाज में असंतुलन पैदा होता है। एक ही समय में महिलाओं के दो वर्ग बन जाना- अग्रणी और पिछड़ी, किसी के लिए भी लाभकारी नहीं है। इस गहरे अंतर के कारण न तो पिछड़ी महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है और न ही उन्हें सही मार्गदर्शन मिल पा रहा है। अग्रणी महिलाओं के आदर्श अपेक्षाकृत कम दिखाई देते हैं और आधुनिकता के नाम पर कई बार अशालीनता या दिखावा अधिक नजर आता है। यही स्थिति समाज में वैचारिक भ्रम और असंतुलन को जन्म देती है।

# कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत की दृढ़ता

विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। याद रहे, अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत ने दो टूक मना कर दी थी। इस कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी का भारत ने बढ़ाए गए टैरिफ के तौर पर सामना किया। इसकी भरपाई के लिए धैर्य से काम लेते हुए ब्रिटेन, ओमान और अब न्यूजीलैंड से अपनी शर्तों पर एफटीए करके किसान हितों को साधते हुए उल्लेखनीय समझौते कर लिए।

भारत की न्यूजीलैंड से चली नौ माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई है कि इस समझौते से कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से बाहर रखा जाएगा। यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू होने जैसा है।

इसी माह दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) किया था और अब भारत की न्यूजीलैंड से चली नौ माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई कि इस समझौते में कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत से 5000 अभियंता न्यूजीलैंड काम करने के लिए जाते हैं। यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू जैसा है।

इस समझौते से अमेरिका को इसलिए भी झटका लगा है, क्योंकि पांच साल पहले एशिया-प्रशांत व्यापार क्षेत्र के रूप में उभर रहे 15 देशों के व्यापार पटल आरईसीपी (रीजनल कॉम्प्रेहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप) का सदस्य बनने से भारत ने इंकार कर दिया था। इसका मुख्य कारण था कि न्यूजीलैंड के सस्ते दूध और कृषि उत्पादों का भारत में निर्यात रोकना। अब भारत ने न्यूजीलैंड से स्वतंत्र रूप में समझौता करके किसान हितों को साध लिया है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत न्यूजीलैंड से सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड सेब, कीवि और डेयरी क्षेत्र में भारतीय उत्पादकता को बढ़ाने में अपनी तकनीकि मदद भी देगा। अतएव यह समझौता पूर्ण रूप से भारतीय हितों को साधने वाला है।


भारत में कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारत दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर है। इसी दूध पर कब्जे के लिए अमेरिका अपना उत्पादित मांसाहारी दूध यहां बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी हुई है, जिनमें से एक न्यूजीलैंड भी रहा है। अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते की बात चली थी। इस समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार्य नहीं है। इस मनाही के बाद अमेरिका ने भारत पर अनर्गल टैरिफ संबंधी शर्तें थोपना शुरू कर दी थीं।

भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं, विश्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया।

बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित क्षेत्र संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दूध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मट्ठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी पारंगत हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं।

# नए वर्ष को 'हैप्पी' बनाने के लिए कुछ नया काम तो करना ही पड़ेगा

वर्ष का पहला दिन क्या आया कि चारों ओर 'हैप्पी न्यू ईयर', 'नया वर्ष मंगलमय हो' आदि वाक्यों की गूंज सुनाई देने लगती है। यह एक परंपरा बन गई है। 'हैप्पी जाता हुआ वर्ष' कोई नहीं कहता। कहे भी क्यों? क्योंकि बीता हुआ वर्ष जड़ से उखड़ रहा है और नए वर्ष का प्रथम दिन संभावनाओं का बीज जैसा है, जो जीवन की भूमि में रोपित हो रहा है। 'हैप्पी न्यू ईयर' और 'मंगलमय हो नया वर्ष' जैसे वाक्यों से उस बीज को सींचने की कोशिश की जा रही है, ताकि यह बीज खुशियों का सघन वृक्ष बन सके।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

बीते वर्ष का अंतिम दिन यानी 31 दिसंबर या नए वर्ष का प्रथम दिन कमोबेश एक ही दिन जैसा होता है। सूरज जैसे 31 दिसंबर को निकलता है, उसी तरह पहली जनवरी को भी निकलता है। वर्ष के इस बदलाव को जीवन के साथ जोड़कर देखा जाए, तो कल हम जहां खड़े थे, वहीं के वहीं खड़े रह गए, तब हमारी स्थिति बीते वर्ष की तरह हो जाती है, क्योंकि सबने हमारी योग्यता और क्षमता देख लॉ। यदि किसी नवीनता की संभावना हम में नहीं है, तो हम भी 31 दिसंबर की तरह हो जाएंगे। कोई पूछने वाला नहीं रह जाएगा। यदि वर्ष के प्रथम दिन की तरह स्वागत योग्य बनना चाहते हैं, तो तीन काम कम से कम अवश्य करने चाहिए।

विचारकों का मानना है कि 'प्रथमतः यदि हम प्रतिदिन कोई नई जानकारी हासिल नहीं करते, द्वितीय कोई नया काम नहीं करते या तीसरे स्तर पर किसी नए व्यक्ति से मुलाकात नहीं करते तो वह दिन जीवन का व्यर्थ में गंवा देने जैसा दिन होता है।' उक्त तीनों में से किसी भी एक काम करने का मतलब हम में ताज़ापन की प्रवृत्ति है, जबकि ऐसा न करने का मतलब बासी होते जाना है।

विद्वानों के उक्त तीनों बातों को गौर से समझें तो नई जानकारी हासिल करने का मतलब दिनों-दिन एक ही वर्ष में जानकारियों का भंडार हमारे जीवन में हो जाएगा, क्योंकि जानकारियां अनंत हैं। इसी तरह नए काम करने से मतलब भी हुनरमंद होना है। हर रोज नए-नए लोगों से मुलाकात या परिचय का मतलब परिचय का व्यापक नेटवर्क खड़ा करना है। बड़ी-बड़ी कंपनियां नेटवर्क के लिए काफी पैसा खर्च करती हैं।

# संघ के पंच परिवर्तन से राष्ट्र में होंगे सकारात्मक बदलाव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने एक सौ साल पूरे होने के मौके पर आने वाले समय के लिए समाज में परिवर्तन लाने का बीड़ा उठाया है। संघ ने समाज में परिवर्तन के अपने दृष्टिकोण को पंच परिवर्तन के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके तहत लाखों स्वयंसेवक काम में जुटे हुए हैं। संघ की मान्यता है कि समाज में बड़ा बदलाव केवल कुछ लोगों के प्रयासों से नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज की शक्ति से ही संभव है। संघ चालक मोहन भागवत बार-बार कह चुके हैं कि पंच परिवर्तन भारतीय समाज की दिशा और दशा तय करने वाले हैं। यह कथन केवल औपचारिकक भाषण का हिस्सा नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है, जो समाज की सामूहिक शक्ति पर भरोसा करता है। संघ का मानना है कि कुछ चुनिंदा लोग समाज को नहीं बदल सकते। समाज स्वयं जब बदलने का निश्चय करता है, तभी राष्ट्र बदलता है।




सवाल उठता है कि आखिर पंच परिवर्तन क्या है? इस प्रश्न का उत्तर है कि इसमें देश का आमूलचूल परिवर्तन छिपा हुआ है। पंच परिवर्तन के पांच सूत्रों में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य को लिया गया है और ये सूत्र दरअसल आधुनिक भारत के सामने खड़ी जटिल चुनौतियों का समग्र उत्तर और समस्याओं का समाधान है। हमें ये सूत्र अलग-अलग दिखते जरूर हैं, लेकिन भीतर से एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। किसी एक को नजरअंदाज करके दूसरे को साधा नहीं जा सकता। हमें सभी सूत्रों को एकरूपता में देखना होगा।



प्रो. महेश चंद गुप्ता
विचारक

अगर सबसे पहले सामाजिक समरसता की बात करें, तो देश की विविधता उसकी ताकत भी है और उसकी चुनौती भी है। जाति, वर्ग, क्षेत्र और भाषा के नाम पर उपजने वाले तनाव हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं। संघ हमेशा से यह मानता आया है कि जब तक समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और अपनापन नहीं बढ़ेगा, तब तक 'विकसित भारत' को यथार्थ रूप नहीं दिया जा सकता।

इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण आज किसी एक संगठन या देश का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मानवता का सवाल बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, घटते जल-स्रोत और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन सीधे-सीधे जन-स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। पंच परिवर्तन सृष्टि को 'माता' मानकर जीवन शैली में बदलाव की वकालत करता है। इसी प्रकार स्वदेशी आचरण का सूत्र हमें हमारी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरणा देता है। संघ के लिए स्वदेशी की अवधारणा यह केवल आर्थिक नीति तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक आत्म विश्वास का मुद्दा भी है। स्वदेशी अपनाने से स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बल मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और आर्थिक असमानता कम करने की दिशा बनती है।

पंच परिवर्तन के पांचों सूत्र परस्पर जुड़े हुए हैं। इन्हें अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। कुटुंब प्रबोधन शायद पंच परिवर्तन का सबसे संवेदनशील और गहरा सूत्र है। आधुनिक जीवन की दौड़ में संयुक्त परिवार टूटे हैं, एकल परिवार बढ़े हैं और उसके साथ ही अकेलापन, तनाव और सामाजिक असुरक्षा में भी इजाफा हुआ है। संघ का मानना है कि परिवार केवल निजी इकाई नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की पहली पाठशाला है।

इसी प्रकार नागरिकों के कर्तव्य का विचार महत्वपूर्ण है। हम अपने अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन कर्तव्यों से दूर होते जा रहे हैं। नागरिक कर्तव्य का सूत्र हमें जिम्मेदारियों का बोध करवाता है। स्वच्छता, अनुशासन, सेवा और कर्तव्य बोध किसी सरकारी आदेश से नहीं आता, बल्कि इसके लिए आंतरिक संकल्प जरूरी है। पंच परिवर्तन प्रत्येक नागरिक से जीवनशैली में स्वच्छता, अनुशासन, सेवा और कर्तव्य बोध के मूल्यों को उतारने पर जोर देते हैं। इसके जरिए संघ हर देशवासी को जिम्मेदार नागरिक बनाना चाहता है क्योंकि जिम्मेदार नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# योगी ने चौकीदार से फोरेंसिक तक रखा विजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश



**अमृत विचार:** राजधानी की सिग्नेचर बिल्डिंग में पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान आयोजित विभिन्न सत्र के समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव स्तर की सुरक्षा से लेकर अत्याधुनिक ढंग से अपराधी चिन्हित करने के तहत फोरेंसिक विधि तक की उपयोगिता पर अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात चौकीदारों को पुलिस बीट व्यवस्था से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर सुरक्षा तंत्र को नई मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि ग्राम चौकीदार गांव की सामाजिक संरचना से भली-भांति परिचित होते हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से अपराध की रोकथाम, समय पर सूचना संकलन एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीट पुलिस के प्रमुख आरक्षी व दारोगा ग्राम स्तर पर निरंतर संवाद, प्रभावी जनसंपर्क और आपसी विश्वास का वातावरण निर्मित करें। इससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी तथा कानून-व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में यह व्यवस्था एक प्रभावी और भरोसेमंद मॉडल के रूप में स्थापित होगी।

वहीं, उन्होंने भारतीय न्याय संहिता व फोरेंसिक के प्रभावी प्रयोग से सख्त कार्रवाई पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में दुर्दांत माफिया एवं संगठित अपराधियों को प्रभावी दंड नहीं मिल पा रहा था, किंतु आज भारतीय न्याय संहिता एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के सुदृढ़ और वैज्ञानिक उपयोग से ऐसे अपराधियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई संभव हो सकी है। फोरेंसिक आधारित जांच से गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि की दर में वृद्धि हुई है और अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में फोरेंसिक साइंस इंस्टिट्यूट की स्थापना को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे इस क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन विकसित होगा।

### प्रशिक्षण, विस्तार और भविष्य की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि फॉरेंसिक क्षेत्र में क्षमता-वृद्धि के लिए नव-नियुक्त पुलिस कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। वाराणसी में प्रस्तावित 50 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे फॉरेंसिक सेंटर को फॉरेंसिक संस्थान से जोड़कर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने फॉरेंसिक के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है और भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए इन प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाया जाना चाहिए।

# एआई तकनीक से पुलिस की जांच को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यक्ष एप में अभियुक्तों की श्रेणीवार कलर कोडिंग की गई




**अमृत विचार :** जघन्य और सनसनीखेज अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग की ओर से शुरू किये गये यक्ष एप में एआई पावर्ड फेसियल रिकॉनिजेशन की सुविधा है। जिससे संदिग्ध अपराधियों की पहचान आसान होगी। वहीं एआई पॉवर्ड वॉयस सर्च से अपराधों के अनावरण और रोकथाम में मदद मिलेगी। वहीं, हर थाना और क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों का चयन पारदर्शी और डेटा आधारित प्रक्रिया से किया जाएगा, जिससे निगरानी और कार्रवाई ज्यादा प्रभावी हो सके। किसी जघन्य या सनसनीखेज घटना के घटित होते ही यक्ष ऐप के डेटाबेस से संभावित अपराधियों की पहचान, उनकी अद्यतन स्थिति और उनसे जुड़े पुलिसकर्मियों की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाएगी।

**क्राइम जीपीटी और गैंग एनालिसिस :** यक्ष एप में मौजूद क्राइम जीपीटी तकनीक अपराध से जुड़े डेटा का विश्लेषण कर साधारण भाषा में सवालों के जवाब देती है। वहीं, एडवांस्ड गैंग एनालिसिस फीचर, एफआईआर और दस्तावेजों का एआई के जरिए विश्लेषण कर संगठित अपराधियों को गैंग के रूप में चिह्नित करता है, जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई आसान हो जाती है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यक्ष एप से न सिर्फ अपराध नियंत्रण मजबूत होगा, बल्कि बीट स्तर पर जवाबदेही तय होने से कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी।

### सीसीटीएनएस से होगा सीधा जुड़ाव

सीसीटीएनएस पर अभियोग दर्ज होने और आरोप पत्र दाखिल होते ही संबंधित अभियुक्तों का विवरण स्वतः यक्ष ऐप में प्रदर्शित होने लगेगा। एप में लाइसेंसी शस्त्रों और कारतूसों का डिजिटल सत्यापन किया जाएगा। साथ ही बीट स्तर पर जुआ, अवैध शराब, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी, पशु तस्करी जैसी गतिविधियों की रिपोर्टिंग भी अनिवार्य होगी। ताकि सीसीटीएनएस से सीधे जोड़ा जा सके।

### अपराध की संवेदनशीलता के अनुसार स्कोरिंग

यक्ष एप में अभियुक्तों की श्रेणीवार कलर कोडिंग की गई है। अपराध की संवेदनशीलता, अपराध का समय और प्रयुक्त हथियार के आधार पर अभियुक्त का स्कोर तय होगा, जिससे प्राथमिकता के आधार पर निगरानी की जा सके। यदि कोई अभियुक्त सत्यापन के दौरान अपना निवास स्थान बदलता है, तो बीट कर्मचारी की रिपोर्ट पर गंतव्य थाना क्षेत्र के संबंधित बीट सिपाही को स्वतः अलर्ट मिल जाएगा और नया सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लोहिया संस्थान में बनेगा बच्चों का अस्पताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में बच्चों के लिए 1000 बेड का नया अस्पताल बनेगा। प्रयास हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनवरी में बहुमंजिला भवन की आधारशिला रखी जाए, इसके लिए अस्पताल प्रशासन प्रयासरत है। इस अस्पताल के दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मालूम हो कि अभी यहां 1250 बेड हैं, एक हजार और बढ़ने से 2250 बेड हो जाएंगे। इसके अलावा एसजीपीजीआइ में भी एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर की शुरुआत की भी पूरी संभावना है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज गाजियाबाद में

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को गाजियाबाद और मेरठ के प्रवास पर रहेंगे। पंकज चौधरी दोपहर सवा एक बजे यूपी गेट, मैक्स हॉस्पिटल के सामने युवा मोर्चा गाजियाबाद महानगर और दोपहर 1:35 बजे इनमैनटेक कॉलेज के सामने, वेदान्ता फार्म के निकट भाजपा गाजियाबाद महानगर द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके बाद दोपहर में भोजपुर कट, मेरठ एक्सप्रेसवे पर भाजपा गाजियाबाद जिला द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। बाद में मेरठ में वह संगठनात्मक बैठक को भी सम्बोधित करेंगे।

### लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम पर कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सम्मानजनक कार्यस्थल किसी भी प्रगतिशील संस्था की आधारशिला होता है, संवेदनशीलता, विश्वास, गरिमा और लैंगिक समानता ही संस्कृति के निर्माण में सहायक होती है। यह बात शनिवार को सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, गोयल कैंपस में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 'पोश'-2013 पर आयोजित कार्यशाला में प्रधानाचार्या डॉ. रीना पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर व्यक्तियों को जिम्मेदारी से कार्य करने, नैतिक मूल्यों को बनाए रखने से स्वस्थ संगठनात्मक वातावरण बनता हैं। कार्यशाला में अभिवृद्धि इनोवेशन एंड कंसल्टेंट्स प्रा. लिमिटेड के निदेशक राजेश पांडेय ने वर्ष 1992 के भंवरी देवी प्रकरण और उसके बाद बने विशाखा दिशा निर्देशों से लेकर वर्ष 2013 में पोश अधिनियम के लागू होने तक की यात्रा को समझाया। कंसल्टेंट एवं प्रशिक्षक डॉ. सौम्यता पांडेय एवं अनुभव श्रीवास्तव का विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा शॉल एवं पौधा भेंट कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इस कार्यशाला में कुल 90 शिक्षक तथा 60 प्रशासनिक एवं सहायक स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की।

### गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिख धर्म के दसवें गुरु, महान योद्धा, समाज सुधारक एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह महाराज की जयंती पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दीं। आशियाना स्थित गुरूद्वारा पहुंचकर उन्होंने अरदास की और वहां आयोजित लंगर में श्रद्धालुओं को भोज परोस कर सेवा की तत्पश्चात लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के त्याग, बलिदान और राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हमें सभी को गुरु गोविंद सिंह के जीवन आदर्शों को अपनाने, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने तथा समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।



# जी राम जी के फायदे बताने के लिए गांव-गांव में लगेगी चौपाल

## योजना के जरिए रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी कार्यालयों, सामुदायिक सभागारों, ग्राम पंचायत भवनों और ग्राम सभा स्थलों पर लगेंगे पोस्टर



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत विकसित भारत जी राम जी योजना के जरिए गांव-गांव रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की पहल शुरू हो गई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक काम की गारंटी पहुंचे और रोजगार की जानकारी गांव-गांव लोगों को चौपाल लगाकर दी जाए। सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

इस दिशा में प्रदेश भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और ग्राम सभाओं में पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग के जरिए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही चौपालों पर संवाद के जरिए सीधे आम लोगों को रोजगार संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

इस अभियान के तहत रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी-जी राम जी) को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसका मकसद सिर्फ योजना बनाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना है। इसके तहत चौपाल पर चर्चा के साथ घर-घर योजना की जानकारी दी जाएगी। गांव-गांव लगने वाली इन चौपालों में लोगों को रोजगार की योजनाओं, काम के अवसरों और अधिकारों के बारे में बताया जाएगा।

इस कवायद में पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग से योजना का प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, सामुदायिक हॉल और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाई जाएगी। जिससे कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी से अछूता न रहने पाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भी संदेश से संबंधित लोगो लगाए जाएंगे। सभी तक जानकारी पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार का प्रयास है कि रोजगार से जुड़े फैसलों में आमजन की भागीदारी रहे। चौपालों के माध्यम से लोग अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।

### मिलेगा हर हाथ को काम

मुख्यमंत्री का अधिकारियों को स्पष्ट संदेश है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांव मजबूत होंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। इसी सोच के साथ प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर जरूरतमंद तक पहुंचें। यह अभियान न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

## वीबी-जी राम जी अधिनियम को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकसित भारत-गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 के बारे में लोगों को जागरूकता करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों, मजदूरों, महिलाओं, एससी-एसटी परिवारों और कमजोर समूहों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभाओं में बैनर, पोस्टर प्रदर्शित किए गए और अधिनियम से संबंधित जानकारी के लिए पंपलेट ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए।

प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग सौरभ बाबू ने बताया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण नागरिक, श्रमिक, महिलाओं एवं नवयुवकों को वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया।



लखनऊ : सपा मुख्यालय में वीर शिरोमणि महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा नेता।

# भाजपा में कलह का कारण 2.89 करोड़ वोट कटना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख बोले- भाजपा में अंदरूनी लड़ाई खुलकर सामने आ रही



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. भाजपा में मचा आपसी घमासान किसी तथाकथित 'विद्रोही बैठक' का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे असली वजह एसआईआर के तहत 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कटने की खबर है, जो पहले ही भाजपा विधायकों के बीच फैल चुकी है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को सोशल मीडिया की पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री के 'एक वर्ष शेष' वाले बयान के अनुसार इनमें से लगभग 85 से 90 प्रतिशत वोट भाजपा के अपने समर्थकों के हैं। यदि 2.89 करोड़ में से केवल 85 प्रतिशत भी मान लिया जाए तो यह संख्या करीब 2 करोड़ 45 लाख 65 हजार होती है। जब इस आंकड़े को प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित किया जाता है तो औसतन लगभग 61 हजार वोट प्रति सीट कम होने का गणित सामने आता है। उन्होंने कहा कि इसका सीधा निष्कर्ष यह है कि भाजपा प्रदेश की प्रत्येक सीट पर भारी वोटों की कमी से जूझेगी। ऐसी स्थिति में भाजपा सरकार बनाना तो दूर, दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इसी डर से भाजपा में अंदरूनी लड़ाई खुलकर सामने आ रही है, जो अब आरोप-प्रत्यारोप, नोटिस और सार्वजनिक बयानबाजी तक पहुंच चुकी है।

## सपा ने मनाई महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा मुख्यालय में वीर शिरोमणि महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती सादगी से मनाई गई। राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने महाराजा खंगार के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद, मेघनाथ खंगार, जूही सिंह समेत तमाम पदाधिकारियों ने महाराजा खेत सिंह खंगार को पुष्पाजंलि अर्पित की। राष्ट्रीय सचिव ने शनिवार को माल्यार्पण के बाद कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का मानना है कि महाराजा खेत सिंह खंगार महान योद्धा और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के साथ कई युद्ध लड़े थे। उनकी राजधानी गढ़कुंडार थी। खंगार वंश का शासन 165 वर्षों तक बुन्देलखंड (जिझौतिखंड) में राज्य किया।

# दिल्ली परेड में विशेष अतिथि बनेंगी 14 लखपति दीदियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर मौजूद रहेगी यूपी की नारी शक्ति

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियां विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह उपलब्धि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की मजबूत मिसाल है। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और सामाजिक बदलाव की नई कहानी लिख रही हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजनौर की ऋतु हलदर और सुमन रानी इन 14 लखपति दीदियों में शामिल हैं, जो महिला उद्यमिता की सशक्त मिसाल बन चुकी हैं। आर्थिक तंगी से जूझने वाली दोनों महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ की, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए प्रशासन ने उन्हें 'लखपति दीदी क्लब' में शामिल किया है। साथ ही इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ये दीदियां अपने उत्पादों के साथ-साथ बिजनौर का पारंपरिक वुड क्राफ्ट भी प्रस्तुत करेंगी।

# 10 मेडिकल कॉलेजों को बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 करोड़ की धनराशि विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत

**अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सहारनपुर, अंबेडकर नगर, कानपुर मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के करीब 10 मेडिकल कॉलेजों में भवन निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए करोड़ों रुपये का बजट जारी किया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा लगभग 15 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव आनंद कुमार त्रिपाठी ने स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी महानिदेशक को भेज दी है। आदेश के क्रम में सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में छात्रों के लिए कैंटीन, ओपन जिम तथा इंटर्न फीमेल हॉस्टल की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 1 करोड़ 70 लाख रुपये स्वीकृत करते हुए प्रथम किश्त जारी कर दी गई है। अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने के लिए 4 करोड़ 90 लाख 59 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में इंडोर भवन, एकेडमिक ब्लॉक और एनआईसीयू भवन में सीढ़ियों के निर्माण के लिए कुल 2 करोड़ 82 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी हो चुकी है।

प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को 2 करोड़ 18 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें से 1 करोड़ 10 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। मेरठ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में विद्युत पोल बदलने के लिए 2 करोड़ 27 लाख 88 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। बुलंदशहर मेडिकल कॉलेज को निर्माणाधीन कार्यों के लिए 4 करोड़ 91 लाख रुपये की चौथी किश्त जारी की गई है।

गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में गेट नंबर दो के निर्माण के लिए 91 लाख 34 हजार रुपये जारी किए गए हैं। वहीं कानपुर के लाला लाजपत राय चिकित्सालय में नवीन कॉरिडोर निर्माण के लिए 1 करोड़ 6 लाख रुपये स्वीकृत कर 95 लाख 66 हजार रुपये जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में 500 केवीए के तीन जनरेटर स्थापित करने के लिए 3 करोड़ 34 लाख 23 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 75 लाख रुपये की पहली किश्त जारी की गई है। सरकार के इस कदम से मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# कुकरैल में मिलेगा प्रकृति और रोमांच का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. ईको टूरिज्म बोर्ड करेगा सुविधाओं का विकास

**अमृत विचार :** राजधानी के इंदिरानगर स्थित कुकरैल वन क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए तेजी से पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में एक ओर कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहीं इसके आसपास के वन क्षेत्र में उप्र. ईको टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटकों की सुविधा और मनोरंजन के लिए कई नई परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं।

यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड के अपर निदेशक पुष्प कुमार ने शनिवार को बताया कि ईको टूरिज्म बोर्ड कुकरैल वन क्षेत्र में बच्चों और परिवारों के लिए चिल्ड्रेन पार्क, प्ले स्टेशन, ओपन जिम, नेचर वॉक ट्रेल और बांस की गोल हट का निर्माण करा रहा है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कैफेटेरिया, पार्किंग और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं पर लगभग दो करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

उन्होंने बताया कि कुकरैल वन क्षेत्र में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुआ अभ्यारण्य देखने आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए ये सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रेन पार्क में एडवेंचरस गेम्स, झूले और प्ले स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिससे परिवार के सभी सदस्य यहां समय बिता सकें।



राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने के बाद बाहर आते श्रद्धालु। • अमृत विचार

# रामनगरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के अवसर पर रामनगरी एक बार फिर भक्ति और उत्साह की लहर में डूब गई है। रामपथ, भक्ति पथ समेत गली कूंचों में श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे हैं।

भारी भीड़ के चलते होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे, धर्मशाला आदि फुल हो गए हैं। साथ ही शहर के व्यापार को पंख लग गए हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष प्रतिष्ठा द्वादशी 31 दिसंबर को पड़ रही है, लेकिन उत्सव की शुरुआत 27 दिसंबर से ही हो गई है। इस महोत्सव में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं।

**नई ऊंचाइयां** | भूमि से उद्योग तक यूपी अग्रणी राज्यों में शामिल

# योगी के विजन पर निवेशकों का बढ़ा भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उप्र. ने देश के औद्योगिक मानचित्र पर अपनी मजबूत और भरोसेमंद पहचान बना ली है। औद्योगिक भूमि के प्रभावी उपयोग के मामले में प्रदेश आज अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। जहां कई राज्यों में औद्योगिक पार्कों की बड़ी भूमि निष्क्रिय पड़ी है, वहीं उप्र. में उपलब्ध कराई गई अधिकांश औद्योगिक भूमि पर उद्योग स्थापित हो चुके हैं या स्थापना की प्रक्रिया में हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में अब तक 286 औद्योगिक पार्क विकसित किए जा चुके हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 33,327 हेक्टेयर है। इन पार्कों में औद्योगिक गतिविधियों की सक्रियता यह साबित करती है कि निवेश प्रस्ताव केवल कागजों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम दे रहे हैं। उद्योगपति एसके आहूजा का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने स्पष्ट औद्योगिक नीति अपनाई है। कानून-व्यवस्था में सुधार, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट व बेहतर कनेक्टिविटी जैसे बुनियादी ढांचे के विकास ने निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। औद्योगिक भूमि के उपयोग में उत्तर प्रदेश की स्थिति अन्य राज्यों से बेहतर दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर तेलंगाना में 157 औद्योगिक पार्कों में लगभग 30,749 हेक्टेयर भूमि आज भी निवेश की प्रतीक्षा में है, जबकि प्रदेश में अधिकांश भूमि पर उद्योग सक्रिय हैं। इससे न केवल उत्पादन बढ़ा है, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी), डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क और टेक्सटाइल हब जैसी योजनाओं से प्रदेश में संतुलित औद्योगिक विकास हो रहा है। अब 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर जोर देकर सरकार उद्योगों को और गति देने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

**5100 छात्रों को छात्रवृत्ति देने की रिलायंस ने की घोषणा**

मुंबई। रिलायंस फाउंडेशन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्रवृत्ति के लिए इस साल क्रमशः 5,000 और 100 योग्य अभ्यर्थियों को चुना है। इसके तहत स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को क्रमशः दो लाख और छह लाख रुपये की राशि दी जाती है। रिलायंस उद्योग समूह के सामाजिक कार्यों में लगे इस प्रतिष्ठान ने समूह के संस्थापक स्वर्गीय धीरूभाई अंबानी की 93वीं जयंती पर इस साल की छात्रवृत्ति के निर्णयों की शनिवार को घोषणा की।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 28 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के सदस्य बने अमित

शिमला। शिमला के पूर्व उपायुक्त अमित कश्यप को हिमाचल की राज्य पीठ के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अपीलीय न्यायाधिकरण का सदस्य बनाया गया है। उनका कार्यकाल चार वर्षों का है। एक बयान में शनिवार को बताया गया कि यह नियुक्ति केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जारी किया। यह आदेश हिमाचल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली चयन समिति द्वारा लिए साक्षात्कार के बाद मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की मंजूरी पर जारी हुआ। कश्यप दिसंबर 2023 में आईएएस से सेवानिवृत्त हुए थे।

### चावल-चीनी नरम, दालों खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही। चीनी में भी नरमी देखी गयी। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गयी। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10-10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

### जंबो के खिलाफ दिवालिया याचिका रद्द

नई दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालियापन प्रक्रिया शुरू करने की इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक की अपील खारिज कर दी और इस मामले में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को बरकरार रखा। इससे पहले, एनसीएलटी की जयपुर पीठ ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा कि जंबो फिनवेस्ट दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) की धारा 3(17) के अनुसार वित्तीय सेवा प्रदाता है और यह वह कॉरपोरेट व्यक्ति नहीं है जिसके खिलाफ धारा सात का आवेदन शुरू किया जा सके।

# सुधारों के कारण मजबूती से बढ़ी अर्थव्यवस्था

## आर्थिक वृद्धि दर दो तिमाहियों में औसतन 8% पर, मुद्रास्फीति और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें आ रही नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक अनुकूल हैं। अमेरिकी बाजार में 50% शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दो तिमाहियों में औसतन 8% के स्तर पर है। साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं।

डॉलर की तुलना में रुपये में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजकोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किये हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसंबर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिंता व्याप्त हो गयी थी।




### घरेलू अर्थव्यवस्था पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ी

रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2% की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 और अप्रैल-जून में 7.8% थी। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले कदम के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती किया। जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में सुधार करते हुए इसे चार की जगह दो स्लैब में कर दिया। जीएसटी परिषद के इस निर्णय से 90% से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में कमी आई है। कर में छूट से इस वर्ष त्योहारी खरीद में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गयी। दरों में कमी के बावजूद नवंबर में सकल जीएसटी संग्रह पिछले साल नवंबर से 0.75% बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक जीएसटी संग्रह में वार्षिक आधार पर औसत वृद्धि 8.9% चल रही है।

### वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात में आई तेजी

विश्व बाजार की चुनौतियों का बावजूद अप्रैल-नवंबर 2025 में वस्तु एवं सेवाओं का कुल निर्यात सालाना आधार पर 5.43% बढ़कर 562.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कुल आयात 5% बढ़कर 651.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 2.62% की वृद्धि के साथ ऊंचा रहा। सेवाओं के निर्यात में 8.65% की वृद्धि हुई। सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का सबसे मजबूत इंजन है। चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मजबूत बना रहा और अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान सीधे 50.36 अरब डॉलर की शेयर पूंजी भारत में आई। यह सालाना 16% की वृद्धि है। गत वित्त वर्ष में 81 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया था। सेवा निर्यात के मजबूत प्रदर्शन और एफडीआई के प्रवाह से बाह्य क्षेत्र में देश की स्थिति मजबूत बनी हुई है और चालू खाते का घाटा पहली छमाही में अप्रैल से सितंबर के दौरान 15 अरब डॉलर रहा जो जीडीपी का 0.8% है। यह जीडीपी का 1.3% रहा। पिछले साल के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पर था जो इस साल 700 अरब डॉलर के पार पहुंचने के बाद 693 अरब डॉलर से ऊपर है।

# सुरक्षा मजबूत करने को बम निरोधक प्रणालियों का पहला मानक जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी के अनुरोध पर तैयार हुआ मानक

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने देश की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने और बम निरोधक प्रणालियों के प्रदर्शन मानक स्पष्ट करने को विशेष मानक जारी किया है। नया मानक आईएस 19445:2025 गृह मंत्रालय और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी के अनुरोध पर तैयार किया गया है। यह बम निरोधक प्रणालियों के लिए व्यापक दिशानिर्देश स्थापित करता है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि ये मानक खरीद एजेंसियों, विनिर्माताओं और परीक्षण निकायों द्वारा स्वैच्छिक रूप से अपनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि इसके कार्यान्वयन से मूल्यांकन प्रथाओं में एकरूपता लाने, गुणवत्ता आधारित विनिर्माण को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियानों में तैनात बम निरोधक प्रणालियों में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, मानक में परीक्षण उपकरण, परीक्षण क्षेत्र की परिस्थितियां, और मूल्यांकन प्रक्रियाओं के लिए आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं, ताकि प्रणाली की प्रभावशीलता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया जा सके। गृह मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मानक की आवश्यकता इसलिए उत्पन्न हुई क्योंकि मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय मानक या तो सीमित रूप से उपलब्ध हैं या भारतीय सेनाओं द्वारा सामना किए जाने वाले खतरे और संचालन की परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं।

# बड़े निवेश से भारत के एफडीआई गतिमान

नई दिल्ली,एजेंसी

मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे, बड़े निवेश प्रस्तावों, कारोबारी सुगमता में सुधार के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों और निवेश से जुड़े नए दौर के व्यापार समझौतों से 2026 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज की उम्मीद है। भारत को आकर्षक और निवेशकों के अनुकूल गंतव्य बनाए रखने के लिए सरकार एफडीआई नीति की लगातार समीक्षा करती है और हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद इसमें बदलाव करती रहती है।

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई बैठकें की हैं। नवंबर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी प्रक्रियाओं को तेज, सरल और अधिक प्रभावी बनाकर अधिक निवेश आकर्षित करने पर विचार-विमर्श किया। निवेशकों के अनुकूल नीतियां और नियामक प्रक्रियाएं, निवेश पर मजबूत प्रतिफल, कुशल कार्यबल, अनुपालन बोझ में कमी, उद्योग से जुड़े छोटे अपराधों का अपराधमुक्तिकरण और मंजूरी प्रक्रियाओं का सरलीकरण ऐसे प्रमुख उपाय हैं, जिनसे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद विदेशी निवेशकों का ध्यान भारत पर बना है। 2024-25 में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 80.5 अरब डॉलर को पार कर गया है। जनवरी-अक्टूबर 2025 के दौरान सकल विदेशी निवेश 60 अरब डॉलर से अधिक रहा।



- भारत को निवेशकों के अनुकूल गंतव्य बनाए रखने को सरकार नीतियों की करती है समीक्षा
- हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद नीतियों में किए जाते हैं बदलाव

### सरकारी प्रयास से 11 वर्षों में विदेशी निवेश में हुई वृद्धि

डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के कारण पिछले 11 वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय निवेश आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि 2024-25 में यह अब तक के उच्चतम स्तर 80.62 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उम्मीद है कि (2026) एफडीआई पिछले वर्ष के आंकड़े को पार कर सकता है। भारत चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ हुए समझौते पर भी भरोसा कर रहा है। इस समूह ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह समझौता 1 अक्टूबर 2025 से लागू हुआ और स्विट्जरलैंड की स्वास्थ्य सेवा कंपनी रोश फार्मा ने भारत में 1.5 अरब स्विस फ्रैंक (17,000 करोड़ रुपये) निवेश करने की घोषणा की।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने निपटाईं 67 हजार शिकायतें, वसूले 45 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- ई-कॉमर्स मंच से 40,000 शिकायतें आईं और 32 करोड़ रुपये का हुआ रिफंड

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं के हित में अहम उपलब्धि दर्ज की है। इस साल हेल्पलाइन के माध्यम से 45 करोड़ रुपये वसूले और 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया।

जोधपुर के रमेश कुमार (काल्पनिक नाम) ने ऑनलाइन कुर्सियां ऑर्डर की थीं। ये कुर्सियां खराब हालत में आईं। ई-कॉमर्स कंपनी ने पांच बार वापस लेने का समय दिया और हर बार उसे रद्द कर दिया। कुमार टूटे हुए फर्नीचर और घटती उम्मीदों के साथ रह गए। फिर उन्होंने 1915 डायल किया। कुमार ने बाद में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के हस्तक्षेप करने और कुछ दिनों में पूरा रिफंड पाने के बाद लिखा कि मेरे जैसे ठगे गए उपभोक्ताओं की मदद करने के लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच 67,265 भारतीयों को इस सरकारी मंच के माध्यम से अपनी शिकायतों का समाधान मिला, जिससे कुल 45 करोड़ की वापसी हुई। 2025 के आंकड़े भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और उसके झंझटों की कहानी बताते हैं।

ई-कॉमर्स मंच से 40,000 शिकायतें आईं और 32 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ। इसके बाद यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में 3.5 करोड़ का रिफंड हुआ। बेंगलुरु में उपभोक्ता ने वार्षिक इंटरनेट प्लान के लिए भुगतान किया। पैसे खाते से चले गए, लेकिन इंटरनेट कनेक्शन कभी नहीं मिला। ग्राहक सेवा ने 10 कार्य दिवसों में धन वापसी का वादा किया, लेकिन चार महीने बीत गए। बार-बार कॉल करने पर केवल तैयार किए गए जवाब और माफी मिली। एनसीएच ने हस्तक्षेप कर रिफंड कराया। चेन्नई में उपभोक्ता ने फ्लाइट टिकट 96 घंटे पहले रद्द किया, लेकिन एयरलाइन ने रिफंड से इनकार किया। एनसीएचकी ने उन्हें रिफंड दिलाया।



# विदेशी धरती से राहुल का बयान देश विरोधी

## भाजपा ने कांगेस नेता की जर्मनी में ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस में भाग लेने पर निशाना साधा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेशी धरती से एक बार फिर देश विरोधी कृत्यों में शामिल होने और बयान जारी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाया है। भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में शनिवार को गांधी की संसद सत्र के दौरान जर्मनी में ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस में भाग लेने पर निशाना साधा।

त्रिवेदी ने कहा कि यह सभी लोग जानते हैं कि कांग्रेस नेता गांधी विदेश यात्रा पर जाते रहते हैं और वहां से भारत विरोधी बयान भी जारी करते हैं। त्रिवेदी ने कहा कि उनके पारिवारिक सलाहकार सैम पित्रोदा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस नामक गठबंधन का हिस्सा है और उसी में भाग लेने को राहुल गांधी जर्मनी गए थे। यह संस्था ऐसे संगठन से जुड़ा हुआ है, जो भारत विरोधी शक्तियों के साथ और भारत विरोधी बातों को स्थापित करने वाले अनेक संगठनों के नेटवर्क का हिस्सा है। गांधी भारत विरोधी बयान रणनीति के तहत जारी करते हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गांधी जर्मनी यात्रा के दौर सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी की प्रेसिडेंट कार्नेलिया वुल से मिले थे और यह सभी को मालूम है कि सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी जॉर्ज सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से वित्तीय अनुदान लेती है। उन्होंने कहा कि पित्रोदा ने स्वयं इस बात का खुलासा किया है कि गांधी इस संस्था के प्रेसिडियम (अध्यक्ष के समकक्ष) हैं और वो स्वयं (सैम पित्रोदा) उसके सदस्य हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि पित्रोदा से जब भी जॉर्ज सोरोस के साथ रिश्तों को लेकर और उनसे जुड़े लोगों के साथ वो उठने-बैठने को लेकर सवाल पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। आज मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आपको किसकी परवाह है, किसके कहने पर संसद सत्र के दौरान गांधी विदेश जाते हैं। त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती है कि क्या आप भारत विरोधी भारत विरोधी वैश्विक ताकतों के नापाक गठजोड़ के सदस्य बन गए हैं।



- भाजपा नेता ने कहा- गांधी भारत विरोधी बयान रणनीति के तहत करते हैं जारी

### दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर भाजपा ने कहा- यह संगठन की कार्यशैली का प्रतीक

प्रधानमंत्री मोदी की पुरानी फोटो पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने इसे पार्टी और संगठन की कार्यशैली का प्रतीक बताया। सुधांशु ने कहा कि धरातल से जुड़ा हुआ व्यक्ति किस प्रकार अपनी प्रतिभा, क्षमता और संगठन के सहयोग से शीर्ष स्तर पर पहुंच कर भारत और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेतृत्व के रूप में उभरने में सफल होता है। त्रिवेदी ने कहा कि कहीं न कहीं अब वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को यह लगने लगा है या उनको यह एहसास होने लगा है कि हमारे नेता नरेंद्र मोदी गुदड़ी के लाल हैं, जो पार्टी को नीचे से ऊपर की तरफ ले गये हैं।

### पित्रोदा ने खुलासा किया कि कांग्रेस भारत-विरोधी वैश्विक गठबंधन का हिस्सा

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा ने यह खुलासा करते हुए कांग्रेस का असली चेहरा उजागर कर दिया है कि कांग्रेस भारत विरोधी वैश्विक गठबंधन का हिस्सा है। सुधांशु ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर विदेश जाकर संबंधित गठबंधन के कार्यक्रमों में इस उम्मीद के साथ भाग लेते हैं कि उनकी पार्टी इसके समर्थन से केंद्र में वापस आ जाएगी। सुधांशु ने पित्रोदा के साक्षात्कार में की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के विदेश विभाग के अध्यक्ष ने खुलासा किया कि पार्टी ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस (जीपीए) में आधिकारिक पद रखती है और गांधी इसके अध्यक्षीय मंडल का हिस्सा हैं। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि जीपीए उन संगठनों के नेटवर्क से जुड़ा है, जो भारत विरोधी विमर्श गढ़ने में लगे हैं।

# मनरेगा खत्म करने का फैसला मोदी ने बिना पूछे किया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के विषय पर मोदी सरकार को घेरने की रणनीति के तहत पांच जनवरी से देशव्यापी स्तर पर 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करने का फैसला किया है तथा उम्मीद जताई है कि इस मुद्दे पर विपक्षी दल एकसाथ खड़े होंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि मनरेगा खत्म करने का फैसला सीधे प्रधानमंत्री मोदी ने किया। ऐसा करते समय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कैबिनेट से विचार-विमर्श नहीं किया गया।

कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में मनरेगा पर विस्तार से चर्चा हुई और इसमें शामिल 91 नेताओं ने बड़ा आंदोलन खड़ा करने की शपथ ली। कार्य समिति की बैठक से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेक संघ (आरएसएस) की संगठन शक्ति की तारीफ कर अपने दल के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी। हालांकि, उन्होंने बाद में सफाई देते हुए कहा कि वह आरएसएस तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के धुर विरोधी हैं, और उन्होंने सिर्फ संगठन की तारीफ की है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बैठक में मौजूद नहीं थीं। बैठक में यह फैसला किया गया कि पांच जनवरी से 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू किया जाएगा। इस अभियान का पूरा कार्यक्रम पार्टी द्वारा अगले एक-दो दिनों में जारी किया जाएगा।



- कांग्रेस 5 जनवरी से शुरू करेगी देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान
- दिग्विजय सिंह ने की भाजपा और आरएसएस की संगठन शक्ति की तारीफ
- कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक में मनरेगा पर विस्तार से हुई चर्चा

### मनरेगा पर मोदी को जनाक्रोश का करना पड़ेगा सामना

बैठक के बाद खरगे ने कहा कि मनरेगा के विषय पर प्रधानमंत्री मोदी को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। हम मनरेगा की हर हाल में रक्षा करेंगे, मनरेगा कोई योजना नहीं, संविधान से मिला काम का अधिकार है। उन्होंने संकल्प भी लिया, ग्रामीण मज़दूर के सम्मान, रोज़गार, मज़दूरी और समय पर भुगतान के अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेंगे और मांग-आधारित रोज़गार और ग्राम सभा के अधिकार की रक्षा करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा सिर्फ योजना नहीं थी, बल्कि यह काम के अधिकार पर आधारित एक विचार था। मनरेगा से देश में करोड़ों लोगों को न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित होती थी। मनरेगा पंचायती राज में सीधा राजनीतिक हिस्सेदारी और वित्तीय सहयोग का साधन था। मोदी सरकार अधिकारों के विचार और संघीय ढांचे पर हमला कर रही है। मोदी सरकार राज्यों से पैसा छीन रही है।

# दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि की रद्द, कहा-अंतर्ज्ञान से लगा सुलह संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में इस बात का संज्ञान लेते हुए एक व्यक्ति की सजा रद्द कर दी कि शिकायतकर्ता और दोषी ने आपस में शादी कर ली है। न्यायालय ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच सहमति से बने संबंध को गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दिया गया था। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि जब यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष आया, तो मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद हमें यह अंतर्ज्ञान हुआ कि यदि अपीलकर्ता और पीड़िता एक-दूसरे से शादी करने का फैसला करते हैं, तो उन्हें एक बार फिर से साथ लाया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों ने इसी साल जुलाई में शादी की थी और तब से साथ रह रहे थे। अदालत ने 5 दिसंबर के फैसले में कहा कि यह उन दुर्लभ मामलों में से है, जहां अदालत के हस्तक्षेप पर अपीलकर्ता अंततः दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द करने से लाभान्वित हुआ। न्यायालय ने उस व्यक्ति की अपील पर फैसला सुनाया है, जिसने अप्रैल 2024 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसकी सजा निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी गई थी। निचली अदालत ने इस मामले में व्यक्ति को दोषी ठहराया था और उसे 10 साल के कठोर कारावास के साथ 55,000 रुपये का जुर्माना लगाया था।



- कोर्ट ने कहा- शिकायतकर्ता और दोषी के बीच सहमति से बने संबंध को आपराधिक रंग दिया गया

# जम्मू में लोक भवन पर प्रदर्शन उपराज्यपाल का पुतला फूंका

जम्मू, एजेंसी

- भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं और व्यापार जगत ने लिया भाग

जम्मू में लोक भवन के बाहर शनिवार को प्रदर्शनकारी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने रियासी स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस की एमबीबीएस प्रवेश सूची को रद्द करने की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में गठित विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों के समूह श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने आयोजित किया था।

भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई की महिला कार्यकर्ताओं और जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण गुप्ता सहित व्यापार जगत के कई लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन से लोक भवन के बाहर मुख्य सड़क अवरुद्ध हो गई, जिससे जाम लग गया और डेढ़ घंटे से अधिक समय तक यात्री परेशान रहे। लोक भवन के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और परिसर में जाने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेलने में उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# एआई तस्वीर साझा करने के आरोप में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

कोझिकोड (केरल)। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के साथ शबरिमला मामले के आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी की कृत्रिम मेधा से बनाई गई तस्वीर साझा करने के आरोप में कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया गया है। चेवायूर पुलिस ने कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की राज्य इकाई के सदस्य एन. सुब्रह्मण्यम को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया और थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# असम की मसौदा मतदाता सूची से 10.56 लाख नाम हटाए गए

गुवाहाटी, एजेंसी

- 2,51,09,754 मतदाताओं में से 93,021 डी-वोटर बाहर

असम में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बाद 10.56 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को जारी एकीकृत मसौदा मतदाता सूची के अनुसार, राज्य में कुल 2,51,09,754 मतदाता हैं, जिनमें 93,021 डी-वोटर को बाहर किया गया है। इसके अतिरिक्त, मृत्यु, स्थानांतरण या एकाधिक प्रविष्टियों के कारण 10,56,291 के नाम हटा दिए गए हैं।

असम में डी-वोटर मतदाताओं का एक वर्ग है, जिन्हें कथित तौर पर उचित नागरिकता प्रमाण पत्रों की कमी से सरकार द्वारा मताधिकार से वंचित कर दिया गया है। डी-वोटर्स का निर्धारण विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत विशेष न्यायाधिकरणों द्वारा किया जाता है और डी-वोटर घोषित व्यक्ति को मतदाता कार्ड नहीं दिया जाता है। नाम, आयु और फोटो जैसे सभी संबंधित विवरण, डी-वोटर के लिए बिना किसी बदलाव के मसौदा मतदाता सूची में शामिल कर लिए गए हैं।

# जापान में 50 वाहन टकराए, दो की मौत

- एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में 26 घायल, कई वाहन जले

टोक्यो, एजेंसी



टोक्यो के उत्तर-पश्चिम में स्थित मिनाकामी में शनिवार की सुबह बर्फीले मौसम में एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण हादसे के बाद जले हुए वाहन।

जापान में शुक्रवार देर रात बर्फीले मौसम में एक एक्सप्रेसवे पर हुई भीषण दुर्घटना में 50 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हो गए। गुन्मा प्रांत की राजमार्ग पुलिस ने शनिवार को बताया कि कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर मिनाकामी कस्बे में दो ट्रक की टक्कर होने के बाद 50 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए।

इस हादसे में लगभग 67 वाहन क्षतिग्रस्त हुए। मिनाकामी तोक्यो से करीब 160 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में है। पुलिस ने बताया कि हादसे में तोक्यो की 77 वर्षीय महिला की मौत हो गई और एक जला हुआ शव ट्रक की चालक सीट पर मिला। उसने बताया कि 26 घायलों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि ट्रकों की टक्कर से एक्सप्रेस वे का कुछ हिस्सा अवरुद्ध हो गया और पीछे से आ रहे वाहन बर्फीली सतह होने के कारण समय पर ब्रेक नहीं लगा सके और 67 से अधिक वाहन एक दूसरे से टकरा गए। पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण एक दर्जन से अधिक वाहनों में आग लग गई और कुछ वाहन पूरी तरह जल गए। पुलिस ने बताया कि आग पर करीब सात घंटे बाद काबू पाया जा सका।

## एसआईआर में नाम कटे तो न हों परेशान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस अभियान के तहत मतदाता सूची की घर-घर जाकर जांच की जाती है, ताकि अपात्र नाम हटाए जा सकें और पात्र नागरिकों के नाम जोड़े जा सकें। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सियासत भी चल रही है। मतदाता सूची से नाम काटने का भ्रम भी फैलाया जा रहा है लेकिन निर्वाचन आयोग ने नाम कटने पर आपत्ति करने और पुन: जोड़ने का दावा करने की व्यवस्था बनाई है। यह सुविधा ऑनलाइन व ऑफलाइन उपलब्ध है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल व कई अन्य राज्यों में प्रक्रिया जारी है। उत्तर प्रदेश और असम में मुख्य चरण पूरा हो चुका है। जल्द ही अंतरिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## फार्म-6 भर बनें वोटर



### इन कारणों से कट सकता है नाम

- भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूची से वोटरों के नाम कई परिस्थितियों में हटा सकता है। एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के सत्यापन के लिए घर-घर जा रहे हैं। वे पिछली मतदाता सूची के अनुसार लोगों से उनके घर के मतदाताओं से संबंधित जानकारी ले रहे हैं। इस दौरान यदि किसी मतदाता की मृत्यु होने की जानकारी परिवार के लोग देते हैं तो उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया जाता है। इसके अलावा यदि मतदाता स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर निवास के लिए चला जाता है तब उस जिले की सूची से उसका नाम हटाने का प्रावधान है। एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होने पर एक स्थान से नाम हटाया जाता है। सत्यापन के दौरान जानकारी उपलब्ध न होने, गलत या फर्जी दस्तावेज होने पर और नागरिकता से संबंधित अयोग्यता होने पर मतदाता सूची से नाम हटाया जा सकता है।

### एसआईआर की प्रक्रिया

- एसआईआर एक विशेष प्रक्रिया है, जिसमें पूरी मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया जाता है। इसका उद्देश्य मृत, स्थानांतरित, दोहरे या अपात्र मतदाताओं के नाम हटाना और योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल करना है। यह प्रक्रिया आमतौर पर चुनाव से पहले कराई जाती है।
- इसके अंतर्गत सबसे पहले बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी सत्यापित की जाती है। इसके बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होती है।
- इस सूची पर नागरिकों को दावा और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया जाता है। सभी आपत्तियों और दावों के निपटारे के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाती है।

### नाम कटने पर यह करें

- यदि किसी मतदाता का नाम सूची से कट गया है या छूट गया है तो वह फॉर्म-6 भरकर दोबारा नाम जुड़वा सकता है। इसके लिए पहचान, पता और उम्र से संबंधित दस्तावेज़ आवश्यक होंगे। फॉर्म को ऑनलाइन एनवीएसपी डॉट इन पर या बीएलओ/निर्वाचन कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग का कहना है कि समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में जांच लें और त्रुटि की स्थिति में तुरंत दावा या आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदान से वंचित न रहें।

### सुधार की व्यवस्था

- मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने या कटा नाम जोड़ने के लिए आपको फॉर्म-6 भरना पड़ता है।
- मतदाता सूची में शामिल किसी गलत नाम पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 भरना पड़ता है।
- सूची में दर्ज नाम, पता और अपनी उम्र में सुधार करवाना चाहते हैं तो जानकारी फार्म-8 में भरकर निर्वाचन कार्यालय में जमा करें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा में वन स्टॉप हेल्प सेंटर स्थापित

**टोरंटो।** टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने महिलाओं के लिए 'वन स्टॉप सेंटर' की स्थापना की है, जो विशेष रूप से संकटग्रस्त महिला भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक समर्पित सहायता केंद्र है। वाणिज्य दूतावास ने 24 घंटे काम करने वाली एक हेल्पलाइन भी स्थापित की है। उसने कहा कि नये केंद्र का उद्देश्य भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, शोषण और कानूनी चुनौतियों आदि की स्थिति में महत्वपूर्ण और समय पर सहायता प्रदान करना है। भारतीय मिशन ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में प्रतिबंधित कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के विभिन्न गुटों के आठ सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित केसीपी के चार सदस्यों को गुरुवार को इंफाल पूर्व जिले के अंद्रो लेइतांपेकफम क्षेत्र से पकड़ा गया। उनके पास से एक .32 पिस्तौल, एक मैगजीन, .32 की तीन गोलियां और दो रेडियो सेट बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित केसीपी के तीन सक्रिय सदस्यों को इंफाल पश्चिम जिले के लांगोल गेम गांव जोन-दो क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

### पेरिस मेट्रो में चाकूबाजी का संदिग्ध गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिस ने शुक्रवार को मेट्रो लाइन-3 के विभिन्न स्टेशनों पर हुई चाकूबाजी की घटनाओं के संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि इस हमले में तीन महिलाएं घायल हुई हैं। इस मामले में गनीमत यह रही कि तीनों पीड़ितों को मामूली चोटें आईं, जिनका आपातकालीन सेवाओं द्वारा मौके पर ही उपचार कर दिया गया।

### तुर्की में 156 संदिग्ध मानव तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं।

# बांग्लादेश में फिर से बवाल, सिंगर जेम्स के कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## हमलावरों ने मंच पर फेंके ईंट-पत्थर और कुर्सियां, 20 से अधिक छात्र हुए घायल

- हमले के बाद आयोजकों को रद्द करना पड़ा संगीत कार्यक्रम

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्मादी भीड़ ने फरीदपुर में मशहूर रॉक गायक जेम्स के संगीत समारोह में मंच पर हमला कर दिया। ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेकीं जिससे वहां मौजूद 20 से अधिक छात्र घायल हो गए जिसके बाद कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा।

अधिकारियों और आयोजकों ने यह जानकारी दी। 'जेम्स' के नाम से मशहूर बांग्लादेशी गायक-गीतकार फारूक महफूज अनम जेम्स ने कई 'हिट' हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए हैं। भीड़ के हमले की घटना शुक्रवार रात को हुई। हाल के दिनों में देश में सांस्कृतिक संस्थानों को निशाना बनाकर कई हमले हुए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में ढाका स्थित छायानट और उदिची शिल्पी गोष्ठी जैसे संगठनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुई है। जेम्स का यह संगीत कार्यक्रम फरीदपुर जिला स्कूल के 185वें स्थापना दिवस समारोह के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समाचार पोर्टल टीबीएसन्यूज डॉट नेट के अनुसार, यह कार्यक्रम स्कूल परिसर में बनाए गए एक अस्थायी मंच पर देर रात होना था। हालांकि, कार्यक्रम शुरू होने से ठीक पहले कुछ बाहरी लोगों के एक समूह ने प्रवेश से रोके जाने के बाद जबरन घुसने की कोशिश की। उन्होंने ईंट-पत्थर फेंके और मंच पर कब्जा करने का प्रयास किया। आयोजकों के अनुसार, स्कूल के छात्रों ने हमलावरों का मुकाबला किया लेकिन पथराव में कम से कम 20 छात्र घायल हो गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सदर सर्कल) अजमीर हुसैन ने कहा कि घायलों की वास्तविक संख्या की अभी पुष्टि नहीं हुई है। हम विस्तृत जानकारी जुटा रहे हैं। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, हालात को देखते हुए आयोजन समिति के संयोजक मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने फरीदपुर जिला प्रशासन के आदेश पर कार्यक्रम रद्द कर दिया। जेम्स बांग्लादेशी रॉक बैंड 'नगर बाउल' के प्रमुख गायक, गीतकार और गिटार वादक हैं। उन्होंने 'गैंगस्टर', 'वो लम्हे' और 'लाइफ इन अ मेट्रो' जैसे कई हिट हिंदी फिल्मों में भी गाने गाए हैं। कार्यक्रम की प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजीबुल हसन खान ने कहा कि हमले का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बीएनपी नेता रहमान 17 साल बाद बने मतदाता

**ढाका।** बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को बांग्लादेश की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) प्राप्त करने की औपचारिकताएं पूरी कर लीं। लंदन में 17 वर्षों से अधिक के स्वनिर्वासन के बाद दो दिन पहले ही रहमान स्वदेश लौटे हैं। समाचार पोर्टल टीबीएसन्यूजडॉटनेट की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के 60 वर्षीय नेता ने कड़ी सुरक्षा के बीच ढाका स्थित निर्वाचन आयोग कार्यालय गए, जहां उन्होंने बायोमेट्रिक पंजीकरण कराया।

### रहमान ने हादी की कब्र पर फातिहा पढ़ा

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ढाका विश्वविद्यालय का दौरा किया और मारे गए छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की कब्र पर फातिहा पढ़ा। 60 वर्षीय बीएनपी नेता ने ढाका विश्वविद्यालय की केंद्रीय मस्जिद के बगल में स्थित बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र पर भी फातिहा पढ़ा। हादी को 20 दिसंबर को काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के पास ही दफनाया गया था। इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी की कब्र पर रहमान ने श्रद्धांजलि दी। हादी की इस महीने की शुरुआत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिससे फरवरी में प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है।

## सोमालीलैंड को इजराइली मान्यता का सख्त विरोध

**नैरोबी।** अफ्रीका के क्षेत्रीय संघों ने सोमालिया के अलग हुए क्षेत्र सोमालीलैंड को इजराइल द्वारा एक दिन पहले स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दिए जाने को शनिवार को खारिज कर दिया। पिछले 30 से अधिक वर्षों में किसी भी देश द्वारा सोमालीलैंड को पहली बार मान्यता दी गई है। सोमालीलैंड ने 1991 में सोमालिया से स्वतंत्रता की घोषणा की और अपनी सरकार और मुद्रा होने के बावजूद, शुक्रवार तक दुनिया के किसी भी देश द्वारा इसे मान्यता नहीं दी गई थी।

अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने कहा कि सोमालिया की संप्रभुता को कमजोर करने का कोई भी प्रयास महाद्वीप पर शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी संघ सोमालीलैंड को एक अलग देश के रूप में मान्यता देने के उद्देश्य से किसी भी पहल या कार्रवाई को दृढ़ता से खारिज करता है। यह विशेष रूप से उल्लेख किया जा रहा है कि सोमालीलैंड सोमालिया के संघीय गणराज्य का अभिन्न अंग बना हुआ है। सोमालिया की संघीय सरकार ने शुक्रवार को इजराइल द्वारा सोमालीलैंड को मान्यता देने के कदम को गैरकानूनी बताते हुए इसका पुरजोर खंडन किया और इस बात की पुष्टि की कि उत्तरी क्षेत्र सोमालिया के संप्रभु क्षेत्र का अभिन्न अंग बना हुआ है। यह पता नहीं चल पाया कि इजराइल ने इस समय यह घोषणा क्यों की।

# जलवायु में बदलाव से होंगे 10 करोड़ से अधिक के मानवाधिकार प्रभावित

- संयुक्त राष्ट्र ने एक ताजा अध्ययन से दी जानकारी
- मानवीय क्षति को कभी आंकड़ों में नहीं मापा गया : प्रो जोयिता गुप्ता

जेनेवा, एजेंसी



पृथ्वी के औसत तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन से 10 करोड़ से अधिक लोगों के मानवाधिकारों पर असर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र ने एक ताजा अध्ययन के हवाले से यह जानकारी दी है। अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सलाहकार निकाय अर्थ कमीशन की सह-अध्यक्ष और प्रोफेसर जोयिता गुप्ता ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र समाचार को दिये एक साक्षात्कार में बताया कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को न केवल जलवायु आपातकाल के रूप में, बल्कि मानवाधिकारों के उल्लंघन के रूप में भी समझा जाना चाहिए।

प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि 1992 के जलवायु सम्मेलन में मानवीय क्षति को कभी भी आंकड़ों में नहीं मापा गया। उन्होंने कहा कि जब 2015 में पेरिस समझौते को अपनाया गया था, तब वैश्विक सहमति तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने पर बनी थी, जिसे बाद में 1.5 डिग्री सेल्सियस को सुरक्षित लक्ष्य के रूप में स्वीकार किया गया। लेकिन तब भी यह छोटे द्वीपीय देशों के लिए यह अधिक था। सुश्री गुप्ता ने कहा कि समुद्री जल का बढ़ता स्तर, खारे पानी का तटीय क्षेत्रों में प्रवेश और भीषण तूफान पूरे के पूरे द्वीपीय देशों को लिए भयावह खतरे के रूप में सामने आ रहे हैं। जब धनी देशों ने वैज्ञानिक प्रमाण मांगे, तो 'इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज' को 1.5 डिग्री सेल्सियस और 2 डिग्री सेल्सियस के बीच के अंतर का अध्ययन करने का काम सौंपा गया। परिणाम स्पष्ट थे कि 1.5 डिग्री सेल्सियस काफी कम विनाशकारी है लेकिन फिर भी खतरनाक है।

प्रो. गुप्ता नेचर पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध में तर्क देती हैं कि एक डिग्री सेल्सियस ही 'न्यायसंगत सीमा' है, क्योंकि उस बिंदु के बाद जलवायु परिवर्तन के प्रभाव वैश्विक जनसंख्या के एक प्रतिशत से अधिक यानी लगभग 10 करोड़ लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

## नजीब रजाक को सुनाई 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। श्री नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। श्री नजीब को धनशोधन मामले के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है।

# हिप्र में डॉक्टरों की हड़ताल से चिकित्सा सेवाएं प्रभावित

- परेशानी का सामना कर रहे हैं भर्ती मरीज और तीमारदार

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में मरीज के साथ कथित रूप से हाथापाई करने पर एक चिकित्सक की सेवा समाप्त किए जाने के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टर शनिवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए जिसके कारण राज्य के कई अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गईं।

इस मामले में चिकित्सकों का तर्क है कि 48 घंटे के भीतर डॉक्टर को बर्खास्त करना अनुचित था और इस कार्रवाई के कारण चिकित्सा जगत में भारी रोष पनप रहा है।

हड़ताल के कारण अस्पतालों में चिकित्सकों की अनुपलब्धता से मरीजों और उनके तीमारदारों, विशेष रूप से दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के साथ आए कृष्ण सिंह ठाकुर ने बताया कि कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से हमें बहुत परेशानी हो रही है।

## वेनेजुएला ने अमेरिका से वार्ता की इच्छा जताई

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिका के साथ आपसी सम्मान के आधार पर बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की है। मादुरो ने स्पष्ट किया कि यह संवाद तभी संभव है जब अमेरिका वेनेजुएला के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करे। टेलीविज़न परमादुरो ने कहा, यदि अमेरिकी पक्ष पिछले 25 वर्षों से वेनेजुएला में हस्तक्षेप की अपनी विफल कोशिशों को छोड़ने और आपसी सम्मान के आधार पर बातचीत करने के लिए तैयार है, तो हम इसका स्वागत करेंगे।

# यूक्रेन-यूएस वार्ता से पहले कीव पर हमला

- रूसी मिसाइल-ड्रोन हमले में एक की मौत, 27 अन्य लोग घायल

कीव, एजेंसी


खार्किव में रूसी हवाई हमले में क्षतिग्रस्त वाहन का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी।

यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता से एक दिन पहले रूस ने शनिवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए।


स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के जरिये हमले से राजधानी में घंटों तक विस्फोट होते रहे। हमला शनिवार तड़के शुरू हुआ और दिन निकलने तक जारी रहा। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयास में आगे की बातचीत के लिए रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने लगभग 500 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 40 मिसाइल से यूक्रेन को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि मुख्य लक्ष्य कीव में ऊर्जा और नागरिक बुनियादी ढांचा था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 11.59 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तर भाद्रपद 08.43 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**वृष** — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज आप दूसरों की मदद को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे, लेकिन फिर भी आपका कोई काम नहीं रुकेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें।

**सिंह** — आज घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। मेडिटेशन और योग आपको हर तरह से लाभ पहुंचाएगा। आप अवसरों को चूक सकते हैं। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं। बहुत तलाभुना और जंक फूड खाने से बचें।

**कन्या** — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। बड़ा व्यवसायिक अनुबंध हो सकता है।

**तुला** — आज उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छिपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें।

**वृश्चिक** — आज आध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

**धनु** — आज व्यापार के दृष्टिकोण से समय ठीक नहीं है। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करें।

**मकर** — आज दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नए मित्र बन सकते हैं।

**कुंभ** — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिये। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं।

**मीन** — आज नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

## सुडोकू-15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |



‘इंग्लैंड का टीम प्रबंधन भारत के खिलाफ सीरीज के प्रदर्शन की बात कर रहा है। उसने भारत के खिलाफ श्रृंखला ड्रॉ कराई लेकिन यही भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से अपनी घरेलू धरती पर बुरी तरह हार गई। इसलिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम कोई सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम नहीं थी।
–एलिस्टेयर कुक


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 28 दिसंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुँचती, लेकिन नज़ारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय – ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाज़ों से तय होती है : गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए ज़ोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुज़रने के बाद आहें।

### ऑस्ट्रेलिया को होगा लाखों का नुकसान

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं और रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिंग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिंग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। पर पर्थ में दो–दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, दूसरे दिन मैच ही खत्म हो गया। ऐसे में सीए को एक और बड़े नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

### ईस्ट बंगाल ने लगातार दूसरी जीत हासिल की

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल)।** ईस्ट बंगाल एफसी ने शनिवार को यहां गढ़वाल यूनाइटेड एफसी को 2–1 से हराकर इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) में लगातार दूसरी जीत हासिल की। गत चैंपियन टीम को सुलांजना राउल ने 22वें मिनट में बढ़त दिलाई और इसके बाद फजिला इक्वापुट (63वें मिनट) ने बढ़त को दोगुना कर दिया। गढ़वाल यूनाइटेड की टीम मैच के ज्यादातर हिस्से में अच्छा खेल नहीं दिखा सकी, उसके लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मोनिशा सिंघा ने 72वें मिनट में गोल किया।

# श्रीलंका पर दबदबा बरकरार रखने उतरेगी महिला टीम

- टी-20 श्रृंखला का चौथा मुकाबला आज शाम 7 बजे से
- 3-0 से अजेय बढ़त के साथ सीरीज जीत चुका है भारत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

पहले तीन मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर चुकी भारतीय महिला टीम रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भी अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पांच मैचों की इस श्रृंखला में अभी तक अपना दबदबा कायम रखा है। श्रीलंका की टीम अभी तक उसे किसी भी तरह की चुनौती नहीं दे पाई है। भारत श्रृंखला में 3-0 से आगे है।

भारत ने पहले तीन मैच में लक्ष्य का पीछा किया और उसके दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने किसी भी मैच में 14.4 ओवर से अधिक बल्लेबाजी नहीं की है, तीन से अधिक विकेट नहीं गंवाए हैं, और 129 रन से अधिक के लक्ष्य का सामना नहीं किया है।

इस शानदार सफलता का श्रेय मुख्य रूप से भारतीय गेंदबाजों को जाता है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने दो मैचों में चार विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सिंह ने शुक्रवार को ग्रीनफील्ड स्टेडियम में एक ही मैच में चार विकेट हासिल किए। टॉस ने भी थोड़ी भूमिका निभाई होगी क्योंकि हरमनप्रीत ने तीनों मौकों पर टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इससे उनके गेंदबाजों को कम ओस वाली परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला। भारतीय गेंदबाजों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया है और अब तक किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज को 40 रन की संख्या को पार नहीं करने दिया है। भारतीय श्रृंखला में कई तरह के संयोजन आजमा रहा है। अरुंधति रेड्डी ने पहले दो मैच खेले, जबकि अगले मैच में रेणुका ने इस तेज गेंदबाज की जगह ली।

रेणुका ने तीसरे मैच के समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा हम 2026 के टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजन आजमा रहे हैं। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद हम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं और हम अपने लिए तय किए गए मानकों को बरकरार रखना चाहते हैं। भारतीय बल्लेबाजों ने भी गेंदबाजों का अच्छा साथ दिया। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक बनाकर अपनी शानदार फॉर्म बनाए रखी है।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका, मल्की मदारा।



# ऑस्ट्रेलियाई धरती पर इंग्लैंड ने 15 वर्षों बाद चखा जीत का स्वाद

## मेलबर्न टेस्ट का परिणाम सिर्फ दो दिन में ही निकल आया



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते अंग्रेज बल्लेबाज जैकब बेथेल। एजेंसी

मेलबर्न, एजेंसी

इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए चौथे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में चार विकेट से जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया में पिछले 18 मैच में जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला रोक दिया। इंग्लैंड श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट मैच हार गया था जिससे आस्ट्रेलिया ने केवल 11 दिन में एशेज अपने पास बरकरार रखी थी। इंग्लैंड ने हालांकि चौथे टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर जीतकर ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहला मैच दो दिन से जीता था। यह 129 वर्षों में पहला अवसर है जबकि किसी एक श्रृंखला के दो मैच दो दिन में समाप्त हो गए।

इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले आखिरी बार 2010-11 की श्रृंखला में मैच जीता था। उसने तब यह श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की थी। इसके बाद इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए लगभग 15 वर्षों में 18 टेस्ट मैचों में से 16 मैच हारे थे जबकि बाकी दो मैच ड्रॉ रहे। पहली पारी में 152 रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 132 रन पर आउट हो गई। इस तरह से उसने इंग्लैंड के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा। पहली पारी में 110 रन पर आउट होने वाले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाकर अपने हजारों धैर्यवान लेकिन वफादार ‘बार्मी आर्मी’ प्रशंसकों को उन्मादपूर्ण जश्न में डुबो दिया।

एमसीजी की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने मैच के छठे सत्र में ही जीत हासिल की। इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की। पहले 10 ओवर में ही उसने बेन डकेट (34) और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए ब्रायडन कार्स (06) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 70 रन बना लिए थे। स्कॉट बोलैंड ने जाक क्रॉली (37) और जैकब बेथेल (40) को आउट किया।



टीम के साथ जश्न मनाते इंग्लैड के कप्तान बेन स्टोक्स। एजेंसी

### दो दिन में मैच समाप्त होना ठीक नहीं : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच के बाद कहा अब तक यह दौरा काफी कठिन रहा है। हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह शानदार था। हमने साहसिक खेल दिखाया और अपने काम को अंजाम तक पहुंचाया। जब मैं आउट हुआ तब हम लक्ष्य से 10 रन पीछे थे। मैं जानता था कि हम लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। जीत के साथ अंत करना सुखद अहसास है। स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट मैच का दो दिन में समाप्त होना आदर्श स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा स्पष्ट तौर पर कहूं तो आप बिल्कुल ऐसा नहीं चाहेंगे। आप कभी ऐसा नहीं चाहेंगे की ‘बॉक्सिंग डे’ (26 दिसंबर) टेस्ट मैच दो दिन से कम समय में ही समाप्त हो जाए।

### एशेज सीरीज

- 3-0 की बढ़त के बाद मेजबान चार विकेट से हराया

**18** मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहली जीत है इंग्लैंड की

**129** वर्षों में पहला अवसर है जबकि किसी एक श्रृंखला के दो मैच दो दिन में समाप्त हो गए

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 152/10 |
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 110/10 |
| ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी) | 132/10 |
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 178/6 |

### दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है : स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है। मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा।” एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7–8 मिमी घास की जग़ह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ़ दो दिन के अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा जिन पिचों पर सीम गेंदबाज़ों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30–40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज़्यादा इस्तेमाल नहीं किया था। पिंक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाज़ों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी।



## 2025

# मीराबाई ने भारोत्तोलन को आगे बढ़ाया


## लेकिन डोपिंग का डंक भी डसता रहा

### भारोत्तोलन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय भारोत्तोलन एक बार फिर मीराबाई चानू की अटूट प्रतिभा के इर्द-गिर्द घूमता रहा, जिनका विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक डोपिंग संबंधी चिंताओं और सीनियर स्तर पर अन्य खिलाड़ियों की निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वर्ष 2025 में इस खेल के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि थी।

एक साल से अधिक समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने के बाद वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ने स्वदेश में आयोजित राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने 48 किलोग्राम वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता, जिससे खेल की भारत में ध्वजवाहक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि हुई। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद खेल से बाहर रही चानू ने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में सफल वापसी की, हालांकि उनका मुकाबला कमजोर खिलाड़ियों से था। उन्होंने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने खाते में तीसरा विश्व चैंपियनशिप पदक जोड़ा। मीराबाई ने नॉर्वे के फोर्डे में खेली गई इस प्रतियोगिता में 199 किलोग्राम के कुल भार उठाकर रजत पदक हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 84 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम वजन उठाया। चानू के अलावा इस सत्र में अन्य सीनियर भारोत्तोलकों ने कोई उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं किया। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कमजोर प्रतिस्पर्धा के बावजूद पदक जीतने में कामयाबी हासिल की, लेकिन उनका प्रदर्शन विश्व स्तरीय मानकों के करीब भी नहीं पहुंच पाया। एशियाई चैंपियनशिप में भी निरुपमा देवी ने महिलाओं के 64 किलोग्राम वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि दिलबाग सिंह पुरुषों के 96 किलोग्राम वर्ग की प्रतियोगिता में नौवें स्थान पर रहे जिससे इस बात का पता चलता है कि भारत राष्ट्रमंडल स्तर पर ही अपना दबदबा कायम कर सकता है।



### लगातार तीसरे वर्ष भारत का डोपिंग में रिकॉर्ड सबसे खराब रहा




डोपिंग का लगातार बढ़ता खतरा एक बार फिर भारतीय भारोत्तोलन पर डंसता रहा। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2024 के आंकड़ों के आधार पर लगातार तीसरे वर्ष भारत का डोपिंग में रिकॉर्ड सबसे खराब रहा। इसमें भारोत्तोलन में डोपिंग उल्लंघन करने वाले खिलाड़ियों की संख्या दूसरे स्थान पर है। निराशा के माहौल के बीच जूनियर और युवा भारोत्तोलकों के उदय ने आशा की किरण जगाई है क्योंकि भारतीय भारोतोलन अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगा। कोयल बार ने अगस्त में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में दो युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए, जबकि प्रीतीस्मिता भोई ने युवा एशियाई खेलों में लड़कियों के 44 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान क्लीन एंड जर्क में युवा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## कार्लसन के साथ संयुक्त बढ़त पर एरिगैसी व गुकेश

**दोहा :** क्लासिकल प्रारूप के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन के साथ गुरुवार को यहां फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप के पहले दिन के पहले पांच दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं।

इस तिकड़ी ने मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और व्लादिस्लाव आर्टेमिएव के साथ 4.5 अंकों के साथ पहले दिन शीर्ष स्थान साझा किया। कार्लसन शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने बाजी आसानी से जीत ली।

# ‘उपेक्षित महसूस होने के बाद लिया था संन्यास’

- महिला हॉकी टीम की पूर्व स्ट्राइकर वंदना कटारिया वापसी को तैयार



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने उपेक्षित महसूस होने के बाद इस साल संन्यास का फैसला लिया, लेकिन टीम प्रबंधन अगर चाहे तो वह वापसी के लिये तैयार हैं। दो बार की ओलंपियन 33 वर्ष की कटारिया ने 15 साल के कैरियर के बाद इस साल अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ली।

उन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 320 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलकर 158 गोल किए। उन्होंने पीटीआई से कहा जब मुझे लगा कि टीम प्रबंधन को मुझसे कोई अपेक्षा नहीं है तो मैं मानसिक दबाव में आ गई। मैं फिट थी और खेलने में सक्षम भी लेकिन जब मुझे उपेक्षित महसूस होने लगा तो फिर खेलने के कोई मायने नहीं थे। उन्होंने कहा मेरा मनोबल गिर गया था। हम आत्मविश्वास के साथ अभ्यास करते हैं, लेकिन कई बार नतीजे नहीं मिलते। मैं यह नहीं कहती कि युवा खिलाड़ी अच्छे नहीं हैं, वे शानदार हैं। उन्हें रूटीन के बारे में पता है लेकिन मुझे एक मैच खेलकर अगले दो मैचों में बाहर रहना बहुत खराब लग रहा था। कटारिया ने कहा अगर किसी खिलाड़ी को जान बूझकर दबाव में रखा जायेगा तो वह क्या करेगा। मैं लंबे समय से संन्यास के बारे में सोच रही थी और मानसिक रूप से भी इससे परेशान हो गई थी।

महिला हॉकी लीग में श्राची बंगाल टाइगर्स की कप्तानी कर रही कटारिया ने कहा मुझे पता है कि मैं अभी भी खेल सकती हूं और मेरी जरूरत हुई तो मैं तैयार हूं। कोच आते जाते रहते हैं लेकिन टीम को छोड़ना कठिन था।

**कयास** | टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के हाथों सूपड़ा साफ होने के बाद वीवीएस लक्ष्मण से हुई थी बात

# क्या बीसीसीआई ने तलाशा था गंभीर का विकल्प ?

जयपुर, एजेंसी



वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के कोच के तौर पर आईसीसी और एसीसी ट्रॉफी जीत चुके गौतम गंभीर का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है, लेकिन शीर्ष टीमों के खिलाफ दस टेस्ट में मिली हार के बाद पारंपरिक प्रारूप के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। समझा जाता है कि पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज हारने के बाद क्रिकेट बोर्ड में शीर्ष पदस्थ किसी शख्स ने अनौपचारिक तौर पर वीवीएस लक्ष्मण से पूछा था कि क्या वह टेस्ट टीम के कोच बनने के इच्छुक हैं।

लक्ष्मण हालांकि बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में क्रिकेट प्रमुख बने रहने में ही खुश हैं। गंभीर का बीसीसीआई के साथ करार 2027 वनडे विश्व कप तक है लेकिन ऐसी संभावना है कि इस पर पुनर्विचार किया जाये। यह पांच सप्ताह बाद शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। समझा जाता है कि बीसीसीआई के गलियारों में इसे लेकर अभी भी दुविधा है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025 . 27 सत्र के बाकी नौ टेस्ट के लिये क्या गंभीर को ही कोच बनाये रखना उचित होगा।

भारत को श्रीलंका के खिलाफ अगस्त 26 में दो टेस्ट खेलने हैं जबकि अक्टूबर में न्यूजीलैंड दौरा करना है। इसके बाद आस्ट्रेलियाई टीम जनवरी फरवरी 2027 में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलने आएगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा बीसीसीआई हुक्मरानों का गंभीर को पूरा समर्थन हासिल है। भारतीय टीम अगर टी20 विश्व कप बरकरार रखती है या फाइनल में भी पहुंचती है तो वह पद पर बने रहेंगे। यह देखना रोचक होगा कि क्या वह टेस्ट प्रारूप में भी कोच बने रहते हैं। उन्होंने कहा उन्हें इस बात का फायदा है कि टेस्ट क्रिकेट में कोचिंग के लिए अधिक विकल्प नहीं हैं। वीवीएस लक्ष्मण कोच बनने के इच्छुक नहीं हैं।

भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गंभीर के दौर में कई खिलाड़ी उस तरह से सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं, जैसे राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में करते थे जब सभी की भूमिकायें तय थी। द्रविड़ के तीन साल के कार्यकाल में खिलाड़ियों को अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए भी लंबा समय मिला था।

### शुभमन गिल जैसा हाल हो सकता है किसी का भी



टी20 विश्व कप टीम से शुभमन गिल को बाहर किए जाने के फैसले पर गंभीर की छाप थी और कई खिलाड़ियों का मानना है कि अगर भारतीय क्रिकेट के अगले ‘पोस्टर ब्वॉय’ का यह हाल हो सकता है तो बाहर होने वालों में अगला नाम किसी का भी हो सकता है। टी20 विश्व कप के बाद दो महीने इंडियन प्रीमियर लीग के होंगे और बीसीसीआई के पास अलग–अलग प्रारूप के लिए अलग कोच या तीनों प्रारूपों के लिए एक ही कोच पर विचार करने के लिए काफी समय होगा।